सूर्योदय 5:33 सूर्यास्त 7:02

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14.8 न्यू | 24.3 अधि |
| धर्मशाला | 21.0 न्यू | 28.8 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72664.47 |
| निफ्टी | 22055.20 |
| सोना | 71,040 |
| चांदी | 87,700 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

www.anantgyaan.in




परस्पर हितों से तय होंगे रिश्ते: जयशंकर

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 11 मई, 2024 | 29 बैशाख, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 143, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र अपील: उज्ज्वल भारत के लिए मतदान का फर्ज निभाएं

**आज का मैच**

कोलकाता नाइट राइडर्स vs मुंबई इंडियंस

समय: रात 7:30 बजे (कोलकाता)

# केजरीवाल की तिहाड़ जेल से सशर्त रिहाई

## सुप्रीम कोर्ट ने पहली जून तक दी अंतरिम जमानत, चुनाव प्रचार पर कोई पाबंदी नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शुक्रवार को पहली जून तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी। उन्हें 2 जून को हर हाल में सरेंडर करने को कहा गया है। हालांकि, उनके वकील ने 4 जून तक की रिहाई का अनुरोध किया था।

केजरीवाल एक अप्रैल से तिहाड़ जेल में बंद रहे। जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा, ''अगस्त 2022 में ईडी ने केस दर्ज किया। उन्हें मार्च (2024) में गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी बाद में या पहले हो सकती थी। 22 दिन इधर या उधर से कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए।'' गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर बहस अगले सप्ताह जारी रहेगी।



### केजरीवाल ने कहा-सुप्रीम कोर्ट का शुक्रिया

**सुप्रीम** कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद अरविंद केजरीवाल शुक्रवार शाम करीब 6.55 बजे दिल्ली की तिहाड़ जेल से बाहर आ गए। जेल से निकलकर केजरीवाल सीधे घर के लिए निकले, इस बीच रास्ते में उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, ''हनुमानजी के आशीर्वाद से मैं आज आप लोगों के बीच में हूं। मैं सब लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। देश के करोड़ों लोगों ने अपनी दुआएं, अपना आशीर्वाद मुझे दिया। मैं सुप्रीम कोर्ट का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं, जिनकी वजह से मैं आपके बीच हूं। आप लोगों से सिर्फ एक ही बात कहना चाहता हूं कि हम सबको मिलकर देश को तानाशाही से बचाना है। देश के 140 करोड़ लोगों को मिलकर तानाशाही से लड़ना होगा।''

### रिहाई की शर्तें

- शराब नीति केस में वह खुद की भूमिका पर कोई बयान नहीं देंगे।
- मुख्यमंत्री ऑफिस और दिल्ली सचिवालय नहीं जाएंगे।
- सरकारी कामकाज में वह न तो दखल देंगे और न ही किसी फाइल पर हस्ताक्षर करेंगे।
- शराब नीति केस से जुड़े किसी भी गवाह से वह नहीं मिलेंगे और न ही इस केस के बारे में बात करेंगे।

### केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी की 5 दलीलें, जिससे मिली अंतरिम जमानत

1. सेक्शन 50 के तहत ईडी ने जो सबूत रिकॉर्ड किए हैं, उनमें अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कुछ नहीं है। उनकी गिरफ्तारी गैरकानूनी है।
2. केजरीवाल के खिलाफ सबूतों के मजबूत आधार नजर नहीं आ रहे हैं। सिर्फ शक के आधार पर गिरफ्तारी सही नहीं है।
3. ईडी ने केजरीवाल को नौ समन भेजे थे, सभी का जवाब दिया था। ईडी के समक्ष पेश न होना गिरफ्तारी का आधार नहीं हो सकता।
4. 'आप' को आरोपी बनाने का मतलब यह नहीं कि केजरीवाल की गिरफ्तारी हो। किसी मामले में कंपनी का नाम होने से एम डी को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता।
5. ईडी ने जिसे गवाह बनाया, उसके नौ बयानों को नजरंदाज कर दिया गया, जिसमें केजरीवाल का जिक्र तक नहीं था, जबकि 10वें बयान को आधार बनाया। यह गलत है।

### दिल्ली शराब घोटाले में 7वीं चार्जशीट दाखिल

**आबकारी** घोटाले में ईडी ने कोर्ट में 7वीं चार्जशीट दाखिल की। इसमें एक मुख्य और 6 सप्लीमेंट्री हैं। ईडी ने 224 पेज का ऑपरेटिव पार्ट कोर्ट में फाइलिंग काउंटर पर जमा कराया। अब 13 मई को कोर्ट इस चार्जशीट पर सुनवाई करेगा। चार्जशीट आज सिर्फ के. कविता और कुछ अन्य के खिलाफ दाखिल हुई है। ईडी के वकीलों ने बताया कि के. कविता और एक कंपनी के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी पर ईडी ने कुछ भी जवाब नहीं दिया है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### कारगिल में भूकंप से डोली धरती, 4.3 मापी गई तीव्रता

**कारगिल।** जम्मू-कश्मीर के कारगिल में शुक्रवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। इससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.3 मापी गई। फिलहाल इस भूकंप से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए।

### के. कविता की जमानत याचिका पर ईडी को हाईकोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला के मनी लॉन्ड्रिंग मामले की आरोपी और बीआरएस नेता के. कविता की जमानत याचिका पर सुनवाई की। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की बेंच ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर 24 मई तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई 24 मई को ही होगी। कविता ने राऊज एवेन्यू कोर्ट के नियमित जमानत याचिका खारिज करने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। ईडी ने कविता को 15 मार्च को हैदराबाद से गिरफ्तार किया था।

### सोमवार को होगा हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर फैसला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उस याचिका का निपटारा कर दिया है, जिसमें हेमंत सोरेन ने अपील की थी कि चुनाव प्रचार के लिए उन्हें जमानत दी जाए। हेमंत सोरेन ने मांग की थी कि हाईकोर्ट की जगह सुप्रीम कोर्ट उनकी याचिका पर आदेश जारी करे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अब हाईकोर्ट आपकी याचिका पर फैसला सुना चुका है, इसलिए यह अर्जी प्रभावहीन हो गई है। हालांकि, अदालत ने कहा कि गिरफ्तारी को अवैध बताने वाली याचिका पर सोमवार (13 मई) को सुनवाई करेंगे।

### हवाला कारोबारी के घर से 30 लाख से ज्यादा की नकदी जब्त

**भोपाल।** भोपाल के अशोका गार्डन स्थित पंथ नगर में वीरवार देर रात व्यापारी कैलाश खत्री के घर पर पुलिस ने दबिश दी। कार्रवाई के दौरान करीब 30 लाख रुपए से ज्यादा कैश मिला है। पुलिस के मुताबिक, कैलाश हवाला कारोबार से जुड़ा है। उसकी निशानदेही पर तीन अन्य लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। पंथ नगर निवासी कैलाश खत्री 2006 से मनी एक्सचेंज का काम कर रहे हैं।

## अनंत व्यंग्य




# कांग्रेस नेता रहते भारत में, दिल पाकिस्तान में : अनुराग

## कहा-पाकिस्तान के नेता भारत में कांग्रेस सरकार बनाने की पैरवी कर रहे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस नेता रहते भारत में हैं, लेकिन उनका दिल पाकिस्तान में है। कांग्रेस के नेता आए दिन पाकिस्तान के समर्थन में बयानबाजी करते हैं और वहां पाकिस्तान के नेता भारत में कांग्रेस सरकार बनाने की पैरवी करते हैं। आखिर कांग्रेस और पाकिस्तान में इस प्रेम का क्या कारण है?

अनुराग ने ये बातें आज सुजानपुर व बड़सर विधानसभा में होने वाले उप चुनावों के प्रत्याशियों के नामांकन के बाद मीडिया कर्मियों से बातचीत में कही जहां उन्होंने अन्य मुद्दों पर कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों को जमकर घेरा। कांग्रेस नेता चाहे जितना पाकिस्तान की तारीफ में कासिदे पढ़ लें, लेकिन आज पाकिस्तान की हैसियत भारत को डराने की नहीं है। अब भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार है, जो दुश्मनों को घर में घुसकर मारने की हिम्मत रखती है। देश का भरोसा मोदी पर है और पाकिस्तान कांग्रेस के इस गठजोड़ को जनता चुनावों में विपक्षी गठबंधन को नकार कर इन्हें सबक सिखाएगी।



बड़सर में समर्थकों के साथ केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर व अन्य।

### फूड सेफ्टी विभाग ने भरे सैंपल, जांच के लिए हरियाणा भेजे

# बिलासपुर में मसाला फैक्टरियों पर छापामारी

**शुभम राही, बिलासपुर**

हांगकांग और सिंगापुर में भारत के नामी एमडीएच मसालों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्रतिबंध लगाने का मुख्य कारण इन मसालों में कार्सिनोजेन एथिलीन ऑक्साइड पाया जाना और इस ऑक्साइड से कैंसर होने का खतरा है।

ऐसे में एफएसएसआई ने भी पूरे भारत में एमडीएच व अन्य नामी कंपनियों के मसालों की जांच करना शुरू कर दी है। इसी कड़ी में हिमाचल प्रदेश में भी मसालों की जांच शुरू हो गई है, जिसमें एमडीएच और अन्य लोकल कंपनियों द्वारा तैयार किए जा रहे मसालों की सैंपलिंग की जा रही है।



इन सैंपलों को हरियाणा की लैब में जांच के लिए भेजा जा रहा है।

प्रदेश के बिलासपुर जिला की बात करें तो यहां पर फूड सेफ्टी विभाग की ओर से जिला के तलवाड़, पपलाह और बिलासपुर शहर की मुख्य मसाला कंपनियों में छापामारी की गई है, जिसमें विभाग की टीम ने एमडीएच और लोकल मसाला कंपनियों से गर्म मसाले, किचन किंग, पाव भाजी, धनिया पाउडर, रेड चिल्ली मसाला सहित हल्दी के सैंपल जांच के लिए भरे हैं।



> हांगकांग और सिंगापुर में देश की नामी मसाला कंपनियों के मसालों में कार्सिनोजेन एथिलीन ऑक्साइड पाया गया है। ऐसे में एफएसएसआई की ओर से आदेश जारी हुए हैं और यहां पर भी इन मसालों के सैंपल भरे जा रहे हैं।
>
> **–महेश कश्यप, सहायक आयुक्त फूड सेफ्टी विभाग बिलासपुर**

# महिला पहलवानों के यौन शोषण मामले में बृजभूषण पर आरोप तय, चलेगा मुकदमा

**एजेंसी, लखनऊ**



भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष व कैसरगंज से बहुचर्चित भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों के मामले में दिल्ली की एमपी-एमएलए कोर्ट ने आरोप तय कर दिए हैं।

राउज एवेन्यू जिला न्यायालय में अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत ने पांच महिला पहलवानों के आरोपों को सही पाते हुए डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और सह आरोपी सहायक सचिव विनोद तोमर पर आरोप गठित करने का आदेश दिया।

# चुनाव आयोग की सर्वे की टीम के साथ मारपीट

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता थाना क्षेत्र के सुन्हाणी में चुनाव आयोग की सर्वे टीम के साथ एक कार चालक ने मारपीट की। आरोपी चालक का सर्वे टीम के कार चालक के साथ पहले लापरवाही से वाहन चलाने को लेकर विवाद हुआ। जब सर्वे टीम के सदस्य कार से उतरे तो चालक ने उनके साथ मारपीट की।

शिकायत में ड्राइवर सुनील दत्त निवासी गांव डोलधार डाकघर मोवी देवी गलू, तहसील सुंदरनगर मंडी ने बताया है कि वह सर्वे टीम को ऊना लेकर जा रहा था। एक अन्य कार भी साथ में थी। उसमें भी सर्वे टीम के सदस्य थे। जब झंडूता के सुन्हाणी पुल के पास पहुंचे तो सामने से आ रही एक कार ने उन्हें एकदम से कट मारा। इस पर उन्होंने कार को रोक दिया।

वहीं सामने वाली कार का चालक वहां खड़ा होकर गाली-गलौज करने लगा। सर्वे टीम के सदस्य भी कारों से बाहर निकल गए। इसी दौरान सामने से आ रही कार चालक से बहसबाजी हो गई। इतने में उसने सर्वे टीम के सदस्यों के साथ मारपीट करना शुरू कर दी। डीएसपी मुख्यालय मदन धीमान ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### अब मणिशंकर अय्यर का विवादित बयान

# 'पाकिस्तान को सम्मान दे भारत'

**एजेंसी, नई दिल्ली**



विरासत टैक्स और भारतीयों को लेकर रंगभेदी टिप्पणी करने वाले इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बाद अब कांग्रेस के एक और नेता का विवादित बयान सामने आया है।

पार्टी के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने पाकिस्तान को लेकर एक बयान दिया है। अय्यर ने एक इंटरव्यू में कहा कि भारत को पाकिस्तान की इज्जत करनी चाहिए क्योंकि पड़ोसी मुल्क के पास परमाणु बम हैं। अगर हम उन्हें इज्जत नहीं देंगे तो वे भारत पर परमाणु हमला करने की सोच सकते हैं। अगर हम उनकी इज्जत करेंगे तो वे शांत बने रहेंगे।

# ईरान के कब्जे वाले जहाज से पांच भारतीय रिहा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इसरायल से जुड़े हुए जहाज एमएसजी एरीज को ईरान ने अपने कब्जे में ले लिया था। ईरानी कमांडों के जरिए कब्जे में लिए जाने के एक महीने बाद जहाज पर सवार पांच भारतीय नागरिकों को रिहा कर दिया गया है। भारतीयों का रिहा होना भारत के लिए बड़ी कूटनीतिक जीत के तौर पर देखा जा रहा है। ईरान में मौजूद भारतीय दूतावास ने भारतीयों की रिहाई की जानकारी दी और ईरानी अधिकारियों को धन्यवाद भी कहा है।

दरअसल, इसराइल पर हमले से पहले ईरान ने भारत आ रहे पुर्तगाल के झंडे वाले एक जहाज को ओमान की खाड़ी में होर्मुज पास से अपने कब्जे में ले लिया था। इस पर 25 क्रू मेंबर मौजूद थे, जिनमें 17 भारतीय और दो पाकिस्तानी थे।

यह शिप इसराइली अरबपति की एक कंपनी का था। बचे हुए 11 भारतीय अब भी ईरान की कैद में हैं। इससे पहले 18 अप्रैल को एक भारतीय महिला कैडेट एन टेसा जोसेफ को रिहा किया गया था।

# चुनाव आयोग ने मल्लिकार्जुन खड़गे को लगाई फटकार

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को कड़ी फटकार लगाई है। अब तक तीन चरणों के लिए हुए मतदान का डेटा जारी करने को लेकर खड़गे ने आरोप लगाए थे।

उनके इसी पत्र को लेकर चुनाव आयोग ने कहा कि खड़गे के बयान से निष्पक्ष चुनाव में बाधा आती है। चुनाव आयोग ने कहा कि चुनाव के बीच वह भ्रम फैला रहे हैं और ऐसे बयानों से मतदाताओं की भागीदारी पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

# छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में 12 नक्सली ढेर

**एजेंसी, बीजापुर**

छत्तीसगढ़ के गंगालूर थाना क्षेत्र अंतर्गत पीडिया के जंगल में नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में सुरक्षाबल जवानों ने 12 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। इन नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं।

मौके पर कई बड़े नक्सली मौजूद हैं, जिन्हें सुरक्षाबलों ने घेर लिया है। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने इसकी पुष्टि की है। सुरक्षाबलों को पीडिया के जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसमें हार्डकोर नक्सली कमांडर लिंगा, पापाराव सहित बड़े कैडर्स के नक्सलियों की इस कमेटी में डीकेएसजेड, डीव्हीसीएम एवं एसीएम कैडर के बड़े नक्सली लीडरों के शामिल होने की जानकारी थी।

इस जानकारी पर तीन जिलों दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा के सुरक्षा बल संयुक्त अभियान पर निकले और मुठभेड़ के बीच अब तक 12 नक्सलियों को ढेर कर दिया है।

**लापरवाही** रिहायशी इलाकों और किसानों की उपजाऊ भूमि को पानी के तेज बहाव से पहुंचा नुकसान

# बिजली प्रोजेक्ट की सुरंग में रिसाव से मुल्थान में बाढ़

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

हिमाचल प्रदेश की मंडी-कांगड़ा सीमा पर स्थित 25 मेगावाट जलविद्युत परियोजना की एचआरडी टनल (पेन स्टॉक) में पानी के रिसाव से मुल्थान गांव और बाजार में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। क्षेत्र में भारी नुकसान की सूचना है।

रिहायशी इलाकों और किसानों की उपजाऊ भूमि को पानी के तेज बहाव से क्षति हुई है। प्रोजेक्ट के साथ लगते क्षेत्रों में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है। राहत और बचाव कार्य के लिए पुलिस प्रशासन, राजस्व विभाग के साथ पन विद्युत परियोजना के कई अधिकारी और कर्मचारी डटे हुए हैं, लेकिन अभी हालात बिगड़े हुए हैं।



नुकसान का जायजा लेते विधायक किशोरी लाल, साथ हैं अन्य।

दक्षिण की एक निजी कंपनी के इस प्रोजेक्ट में पिछले साल भी एचआरडी टनल में रिसाव हुआ था, उस दौरान भी परियोजना प्रबंधन और आसपास के लोगों को नुकसान उठाना पड़ा था। शुक्रवार सुबह फिर 800 मीटर टनल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त होने से अब मुल्थान गांव और बाजार में जलमग्न हो गए हैं। लबांडग 25 मेगावाट विद्युत प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य 2003 तीन में शुरू हुआ था।

इसी साल फरवरी माह में विद्युत उत्पादन शुरू होने के बाद पेन स्टॉक फट जाने से अब विद्युत उत्पादन ठप हो गया है।

परियोजना के प्रोजेक्ट मैनेजर देवी सिंह चौहान ने बताया कि टनल से पानी के अचानक रिसाव हो जाने से विद्युत उत्पादन रोकना पड़ा है। **(अनंत ज्ञान)**

### प्रोजेक्ट में पिछले साल भी एचआरडी टनल में रिसाव हुआ था

### सरकार करेगी यथासंभव सहायता : विधायक

मुल्थान में नुकसान का जायजा लेने के लिए मुख्य संसदीय सचिव एवं बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र से विधायक किशोरी लाल मौके पर पहुंचे। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को नुकसान व पाइप लाइन को सही करने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो भी नुकसान इलाका बासीयों मुल्थान बाजार के व्यापारी वर्ग का हुआ है, उसकी यथासम्भव सरकार सहायता करेगी। इस लापरवाही की जिम्मेदारी प्रोजेक्ट प्रबंधन की है। उनके विरुद्ध जल्द ही कानूनी कार्रवाही की जाएगी।

# चारधाम यात्रा शुरू, केदारनाथ के बाद खुले गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट

**एजेंसी, देहरादून**

अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर शुक्रवार को केदारनाथ धाम के कपाट खोल दिए गए, जिसके बाद चारधाम यात्रा का शुभारंभ हो गया। केदारनाथ के बाद गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट भी खोल दिए गए। इसके लिए तीनों धामों को भव्य रूप से सजाया गया।

सबसे पहले सुबह सात बजे केदारनाथ धाम के कपाट देश-विदेश के भक्तों के दर्शनार्थ खोले दिए गए। केदारनाथ के कपाट खुलने के समय उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी धाम में मौजूद रहे। केदारनाथ मंदिर को 40 क्विंटल फूलों से सजाया गया।




हजारों श्रद्धालु इसके साक्षी बने। इस दौरान श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। कपाट खुलने के बाद धाम में पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से की गई। 12 मई को बदरीनाथ धाम के कपाट भी तीर्थयात्रियों के लिए खोल दिए जाएंगे।






## प्रिय पाठकों के लिए

### वोट के लिए आपके मन की बात



**लोकसभा** चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

आप अपनी राय हमें ई-मेल : editoranantgyaan @gmail.com पर भेज सकते हैं।
यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबर: 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।

## चुनावी चुटकी


### राजा बाबू सुपरहिट



**मंडी** में राजा बाबू की फिल्म सुपर हिट चल रही है। सुना है लाखों की भीड़ उमड़ रही है। टिकट भी हाथों हाथ बिक रही है। हजारों तो उनकी फिल्म की ब्रांडिंग कर रहे हैं। अब राजा बाबू तो राजा बाबू ठहरे, उनका कोई क्या मुकाबला करेगा। फिल्म की लॉन्चिंग से सेरी मंच भी हिला है। सेरी मंच पर खूब चर्चा हो रही है। एक फिल्म और भी चल रही है, उसको धक्का भी लगाया जा रहा, लेकिन पहाड़ है वहां हाँफ रही है। इस फिल्म में कलाकार अच्छे हैं, निर्देशक मंडल गलत हो गया है। फिल्म की शूटिंग भी हिमाचल में हो रही है। यहां बीएमडब्ल्यू पहाड़ों पर नहीं दौड़ सकती। बीएमडब्ल्यू क्यों सीन में दिखा दी। यहां राजा बाबू की घोड़ागाड़ी बीएमडब्ल्यू से तेज रफ्तार पकड़ लेती है। क्या निदेशकों को मालूम नहीं था यहां कौन सी गाड़ी दौड़ती है। रौनकी ताऊ भी चालाक लोमड़ी से कम नहीं है। कल ही ताऊ लंगड़ी का शिकार हुए निदेशक की फिल्म देखने कतार में थे, लेकिन अब आज राजा बाबू फिल्म देखने पूरे परिवार संग पहुंच गए। ताऊ का भी तजुर्बा पुराना है, राजा बाबू का तो उनका बेटा बहुत दीवाना है। अब सुपर हिट देख ली तो फ्लॉप शो में क्यों जाना है। ताऊ को किसी ने माहौल समझाया है, आने वाला वक्त किसका होगा यह भी बताया है।

–राजेश शर्मा

### कमजोर का लंगड़ी दांव



**हमीरपुर** संसदीय क्षेत्र में कमजोर पहलवान और ताकतवर पहलवान के बीच मुकाबले की चर्चा हो रही है। सीएम और पीएम का नारा भी बोला जा रहा है। समझ नहीं आ रहा है कि कमजोर किसे कहा जा रहा है और ताकतवर कौन है। आज एक का नामांकन भी था, और अगर कमजोर का था तो गलत होगा उसे कमज़ोर कहना। अगर ताकतवर का था तो उसे इतना भी ताकतवर नहीं बोला जा सकता। अभी तक मंडी में जो सैलाब था उसके आगे ये फीका ही है। अब इससे कमजोर और ताकतवर को लेकर फैसला नहीं हो सकता। अभी दांव क्या हैं, कई बार लंगड़ी से कमजोर हो ताकतवर को गिरा देता है। अब कमजोर क्यों उतारा यह भी सवाल है। कहीं सब फिक्स जैसा तो नहीं है। भाषण भी फिक्स जैसे मिक्स हैं। खूब वायरल भी हो रहे हैं। कमजोर कमजोर बोलकर कहीं सिंहासन न हिला लेना। रौनकी ताऊ की मानें तो दिल्ली में पहलवानों का टेस्ट होता है। अब दिल्ली में मैच किसने फिक्स कराया होगा। यह पहलवान देखने को कमजोर भले हो, लेकिन पहाड़ में लंगड़ी का दांव बहुत फेमस है। लंगड़ी दांव कमजोर ने चला दिया तो नामी को भी जमीन सूंघा देगा।

# अनुराग ने भरी हुंकार, एक वोट मुझे और दूसरा राजेंद्र राणा को दें

## ढोल-नगाड़ों की थाप पर राणा ने सुजानपुर और लखनपाल ने बड़सर में किया शक्ति प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में जब यहां से जीत की हैट्रिक जमा चुके पूर्व विधायक और भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा ने नामांकन पत्र दाखिल किया, तो इससे पहले सुजानपुर के चौगान में ऐतिहासिक भीड़ जुटी। हजारों की तादाद में महिलाएं, पूर्व सैनिक, बुजुर्ग और युवा इस कार्यक्रम का हिस्सा बने और उन्होंने हाथ उठाकर यह संकल्प लिया कि राजेंद्र राणा को भारी मतों से विजयी बनाकर सुजानपुर में न केवल जीत का नया इतिहास रचा जाएगा, बल्कि हिमाचल प्रदेश में एक जून को डबल इंजन की सरकार के लिए लोग खुलकर वोट करेंगे।

इस कार्यक्रम में पंडाल भी छोटा पड़ गया और हजारों लोग पंडाल के बाहर खड़े रहे। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने कहा कि एक जून को मतदान के दिन दो वोटिंग मशीन होंगी। एक वोट मुझे और दूसरा हिमाचल के स्वाभिमान की रक्षा करने वाले भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा के पक्ष में जाना चाहिए। उन्होंने कहा डबल इंजन की सरकार ही हिमाचल में विकास को नए आयाम दे सकती है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार ने झूठे वादे करके यहां की जनता से धोखाधड़ी की है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की चारों लोकसभा सीटें तो बीजेपी जीतेगी ही, छह उपचुनाव में भी बीजेपी जीत का छक्का लगाएगी। इस मौके पर जयराम ठाकुर ने कहा कि राजेंद्र राणा जनता से जुड़े हुए जनसेवक हैं और उन्होंने प्रभु श्रीराम का विरोध करने वाली शक्तियों को आईना दिखाने तथा हिमाचल के स्वाभिमान की खातिर अपना सर्वस्व कुर्बान कर दिया, लेकिन हिमाचल के स्वाभिमान पर आंच नहीं आने दी। इसलिए राजेंद्र राणा को भारी बहुमत से जिताकर हमने हिमाचल के स्वाभिमान की पताका फहरानी है।



सुजानपुर में जनसभा के दौरान शक्ति प्रदर्शन करते केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

राजेंद्र राणा ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस की सरकार इस समय वेंटिलेटर पर चल रही है। सुक्खू सरकार के पास 31 मई तक का समय अपनी ही पेंशन के कागजात तैयार करने का है, क्योंकि एक जून को मतदाता इस सरकार का बोरिया बिस्तर गोल करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि जो शख्स हिमाचल में 97 प्रतिशत हिंदू आबादी को हराकर प्रदेश में मुख्यमंत्री बनने के दावे कर रहा है, उसे प्रदेश के मतदाता एक जून को आईना दिखाने वाले हैं।

राजेंद्र राणा ने कहा कि वेंटिलेटर पर चल रही मित्रों की सरकार आखरी सांसें गिन रही है और एक जून को इस सरकार की विदायगी भी तय हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले 24 साल से वह सुजानपुर की जनता के दुख सुख में शामिल रहे हैं और सुजानपुर को शिखर पर ले जाना उनका एकमात्र सपना है।

### मैहरे बाजार में इंद्रदत्त लखनपाल का शक्ति प्रदर्शन

**बिझड़ी।** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल ने मैहरे एसडीएम कार्यालय में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने से पूर्व भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार और केंद्रीय युवा खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने समर्थकों के सहित मैहरे बाजार में रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस हमेशा झूठ और जातिवाद की राजनीति करती है, जबकि भारतीय जनता पार्टी देश हित और विकास के लिए राजनीति करती है। कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में लोकसभा की चार सीटों के साथ-साथ प्रदेश में 6 विधानसभा क्षेत्र, जहां पर उपचुनाव होने जा रहे हैं, उन्हें भारी मतों से जिताना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्ष विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन कर उभरा है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश की दिशा और दशा बदल कर रख दी है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को शनिवार 11 मई को नामांकन पत्र भरने के चलते हमीरपुर आने का न्योता दिया।

# अनुराग ठाकुर को चार बार मौका दिया एक बार मुझे दें : रायजादा

## कहा- जीत और हार आपके हाथ में है, यह लड़ाई सभी की

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

लोकसभा क्षेत्र हमीरपुर से कांग्रेस के प्रत्याशी सतपाल रायजादा के नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद पुलिस ग्राउंड में जनसभा आयोजित की गई, जिसमें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, पूर्व अध्यक्ष कुलदीप कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, ठाकुर रामलाल के अलावा अन्य बड़े नेता मौजूद रहे।

जनसभा को संबोधित करते हुए सतपाल रायजादा ने कहा कि मैं तो बस एक बात कहना चाहता हूं कि आज यह जो लड़ाई है वह आने वाले भविष्य की है, क्योंकि अग्निवीर जैसी योजनाओं से केंद्र में बैठी सरकार ने हमारे बच्चों का भविष्य खत्म कर दिया है। यह लड़ाई कांग्रेस पार्टी की नहीं है, यह लड़ाई आप सबकी है, बच्चों के भविष्य से जुड़ी है। अगर हमने यह लड़ाई नहीं लड़ी, तो बच्चों का भविष्य खतरे में है। इसलिए हम सबको यह लड़ाई मिलकर लड़नी पड़ेगी, क्योंकि मैं अकेला कहीं नहीं जा सकता आप सब अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों से आए हैं और अपने विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर वोट मांगेंगे वही मेरे लिए सबसे बड़ी मजबूती होगी। आप सबने यह लड़ाई लड़नी है। मैं आपसे इस मंच से यही वादा करना चाहता हूं कि जो लड़ाई हिमाचल के हितों की अनुराग ठाकुर ने नहीं लड़ी, उसे मैं लड़ूंगा।

**बोले- केंद्र ने अग्निवीर भर्ती से बच्चों का भविष्य किया खत्म**


सीएम सुक्खू, डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री, सांसद प्रतिभा सिंह के साथ सतपाल रायजादा।

अनुराग को आपदा में हिमाचल में आना चाहिए था और प्रदेश की जनता के साथ खड़ा होना चाहिए था। उन्होंने अनुराग ठाकुर से पूछा है कि एनपीएस का पैसा जो केंद्र में फंसा है उसे लाने का प्रयास करेंगे, वह नहीं करेंगे। क्या वह अग्निवीर जैसी योजनाओं को खत्म करने की बात करेंगे, वह नहीं करेंगे। जो व्यक्ति आपके भविष्य की बात नहीं कर सकता, जो व्यक्ति हिमाचल के हितों की रक्षा करने की बात नहीं कर सकता, मैं नहीं समझता उसे सांसद बनने का अधिकार है। आपने अनुराग ठाकुर को चार बार मौका दिया, एक बार मुझे मौका देकर देखें। मैं आपसे वादा करता हूं कि हिमाचल के हितों की रक्षा करूंगा और आपके साथ दिन-रात खड़ा रहूंगा। (अनंत ज्ञान)

# जयराम का तंज, 14 माह में ही फ्लॉप हो गई मुख्यमंत्री सुक्खू की फिल्म

## कहा- हमीरपुर के 3 विधायक कर गए सरकार को नमस्ते

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सीएम सुक्खू आजकल बड़े उत्साहित हैं और कह रहे हैं कि जयराम की फिल्म फ्लॉप होने वाली है। जयराम ठाकुर ने कहा कि हमने तो 5 साल का कार्यकाल पूरा किया, जबकि सुक्खू की फिल्म 14 माह में ही फ्लॉप हो गई।

शुक्रवार को धर्मशाला के कचेहरी अड्डा में जन आशीर्वाद रैली को संबोधित करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि सीएम के गृह जिला हमीरपुर के तीन विधायकों ने सरकार को नमस्ते कह दिया और अपनी राह पर चल दिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू ये सब जो हुआ है, ये सब आपकी कृपा से हुआ है, जो वार्ड का चुनाव नहीं लड़े, उन्हें कैबिनेट रैंक के साथ ओहदे देकर सचिवालय में बिठाया गया है। जयराम ने कहा कि कांग्रेस अपने कांगड़ा-चंबा के प्रत्याशी को आसमान में उड़ा रही है, जबकि हमारा प्रत्याशी पैदल चलते हुए आगे बढ़ रहा है। इस बार के लोकसभा चुनाव में कांगड़ा-चंबा से जीत ऐतिहासिक होगी, जिसमें सभी का योगदान जरूरी है।


धर्मशाला में प्रचार करते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर व अन्य पदाधिकारी।

### 6 विधायकों का सिर कलम करने का बयान निंदनीय : बिंदल



**धर्मशाला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने विधानसभा अध्यक्ष के उस बयान की कड़े शब्दों में निंदा की है, जिसमें उन्होंने कहा कि 6 विधायकों के सिरों को कलम कर दिया गया है तथा तीन नीचे पड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष यह भी बोल रहे हैं कि तीन विधायक हमारे आरे के नीचे हैं और डर से कांप रहे हैं। कांग्रेस सरकार ने अपने विधायकों का सिर कलम कर दिया तथा दोष भाजपा को दे रहे हैं। उनको बिकाऊ बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की यह अंदरूनी लड़ाई है। कांग्रेस सरकार ने चुने हुए प्रतिनिधियों के साथ अन्याय किया, उनका शोषण किया। भाजपा इस प्रकार के शब्दों की कड़ी निंदा करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने विधायकों के सिरों को कलम किया, वहीं प्रदेश की जनता को भी नहीं छोड़ा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने किसी भी वर्ग को नहीं छोड़ा।

# कांग्रेस ने किया कांगड़ा से भेदभाव: सुधीर शर्मा

## बोले- सब कुछ शिमला को ही देना है तो कांगड़ा सीट ही क्यों बनाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया है कि जब सब कुछ शिमला को देना है तो कांगड़ा सीट ही क्यों बनाई। उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू कांगड़ा से भेदभाव कर रहे हैं।

मंत्री बनाते समय भी सीएम ने कांगड़ा से भेदभाव किया और अब कांगड़ा से लोकसभा प्रत्याशी उतारने की बात आई तो कांगड़ा पर प्रत्याशी भी शिमला का थोप दिया। उन्होंने कहा कि सब कुछ शिमला को ही देना है, तो कांगड़ा सीट ही क्यों बनाई है, जब कांगड़ा के लोगों को प्रतिनिधित्व नहीं देना है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में मित्रों की सरकार चल रही है, लेकिन यह ज्यादा देर तक चलने वाली नहीं है। धर्मशाला से भेदभाव पर सुधीर शर्मा ने फिर सीएम पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि धर्मशाला के विकास को रोककर अब कांग्रेस किस मुंह वोट मांग रही है। कांग्रेस को धर्मशाला की जनता से माफी मांगनी चाहिए। सुधीर शर्मा ने कहा कि देश भर में कांग्रेस का पतन हो चुका है और प्रदेश में भी कांग्रेस सरकार ज्यादा दिन तक चलने वाली नहीं है, क्योंकि झूठी गारंटियां ही अब कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करने वाली हैं। सुधीर शर्मा ने कहा कि प्रदेश-देश में भाजपा की लहर है, लोग पीएम मोदी के विजन के कायल हैं, इसलिए केंद्र में पीएम मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने को आतुर हैं।

### लोग सरकार से तंग

**सुधीर** शर्मा ने कहा कि प्रदेश के सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू अब तक के सबसे कमजोर सीएम साबित हो रहे हैं। महज डेढ़ साल में ही कांग्रेस सरकार से लोग तंग आ चुके हैं। विधानसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस ने लोगों को ठग कर ऐसा पाप किया है, जिसका दंड जनता कांग्रेस को सत्ता से बेदखल कर देने को तैयार बैठी है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश की सभी सीटों पर प्रचंड बहुमत के साथ विजय पताका फहराएगी।

### राजेंद्र को बनाया भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी का सदस्य

**अर्की।** अर्की विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़े राजेंद्र ठाकुर को आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी का सदस्य बनाया है। राजेंद्र ठाकुर हाल ही में भाजपा में शामिल हुए थे, उन्हें अब पार्टी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजेंद्र ठाकुर ने अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह भाजपा के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी की सेवा करने के लिए तत्पर रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि वह पार्टी के विचारों और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

### विक्रमादित्य झूठ बोलने में माहिर: निहाल चंद

**मंडी।** भाजपा मंडी के जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने मंडी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह के नामांकन पत्र दाखिल करने के समय की गई रैली के बारे में कहा कि उनके नामांकन वाले दिन कांग्रेस पार्टी ने जो भीड़ इकट्ठा करने का दावा किया है, वह खोखला साबित हुआ है। क्योंकि इस रैली में विक्रमादित्य सिंह ने अधिकतर लोग शिमला ग्रामीण, शिमला शहर, अर्की विधानसभा क्षेत्र से इकट्ठा किए थे। विक्रमादित्य ने मंडी की जनता को गुमराह करने का प्रयास किया है। रैली में आए कुछ लोग मंडी लोकसभा के वोटर भी नहीं थे। भाजपा जिला अध्यक्ष निहालचंद शर्मा ने कहा कि विक्रमादित्य सिंह मंडी के बारे में कितने चिंतित हैं और मंडी रैली में जितनी भी बातें कही सभी बेबुनियाद हैं।

**जग्गी के मेयर बनने में सुधीर की रही थी अहम भूमिका**

# जिसको जिताया था, वह अब हराने के लिए डटा

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

कहते हैं प्यार और जंग में सब जायज है, तो वहीं बात राजनीति की हो तो यहां कुछ भी संभव है। यहां वफादारियां और आस्थाएं, राजनीतिक हालातों के साथ बदलती हैं। धर्मशाला की राजनीति में कभी करीबी रहे दो चेहरे आज एक-दूसरे के आमने-सामने हैं। यहां बात हो रही है भाजपा के विधानसभा प्रत्याशी सुधीर शर्मा तथा कांग्रेस के प्रत्याशी देवेंद्र जग्गी की।

साल 2015 के नगर निगम के चुनावों में पहले अढ़ाई साल देवेंद्र जग्गी, डिप्टी मेयर रहे, जबकि अगले अढ़ाई साल वह मेयर रहे। जग्गी के मेयर बनने में तत्कालीन शहरी विकास मंत्री सुधीर शर्मा का अहम रोल रहा था। राजनीतिक गलियारों की चर्चाओं की मानें तो कई पार्षदों को नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में जग्गी का समर्थन करने की सौंगध तक दी गई थी। वहीं, आज की तारीख में सुधीर शर्मा को हराने के लिए कांग्रेस ने देवेंद्र जग्गी को धर्मशाला से उतारा है। कभी काफी करीबी रहे दोनों नेता अब एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। खैर दोनों नेता इस वक्त खुद की जीत के दावों में लगे हुए हैं तथा जनसंपर्क के माध्यम से अपनी जीत को पक्का करने में जुटे हुए हैं।

यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा कि बदली हुई निष्ठाओं तथा आस्थाओं के साथ किसका पलड़ा भारी रहता है। (अनंत ज्ञान)

### त्रिकोणीय जंग से रोचक होगा मुकाबला

**भाजपा** की ओर से सुधीर शर्मा को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद भाजपा का दामन छोड़ चुके नेता राकेश चौधरी आजाद उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं तथा ऐसे में यह मुकाबला त्रिकाणीय होने के साथ काफी रोचक हो गया है। इससे चौधरी समुदाय के वोट भी बंट सकते हैं। ऐसे में त्रिकाणीय मुकाबला कोई बड़ा चुनावी फेरबदल कर सकता है। बताते चलें कि राकेश चौधरी इससे पूर्व भाजपा की टिकट पर तथा आजाद चुनाव लड़ अच्छे वोट प्राप्त कर चुके हैं।

## रिकांगपिओ में विक्रमादित्य सिंह ने किया शक्ति प्रदर्शन



**रिकांगपिओ।** मंडी संसदीय सीट से मैदान में उतरे कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह शुक्रवार का किन्नौर जिले के मुख्यालय रिकांगपिओ पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने जोरदार स्वागत किया है। इस दौरान उनके साथ प्रदेश के केबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी सहित किन्नौर कांग्रेस के प्रभारी केहर सिंह खाची भी मोजूद रहे। इस दौरान रिकांगपिओ बाजार में रोड शो निकालकर अपना शक्ति प्रदर्शन भी किया गया। रिकांगपिओ में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याक्षी विक्रमादित्य सिंह ने मंच से मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत पर भी जमकर बरसे और उन्हें केवल मंडी संसदीय क्षेत्र में शुटिंग करने मात्र की संज्ञा दी है।

**नॉमिनेशन** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में 3, सुजानपुर में 5 और बड़सर में एक ने भरा परचा

# हमीरपुर में चौथे दिन दाखिल हुए 9 नामांकन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

लोकसभा आम चुनाव-2024 और विधानसभा उपचुनाव के लिए 7 मई को शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन शुक्रवार को कुल 9 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। इनमें 2 कवरिंग उम्मीदवार भी शामिल हैं। संसदीय क्षेत्र 3-हमीरपुर के लिए कांग्रेस के प्रत्याशी सतपाल सिंह रायजादा ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

सतपाल सिंह रायजादा के बाद उनकी धर्मपत्नी अंजना देवी ने कांग्रेस की कवरिंग उम्मीदवार के रूप में पर्चा भरा। भारतीय जवान किसान पार्टी के कुलवंत सिंह ने भी हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। उधर, विधानसभा क्षेत्र 37-सुजानपुर में कांग्रेस प्रत्याशी कैप्टन रणजीत सिंह और भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा ने भी शुक्रवार को ही परचे भरे। राजेंद्र राणा के कवरिंग उम्मीदवार के रूप में उनकी धर्मपत्नी अनीता कुमारी ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया। इनके अलावा दो निर्दलीय प्रत्याशियों अनिल राणा और राजेश कुमार ने भी पर्चे भरे। विधानसभा क्षेत्र 39-बड़सर में शुक्रवार को केवल भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल ने ही नामांकन पत्र दाखिल किया।

### मंडी संसदीय क्षेत्र से अब तक 7 नामांकन दाखिल


अखिल भारतीय परिवार पार्टी से विनय कुमार ने नामांकन दर्ज करवाया।


राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी से नरेंद्र कुमार ने नामांकन दर्ज करवाया।

**मंडी।** मंडी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव के लिए 10 मई तक कुल 7 नामांकन पत्र दाखिल किए जा चुके हैं। शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल करने के चौथे दिन 2 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। यह जानकारी निर्वाचन अधिकारी मंडी संसदीय क्षेत्र, अपूर्व देवगन ने दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को नरेंद्र कुमार, आयु 54 वर्ष, पुत्र आजाद सिंह, गांव व डाकघर टिक्कर, तहसील बल्ह, जिला मंडी ने राष्ट्रीय देव भूमि पार्टी की ओर से, जबकि विनय कुमार, आयु 42 वर्ष, पुत्र धर्म चंद, गांव व डाकघर सिरडी, तहसील भरमौर, जिला चंबा ने अखिल भारतीय परिवार पार्टी के रूप में अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया है।

मतदान का संदेश




मंडी : जागरूकता कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चे, ग्रामीण और स्वीप टीम के सदस्य सामूहिक चित्र में।

जागरूकता अभियान




सुंदरनगर : पधर में स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली निकालते हुए बच्चे।

# डॉ. राजीव भारद्वाज ने कांगड़ा संसदीय सीट से भरा नामांकन

## पुलिस मैदान में काफी तादाद में जुटे भाजपा कार्यकर्ता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा मुख्यालय धर्मशाला में कांगड़ा-चंबा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने शुक्रवार को जिलाधीश कांगड़ा एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा के कार्यालय में पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया।

इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, संसदीय क्षेत्र के प्रभारी विपिन परमार व कांगड़ा के विधायक पवन काजल भी उनके साथ रहे। पत्रकारों से वार्ता दौरान राजीव भारद्वाज ने कहा कि नरेंद्र मोदी व भाजपा के लिए जनमानस के चेहरे पर तेज साफ देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि संसदीय क्षेत्र की जनता ने यह निर्णय कर लिया है कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनें। उन्होंने कहा कि चंबा पिछड़े क्षेत्रों में शुमार था परंतु अब नहीं है, अब यह आकांक्षी जिला है। उन्होंने कहा कि इसके लिए वह नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हैं।

उन्होंने कहा कि जिला चंबा को शिक्षा, स्वास्थ्य व विकास सहित जो-जो सुविधाएं मिलनी चाहिए थीं वे मिली है तथा जो कमी रही है उसे आने वाले समय में पूरा किया जाएगा। कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के ब्यानों को लेकर उन्होंने कहा कि मैं जमीन से जुड़ा हुआ नेता हूं तथा वह हवा में उड़ने वाले कार्यकर्ता हैं।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी को नामांकन की फाइल सौंपते डॉ. राजीव भारद्वाज।

### 5.63 करोड़ है राजीव भारद्वाज की कुल संपत्ति, 4 लाख का कर्ज

**कांगड़ा** संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज के नामांकन के दौरान दिए गए एफिडेविट के अनुसार उनके एसबीआई जसूर में एक खाते में 58384 रुपए, पीएनबी छतरोली में खाते में 234057 रुपए, एचडीएफसी जसूर में खाते में 116960 रुपए, केसीसीबी जसूर के खाते में 426994, बैंक ऑफ बड़ोदा धर्मशाला में खाते में 5734 तथा 518 रुपए, बचत खाते में 7126, 160000 की आरडी, 5 लाख रुपए की एलआईसी पॉलिसी, 2 लाख रुपए की लागत की एक हुंडई की कार, 70000 रुपए की लागत की एक सोने की अंगुठी, 70000 रुपएकी लागत की सोने की चेन समेत 14,09,773 लाख रुपए की जमा नकदी व जेवर तथा 5 लाख रुपए की इंश्योरेंस पॉलिसी है। उनकी पत्नी के पास 14,14,113 रुपए की कुल जमा नकदी व जेवर तथा 5 लाख रुपए की इंश्योरेंस पॉलिसी है। इसके अलावा उनके पास पुश्तैनी समेत करीब 5.49 करोड़ रुपए की जमीन भी है। इसके अलावा उन्होंने 424821 रुपए का लोन भी केसीसीबी बैंक से लिया है।

# आपका वोट तय करेगा कि लोकतंत्र की ताकत जनबल है धनबल नहीं : सुक्खू

## कहा, हमीरपुर के लोग मेरी ताकत, आपका विश्वास ही मेरी प्रेरणा

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

पुलिस ग्राउंड में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जब लोग जनता की भावनाओं को खरीदकर सत्ता की कुर्सी हथियाना चाहते हैं। जब नोट के दम से आपके वोट के दम से वे सरकार नहीं बना सकते तो पैसे के दम से सत्ता की कुर्सी हथियाना चाहते हैं तो क्या इस बार लोकसभा के चुनावों में जनता ऐसे लोगों का साथ देगी।



उन्होंने कहा कि यह चुनाव साधारण चुनाव नहीं है आपका एक वोट तय करेगा कि बिकने वाली राजनीति बंद होनी चाहिए। इसलिए आपका वोट तय करेगा कि लोकतंत्र की ताकत जनबल है धनबल नहीं। उन्होंने कहा कि साढ़े तीन साल हिमाचल में कांग्रेस की सरकार है और लोकसभा, विधानसभा उपचुनाव के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करें, हम हिमाचल की तस्वीर बदल कर रख देंगे।

इस बार का चुनाव सत्य और असत्य, ईमानदारी और बेइमानी के बीच का चुनाव है और मेरे जिले के तीन विधायक छोड़कर चले गए, मेरे ही जिले के तीन विधायक राजनीतिक मंडी में बिके जिसकी मैं कभी कल्पना भी नहीं कर सकता था। वे बिके सरेआम बिके, लेकिन जनता की भावनाओं के खिलवाड़ करके हिमाचल की जनता के साथ धोखा किया है। इन गद्दारों को कभी माफ नहीं करना। यह चुनाव कोई मेरा नहीं, यह चुनाव भविष्य की राजनीति की दिशा और दशा तय करेगा कि क्या हम उस बिकाउ राजनीति को जहां चुनावों से कुछ लोग पैसा लेकर आजाद उम्मीदवार बनकर और पार्टी के टिकट पर विधायक बनते हैं। हमीरपुर के तीन विधायक, ऊना के दो और देहरा का विधायक कभी मेरे पास जनता की सेवा के लिए नहीं आए।

इस क्षेत्र के विधायक के बारे में आरटीआई ले लीजिए विधायक बनने के बाद 100 करोड़ रुपए के ठेके लिए और जनता की सेवा में नहीं आया और कहता रहा कि कभी एसई को तो कभी एक्सईएन को फोन कर दो। वह आजाद विधायक था वह बिका उसका कोई गम नहीं है उससे खनन के नाम पर सारी खड्डें खाली कर दीं। सुजानपुर का विधायक 2014 में कांग्रेस पार्टी में आया भाजपा का मीडिया एडवाइजर राजेंद्र राणा धूमल साहब की गाड़ी चलाता था। पहले धूमल साहब की पीठ में छुरा घोंप कर आजाद उम्मीदवार लड़ा, उसके बाद कांग्रेस पार्टी में शामिल हुआ और कांग्रेस पार्टी से लोकसभा का टिकट लिया।

सिद्धांतों की राजनीति करने वाले ने सौदा यह किया मैं लोकसभा चुनाव लड़ने को तैयार हूं और अनुराग ठाकुर को हराउंगा। बड़सर के विधायक कह रहे थे कि मेरा मन नहीं लग रहा उसने भी 15 करोड़ रुपए से ज्यादा पैसे लिए हैं, जांच चल रही है जल्द ही सच सामने आएगा। (अनंत ज्ञान)

# प्रदेशभर में चौथे दिन 18 प्रत्याशियों ने भरे नामांकन पत्र

### सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के राजेंद्र राणा



**सुजानपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी की ओर से पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने नॉमिनेशन किया। शुक्रवार को पूर्व विधायक ने पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर, अपनी पत्नी अनीता राणा, बेटे अभिषेक राणा की मौजूदगी में नॉमिनेशन किया।

### सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के रणजीत सिंह राणा



**सुजानपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए एक जून को होने वाले उपचुनाव के लिए कांग्रेस के रणजीत सिंह ने भी अपना नामांकन भरा। उन्होंने निर्वाचन अधिकारी और एसडीएम डॉ. रोहित शर्मा के समक्ष अपना नामांकन भरा।

### कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के देवेंद्र भुट्टो



**बंगाणा।** कुटलैहड़ से भाजपा प्रत्याशी के रूप में देवेंद्र कुमार भुट्टो ने शुक्रवार को सुबह एसडीएम सोनू गोयल के पास नामांकन दाखिल किया। भुट्टो ने कहा कि मैं सदैव कुटलैहड़ की जनता की सेवा के लिए हर समय तत्पर रहता हूं और सदा रहूंगा।

### धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र से आजाद प्रत्याशी राकेश चौधरी



**धर्मशाला।** भाजपा छोड़ चुके राकेश चौधरी ने शुक्रवार को धर्मशाला विधानसभा सीट से आजाद प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया है। बता दें कि साल 2022 के विधानसभा चुनाव में राकेश चौधरी ने भाजपा प्रत्याशी से रूप में चुनाव लड़ा था।

### बड़सर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के इंद्रदत्त लखनपाल



**बिझड़ी।** शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल ने दलबल के साथ मैहरे एसडीएम कार्यालय में अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

### हमीरपुर संसदीय सीट से कांग्रेस के सतपाल रायजादा



**हमीरपुर।** लोकसभा हमीरपुर से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी सतपाल रायजादा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह की उपस्थिति में नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह के पास दाखिल किया।

### बड़सर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय अनिल राणा



**हमीरपुर।** दो निर्दलीय प्रत्याशियों अनिल राणा और राजेश कुमार ने भी पर्चे भरे। विधानसभा क्षेत्र 39-बड़सर में शुक्रवार को केवल भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल ने ही नामांकन पत्र दाखिल किया।

### कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विवेक शर्मा



**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा ने शुक्रवार को भारी संख्या में समर्थकों के साथ अपना नामांकन दाखिल किया। इससे पहले समूरकलां से शुरू हुई रैली के दौरान विवेक शर्मा ने अपना शक्ति प्रदर्शन किया।

### कांगड़ा संसदीय सीट से आजाद प्रत्याशी अचल सिंह



**धर्मशाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि नामांकन के चौथे दिन संसदीय क्षेत्र कांगड़ा-चंबा से अचल सिंह, पुत्र त्रिलोक सिंह, गांव टिकरू, तहसील जयसिंहपुर ने आजाद प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दर्ज किया है।

# मोदी जा रहा है, हमीरपुर की तैयारी हो गई है : मुकेश अग्निहोत्री

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश में जिस तरह साजिश के तहत सरकार गिराने का षड्यंत्र रचा है उसका यह जनसमूह इस बात का जवाब दे रहा है।

उन्होंने कहा कि राजनीति के मंडी में 9 विधायक बिके, जिनमें से 6 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव हो रहा है। विधायकों की खरीद-फरोख्त की गई और कई विधायक बिक भी गए। उन्होंने कहा कि आज हिमाचल में निर्णायक चुनाव होने जा रहे हैं, क्योंकि अब विधायकों की मंडी न लगे। उन्होंने कहा कि इस बार असली लॉटरी सतपाल रायजादा की लगी है और रायजादा जीतकर लोकसभा में जाएंगे।



उन्होंने कहा कि केंद्र से मोदी जा रहा है और हमीरपुर से भी तैयारी हो गई है। उन्होंने कहा कि सतपाल रायजादा की गाड़ी सुपर फास्ट जा रही है जो अब दिल्ली में ही रुकेगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी वाले प्यारी बहना योजना को रोकने के लिए कोर्ट गए थे, लेकिन कोर्ट ने फार्म लेने की परमीशन दे दी है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की सभी महिलाओं को 1500 रुपए दिए जाएंगे जैसे-जैसे पैसा आएगा। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि अनुराग ठाकुर से आपदा प्रभावित राज्य घोषित करने का आग्रह किया था, लेकिन वह यह भी नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि अनुराग चार बार सांसद रहकर भी प्रदेश के लिए कुछ नहीं कर पाए, इसलिए सतपाल रायजादा को लोकसभा चुनाव में भारी मतों से विजयी बनाएं। इसके अलावा कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं लोकसभा चुनाव प्रभारी राजीव शुक्ला ने भी जनता को संबोधित किया।

# कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...



बढ़ती महंगाई के दौर में गरीब इंसान जिंदगी और मौत से लड़ता है और देश का किसान भी तपती धूप हो या कड़कती ठंड में काम करता ही रहता है। सांसद ऐसा हो जो गरीब जनता के विकास की ओर ध्यान दें और किसानों को भी राहत प्रदान करें क्योंकि किसान हर मौसम की मार को झेलता है। साथ ही प्रदेश में रोजगार के भी नए साधन स्थापित करें ताकि युवाओं को रोजगार मिल सके। **-करन भाटिया, मंडी संसदीय क्षेत्र**



देश में शिक्षा प्राप्त करके बहुत से युवा विदेश जा रहें है, क्योंकि आज का युवा देश में बढ़ती बेरोजगारी से परेशान है। साथ हिमाचल प्रदेश में शिक्षा का भी आधुनिकीकरण करना एक बहुत जरूरी विषय है। सांसद को ग्रामीण स्तर पर पुस्तकालयों का निर्माण करवाना चाहिए ताकि युवा पढ़ाई की ओर ज्यादा ध्यान दें। **-लवनीश, मंडी संसदीय क्षेत्र**



देश के साथ प्रदेश में भी शिक्षा का स्तर उच्च होना चाहिए और हर प्रकार की शिक्षा चाहे वह किसी विषय को लेकर हो या फिर मेडिकल से संबंधित हो या फिर व्यवसाय से संबंधित हो यदि शिक्षा उच्च स्तर की होगी तो निश्चित ही देश का और प्रदेश का विकास होगा। सांसद को शिक्षा के स्तर को सही बनाने मे कार्य करना चाहिए। **-अनुज्ञा शर्मा, मंडी संसदीय क्षेत्र**



हिमाचल प्रदेश छोटा राज्य होने के कारण कुछ हद तक केंद्र पर आश्रित रहता है। सांसद ऐसा हो जो हिमाचल प्रदेश में आय के नए साधन स्थापित करें। हिमाचल में आपदा से बहुत-सा नुकसान होता है सांसद को इन बातों को ध्यान में रखते हुए पूर्व में ही इसकी तैयारी कर लेनी चाहिए ताकी आपदा में लोगों को भारी समस्या का सामना न करना पड़े। **-राकेश भारद्वाज, मंडी संसदीय क्षेत्र**



हमारे सांसद ने बीते 5 वर्षों में लोकसभा क्षेत्र में विकास की कोई कमी नहीं छोड़ी है। जिसको विपक्ष भी मान रहा है। ऐसे में इस बार जनता उनको दोगने मार्जिन से जीताकर संसद भेजने के लिए तैयार हैं। प्रदेश में सिर्फ शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं निशुल्क होनी चाहिए। **-सुरेंद्र सिंह बंगाणा**



गरीबों, किसानों, मजदूरों और महिलाओं के हित की बात करने वाले, देश में सौहार्द कायम रखने वाले दल को समर्थन किया जाएगा। एक बार फिर से युवा सांसद को ही मौका दिया जाना चाहिए जो लोगों के हित में बात रखे और एजुकेशन पर फोकस करे। **-मनोहर लाल बंगाणा**




मतदान करना मेरा अधिकार है और कर्तव्य भी है। हर बार की तरह इस बार भी मतदान करने जाऊंगा और परिवार व दोस्तों को भी मतदान करने बारे जागरूक करूंगा। उसी उम्मीदवार को वोट दूंगा जो शिक्षित व स्वच्छ छवि का होने के साथ साथ समाज के हर वर्ग की अपेक्षा पर खरा उतरता हो। **-अभिनंदन घई, भुंतर**



ऐसे उम्मीदवार को वोट दूंगा जो बिना भेदभाव के सभी की मदद करता रहे। साथ ही क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दे। उम्मीदवार ऐसा हो जो विकास परक सोच वाला हो और जनता की समस्याएं दूर करे। **-सुजेंद्र बासु, जुंड़ा (लाहौल-स्पीति)**



उम्मीदवार ऐसा हो जो युवाओं, महिलाओं व समाज के गरीब तबके के लिए काम करे और सब को साथ लेकर चले और विकास की सोच के साथ सभी को साथ लेकर चले उसी को वोट दूंगा। **-तन्जिन रिगजिन रंगरिक (लाहौल-स्पीति)**



जनता को सोच समझ कर मतदान करना होगा। मेरा वोट उसी को जो ईमानदार और पारदर्शिता के साथ काम करे और युवाओं के लिए रोजगार तथा लोगों के लिए मूलभूत सुविधाएं जुटाए। **-जय प्रकाश, हालिंग ( लाहौल-स्पीति)**

# सीएम बताएं क्या उनके खूबसूरत चेहरे को देखकर जनता ने दिए वोट : कंगना



मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत का मनाली विधानसभा क्षेत्र के लरांकेलो में पहुंचने पर स्वागत करते हुए कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान, नग्गर**

मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने कहा है कि कांग्रेस को अब मेरे चेहरे से भी आपत्ति होने लगी है। शुक्रवार को मनाली विधानसभा के लरांकेलो में आयोजित नुक्कड़ जनसभा में कंगना ने जमकर निशाना साधा।

कंगना ने कांग्रेस के मंत्री जगत नेगी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि पहले कांग्रेस के नेताओं को मुझसे दिक्कत थी, लेकिन समझ नहीं आता कि अब मेरी शक्ल में इनको क्या दिक्कत हो रही है। अगर आज मैं कोई अच्छे कपड़े पहन के या पाउडर लिपस्टिक लगाकर आप लोगों को मिलना चाहती हूं, उसमें भी ये लोग आपत्ति जताते हैं।

उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू को लगता है कि उनके खूबसूरत चेहरे को देखकर जनता ने उन्हें वोट दिए हैं। कंगना रनौत ने घुड़दौड़ में आध्यात्मिक गुरु सुधांशु महाराज से मुलाकात की और नग्गर में जगती पट पर जाकर भी देवी-देवताओं का आशीर्वाद लिया। इस दौरान पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर भी कंगना के साथ मौजूद रहे।

### सड़कों की खस्ताहाल के लिए विक्रमादित्य सिंह जिम्मेदार

**कंगना** ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह को कुल्लू-मनाली की सड़कों की खस्ता हालत के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि पिछले एक साल से उनकी सुधार और खोलने के लिए काम न के बराबर हुआ है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जनता को गुमराह किया है और झूठ बोलकर सत्ता हासिल की।

## हैप्पी बर्थडे



पालमपुर के अक्षित शर्मा अपना 18वां जन्मदिन मना रहे हैं। अनंत ज्ञान की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

## कार की टक्कर में स्कूटी सवार घायल

**गगल।** जिला के पुलिस थाना गगल के तहत कार (नंबर एचपी 40एफ -0468) के अज्ञात चालक ने स्कूटी (नंबर एचपी 40ई-3252) को गलत दिशा में तेज रफ्तारी व लापरवाही से टक्कर मार दी और मौके से भाग गया। इस दुर्घटना में स्कूटी चालक संजीव कुमार निवासी ढुगियारी घायल हो गया। इस संदर्भ में पुलिस थाना गगल में मामला दर्ज हुआ है। थाना प्रभारी नारायण सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

# पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज विदेशी पर्यटकों से गुलजार

## आईपीएल मैचों के कारण हुआ ऑक्यूपेंसी में इजाफा

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज**

पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज इन दिनों विदेशी पर्यटकों से गुलजार हो गई है। धर्मशाला में आईपीएल मैच के बहाने यहां काफी पर्यटक आए हैं। एक मैच 5 मई को, जबकि दूसरा 9 मई को खेला गया। आईपीएल मैच खेलने धर्मशाला पहुंची दोनों ही टीमों में विदेशी खिलाड़ी भी शामिल थे। ऐसे में लाजिमी है कि विदेश से पर्यटक अपने चहेते खिलाड़ियों का खेल देखने धर्मशाला और मैक्लोडगंज में पहुंचे।

वैसे भी गर्मियों का मौसम है, अन्य राज्यों में जहां भीषण गर्मी पड़ रही है, वहीं धर्मशाला में मौसम सुहावना बना हुआ है। मैक्लोडगंज की तो बात को निराली है। यह भी एक कारण विदेशी मेहमानों के आने का है। उधर, होटलियर्स का कहना है कि आईपीएल मैचों के कारण आक्यूपेंसी में इजाफा हुआ है।

होटलियर्स को उम्मीद है कि 12 मई तक पर्यटकों की तादाद इसी तरह बढ़ती रहेगी और आक्यूपेंसी में भी इजाफा होगा। हालांकि चुनावों के कारण कई राज्यों के पर्यटक इस बार गर्मियों में कांगड़ा घाटी का रुख नहीं कर पाए हैं, जबकि होटलियर्स को उम्मीद है कि जल्द पर्यटकों की आमद बढ़ेगी।



पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में भ्रमण करते विदेशी मेहमान।

## मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

**ज्वालामुखी।** पुलिस थाना ज्वालामुखी में मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार ज्वालामुखी में देवेंद्र निवासी वार्ड नं.-2 तथा इसके करीब 6-7 दोस्तों ने रॉकी निवासी चक दराव खान डाकघर चान्नग्रां तहसील व जिला कठुआ (जम्मू व कश्मीर), इसकी पत्नी मीनू, सासु कमला देवी, ससुर विजय कुमार, साला गौरव व अन्य के साथ रास्ता रोककर गाली-गलौच, लड़ाई-झगड़ा व मारपीट की तथा जान से मारने की धमकिया दीं। शिकायत के आधार पर पुलिस थाना ज्वालामुखी में केस दर्ज किया गया है।

# प्रदेश में खनन अधिकारियों के आधे से ज्यादा पद रिक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश में पिछले साल की बरसात की त्रासदी के बाद फिर से बरसात आने को है, लेकिन अब भी प्रदेश के 11 में से 6 खनन जिलों में जिला खनन अधिकारियों के पद खाली हैं। अतिरिक्त कार्यभार सौंप कर व्यवस्था को चलाया जा रहा है। पिछली बरसात में प्रदेश में आई बाढ़ तथा आपदा का मुख्य कारण अवैध खनन को माना गया था तथा इसके बाद आनन-फानन में की गई कारवाई के बाद सरकारी तंत्र की गंभीरता नहीं दिखाई दी गई।

वहीं अब चुनाव होने के चलते इसमें जून माह के बाद तक नई तैनातियों की उम्मीद भी नजर नहीं आती। प्रदेश भर में पिछले एक साल से लंबे अर्से से खनन अधिकारियों के आधे से ज्यादा पद खाली पड़े हैं। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के गृह जिले हमीरपुर के अलावा प्रदेश की राजधानी शिमला में भी जिला खनन अधिकारी का पद रिक्त पड़ा है। इसके अलावा सोलन, सिरमौर, चंबा तथा खनन जिला नूरपुर में भी ये पद रिक्त पड़े हैं। कभी किसी अधिकारी के सेवानिवृत होने के बाद तो कभी किसी के तबादले के बाद प्रदेश के खनन जिलों में पद रिक्त पड़े हैं। ऐसे में साफ है कि पूरे प्रदेश के 11 खनन जिलों में अवैध खनन पूर कारवाई करना बिना अधिकारी के मुश्किल नजर आता है। प्रदेश में किन्नौर तथा लाहौल स्पिति को छोड़ कर 10 खनन जिले हैं। इसके अलावा नूरपुर भी खनन जिला है तथा ऐसे में 12 जिलों वाले प्रदेश में 2 जिलों को छोड़ कर तथा नूरपुर को खनन जिला मानते हुए यहां कुल 11 खनन जिले हैं।

इस बारे में प्रदेश के भूवैज्ञानिक अधिकारी जोन-2 संजीव शर्मा ने कहा कि रिक्त पड़े 6 खनन जिलों के एमओ के पदों को भरने के लिए सरकार को लिखा गया है तथा जिन जिलों में ये पद रिक्त पड़े हैं उनका एडिशनल चार्ज दूसरे अधिकारियों को दिया गया है।

# धर्मशाला से क्रिकेट टीमें दिल्ली रवाना

**अनंत ज्ञान, गगल।**

रॉयल चैलेंज बेंगलुरु और किंग पंजाब की दोनों टीमें आज अपने-अपने मैच खेल कर गगल एयरपोर्ट से दिल्ली को रवाना हो गई।

रॉयल चैलेंज बेंगलुरु की टीम विराट कोहली के साथ सुबह 7:30 बजे स्पाइसजेट की विमान द्वारा गगल से दिल्ली रवाना हो गई, वहीं किंग पंजाब की टीम कैप्टन सैम करन के साथ साय 4:00 बजे के करीब एलाइंस के विमान द्वारा गगल से दिल्ली रवाना हो गए।





## बाइक सवार से शराब बरामद

**नगरोटा बगवां।** पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत भौरनी में मोटरसाइकिल (नंबर एचपी 94-1592) के चालक रमन कुमार निवासी सदूं तहसील बड़ोह से 8,250 मिलिलीटर देशी शराब बरामद की गई है। इस संदर्भ में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम में पुलिस थाना नगरोटा बगवां में दर्ज किया गया है।

# नूरपुर में धूमधाम से मनाई परशुराम जयंती

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

नूरपुर में भगवान परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई। तहसील ब्राहमण सभा नूरपुर ने इस मौके पर सभा के विनय गली स्थित भवन में शांतिहवन का आयोजन किया।

सभा द्वारा इस मौके पर एंजल दिव्यांग आश्रम के संचालकों व नूरपुर ब्लड डोनर्स क्लब सहित अन्य सामाजिक संगठनों के साथ साथ शिक्षा एवं अन्य गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। सभा ने जरूरतमंद लोगों की सुविधा के लिए एंजल दिव्यांग आश्रम व नूरपुर ब्लड डोनर्स क्लब को व्हील चेयर भेंट की। समारोह की अध्यक्षता इलाके के प्रमुख शिक्षा विद एवं श्री साईं विश्व विद्यालय पालमपुर के उपकुलपति डॉ. एनएन शर्मा ने की। एनएन शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों नें भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। एनएन शर्मा ने भगवान परशुराम के जीवन के वारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम शस्त्र व शास्त्र दोनो में निपुण थे। उन्होने कहा कि हमें अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने चाहिए व समाज को नशामुक्त बनाने का प्रयास करना चाहिए। बच्चों को सोशल मीडिया का सदुपयोग करना चाहिए व माता पिता को भी अपने बच्चों पर नजर रखनी चाहिए। अध्यक्ष इंद्र शर्मा ने सभा की गतिविधियों की जानकारी दी। सभा ने इस मौके पर एनएन सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित भी किया। इससे पूर्व सुबह साढ़े चार बजे चिपडा मंदिर से भव्य प्रभातफेरी निकाली गई व सभा के भवन में हवन यज्ञ का आयोजन किया। इस मौके पर राजेंद्र मोहन शर्मा, राजेंद्र दत्त, राकेश शर्मा, सुरेश शर्मा, रजनी शर्मा, चंद्ररेखा शर्मा, मनमोहन शर्मा, कमल शर्मा, सतपाल शर्मा व मनोहर शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभा ने सामुहिक भोज का भी आयोजन किया है।



होनहार बच्चों के साथ ब्राहमण सभा नूरपुर के सदस्य।

## बेसहारा गोवंश पर आयोग का कड़ा रुख, ऐतिहासिक फैसला सुनाया

# कंपनी को गउओं के कल्याण को देने होंगे सवा 3 लाख

**दीपक पूरी, धर्मशाला**

सड़कों पर बेसहारा घूमते गोवंश तथा इसके पीछे के कारणों पर मंथन करते हुए उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग धर्मशाला ने एक नई तरह का आदेश इंश्योरेंस कंपनी को सुनाया है। इस फैसले के अनुसार सेवाओं में लापरवाही बरतने वाली कंपनी को 3,16,925

रुपए इंश्योरेंस कंपनी को पशुपालन विभाग को देने एवं पशुपालन विभाग के माध्यम से कांगड़ा जिला के किसी गोसदन को देने के आदेश दिए हैं, सरकार द्वारा दिए गए पार्ट प्रीमियम, जो की 12,67,700 था, जो की सरकार द्वारा इंश्योरेंस कंपनी को दिया जा चुका था, जिसका 25ब जो की 3,16,925, ताकि यह पैसा गायों के कल्याण पर खर्च हो सके। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता पालमपुर के आइमा निवासी संतोष कटोच ने अपनी दुधारू गाय का 21 सितंबर 2020 को ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी से 25000 रूपए का बीमा करवाया था। इसका प्रीमियम 1749 रूपए था। शिकायतकर्ता के अनुसार 13 अगस्त् 2022 को गाय की मौत हो गई जिसके बाद पशुपालन विभाग के चिकित्सक ने उसका पोसटमार्टम भी किया। इसके अलावा गाय के मालिक की ओर से सभी औपचारिकताओं को पूरा करने के बावजूद इंश्योरेंस कंपनी ने उसे क्लेम नहीं दिया। इसके बाद गाय के मालिक ने उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग के पास इसकी शिकायत की। मामले के सभी पहलुओं पर गौर करने के बाद आयोग के अध्यक्ष हिमांशु मिश्रा की अगुवाई में आरती सुद, रजनी नारायण ठाकुर की पीठ ने कंपनी को 9 प्रतिशत ब्याज के साथ शिकायतकर्ता को 25000 रूपए का क्लेम तथा 10000 रूपए का हर्जाना तथा न्यायालय व्यय के रूप 7500 रूपए देने के आदेश दिए हैं।

इसके अलावा आयोग ने कहा कि आज के समय में बेसहारा पशुओं की तादाद बढ़ने के पिछे के कारणों में ये भी एक अहम कारण है कि इंश्योरेंस कंपनियों के मुआवजा न देने के बहुत ज्यादा मामले लंबित पड़े हैं। इसके कारण सड़कों पर ऐसी गायें भी धूम रही हैं जिनके कानों में इंश्योरेंस होने के टैग तब लगे हैं। आयोग पशुपालकों को विश्वास नहीं रहा है कि इंश्योरेंस के बदले मुआवजा मिलेगा भी या नहीं मिलेगा। ऐसे में आयोग ने इंश्योरेंस कंपनी को 316925 रुपए पशुपालन विभाग के माध्यम से कांगड़ा जिला के किसी गौसदन को देने के आदेश दिए हैं, ताकि यह पैसा गायों के कल्याण पर खर्च हो सके।

## मां हिमानी चामुंडा मंदिर में भंडारा कल

**कांगड़ा।** कांगडा के साथ लगते गांव खोली के युवा जो पिछले 6 वर्षो से लगातार मां हिमानी चामुंडा मंदिर (पुरानी चामुंडा) में पूरी श्रद्धा भाव से भंडारे का आयोजन करते आ रहे है वहीं इस वर्ष भी 12 मई को 7 वे भंडारे का आयोजन करने जा रहे है। भंडारा आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह सब मां की कृपा वा साथियों के सहयोग से पूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि उनके यही प्रयास रहेंगे की यह प्रथा आगे भी निस्वार्थ जारी रहे।

# युवा ब्रह्म शक्ति ( मेवाड़ संस्था ) भारत ने की कार्यकारिणी गठित

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

युवा ब्रह्म शक्ति (मेवाड़ संस्थान)भारत के राष्ट्रीय संरक्षक महंत मोहन शरण महाराज ,राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश पुरोहित व राष्ट्रीय प्रचारक डॉक्टर एस के शर्मा की अनुसंशा पर हिमाचल प्रदेश में युवा ब्रह्म शक्ति मेवाड़ संस्थान भारत- ने अपनी कार्य कारिणी का गठन किया। इसमें प्रदेश उपाध्यक्ष सचित शर्मा, प्रदेश मंत्री रेशम शर्मा,प्रदेश मातृ शक्ति अध्यक्षा पुष्पा शर्मा, उपाध्यक्षा शिवानी शर्मा को बनाया गया। जिला कार्यकारिणी में जिला कांगड़ा के नूरपुर के पप्पी शर्मा को जिला अध्यक्ष की कमान सौंपी गई। जिला उपाध्यक्ष अंकुश शर्मा रॉकी को बनाया गया। जिला मंत्री राजिंद्र शर्मा राजू व नूरपुर के सुधांशु शर्मा को जिला कांगड़ा का प्रचार प्रसार मंत्री का दायित्व सौंपा गया। सुशील गौतम को जिला हमीरपुर का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। मातृ शक्ति अध्यक्षा साक्षी शर्मा को जिला हमीरपुर की कमान सौंपी गई। जिला मंडी के विजय शर्मा को जिला अध्यक्ष, संजय शर्मा को जिला उपा अध्यक्ष व धर्मी शर्मा को मातृ शक्ति जिला मंडी की अध्यक्षा बनाया गया।
सुंदर नगर से कमलेश शर्मा को मातृ शक्ति जिला अध्यक्षा का दायित्व सौंपा गया।

# डीएवी कॉलेज के स्टूडेंट्स ने लहराया परचम

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किए गए स्नातकोत्तर वनस्पति विज्ञान और जीव विज्ञान परीक्षा परिणाम में एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा के विद्यार्थियों ने परचम लहराया है।

इस परीक्षा परिणाम में एमसीएम डीएवी महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है । वनस्पति विज्ञान के परीक्षा परिणाम में वंशिका ने 90.50 प्रतिशत अंक प्राप्त करके महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इशिका ने 90.25 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान और शेफाली चौधरी ने 89.50 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। जीव विज्ञान के परीक्षा परिणाम में अदिति ने 91.25ब अंक लेकर महाविद्यालय में प्रथम स्थान,अदिति परमार ने 91 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान और नितिशा भारद्वाज ने 90.75 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि यह छात्रों और अध्यापकों की लग्न तथा मेहनत का ही परिणाम है कि हमारे विद्यार्थी हर परीक्षा परिणाम में श्रेष्ठतम अंक प्राप्त कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



एमसीएम डीएवी महाविद्यालय के होनहार विद्यार्थी।

# हरिचंद इच्छी को-ऑपरेटिव सहकारी समिति के बने प्रधान

**अनंत ज्ञान, गगल**

आज दी इच्छी को-ऑपरेटिव सोसायटी सहकारी समिति के चुनाव सचिन भरमेर निरीक्षक सह सभाएं कांगड़ा की अध्यक्षता में करवाए गए।

उक्त जानकारी देते हुए इच्छी सोसायटी के सचिव सुनील भासिया ने बताया कि सर्वसहमति से हरिचंद चट्टानी को प्रधान बनाया गया और ओमप्रकाश को उप प्रधान बनाया गया।

वहीं इस दौरान हरीश धनोटिया को मुख्य सलाहकार बनाया गया और बाकी कोऑपरेटिव सोसायटी समिति के 6 कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए, जिनमें से ओमप्रकाश, विनोद कुमार, पुरुषोत्तम सैनी, अरुण कुमार, हनी मोगरा और वेद प्रकाश को कार्यकरिणी सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त चुने गए हरिचंद चट्टान ने कहा कि इच्छी कोऑपरेटिव सोसायटी में सभी कार्य पारदर्शी ढंग से होंगे और किसी भी प्रकार की कोई शिकायत नहीं होगी। यह हमारा कर्तव्य रहेगा।



इच्छी कोऑपरेटिव समिति के नए सदस्यों की बैठक का दृश्य

## प्राचीन शिव मंदिर शाहपुर में भंडारा व शांति हवन कल

**शाहपुर।** प्राचीन शिव मन्दिर शाहपुर पुरानी बोडी के पास विशाल भण्डारा और शांति हवन का आयोजन रविवार (12 मई) को किया जाएगा। इसको लेकर मंदिर कमेटी के प्रबंधक सुरिंदर पटियाल, तिलकराज, कर्म सिंह, कंचन धीमान, करतार राणा, हरनाम सिंह और अशोक कुमार ने बताया कि प्राचीन शिव मन्दिर शाहपुर के वार्ड नंबर-6 पुरानी बोडी के पास इस विशाल भण्डारे का आयोजन भक्तों के सहयोग से किया जा रहा है। इस मंदिर का हाल ही में। जीर्णोद्धार किया गया है। उन्होंने समस्त शाहपुर की जनता से आग्रह किया है मन्दिर में पधार कर भोलेनाथ जी का आशीर्वाद प्राप्त करें तथा भण्डारे में प्रशाद ग्रहण करें।





**शिक्षा** तिब्बती धर्मगुरु ने करुणा से भरा सार्थक जीवन जीने के लिए किया प्रेरित

# बुद्ध की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक : दलाईलामा

**सीमा शर्मा, मैक्लोडगंज**

तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा ने बुद्ध पूर्णिमा पर जनकल्याण का संदेश दिया है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि बुद्ध को भारत में रहते हुए और शिक्षा दिए हुए 2500 वर्ष से अधिक हो गए हैं, उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। आधुनिक विज्ञान ने भौतिक दुनिया की एक परिष्कृत समझ विकसित की है। बौद्ध विज्ञान ने मन और भावनाओं के कई पहलुओं की विस्तृत, प्रथम व्यक्ति समझ विकसित करने के लिए खुद को समर्पित किया है। ये क्षेत्र आधुनिक विज्ञान के लिए अभी भी अपेक्षाकृत नए हैं। मेरा मानना है कि इन दोनों दृष्टिकोणों के संश्लेषण से ऐसी खोजों को जन्म देने की काफी संभावना है जो हमारे शारीरिक, भावनात्मक और सामाजिक कल्याण को समृद्ध करेगी।



## मैं खुद नालंदा परंपरा का उत्तराधिकारी

**एक** तिब्बती बौद्ध भिक्षु के रूप में मैं खुद को नालंदा परंपरा का उत्तराधिकारी मानता हूं। जिस तरह से नालंदा विश्वविद्यालय में बौद्ध धर्म की शिक्षा और अध्ययन किया गया वह भारत में इसके विकास के चरम को दर्शाता है। यदि हमें 21वीं सदी का बौद्ध बनना है, तो यह महत्वपूर्ण है कि हम केवल आस्था पर निर्भर रहने के बजाय, बुद्ध की शिक्षाओं के अध्ययन और विश्लेषण में संलग्न हों, जैसा कि वहां कई लोगों ने किया था।

## बुद्ध पूर्णिमा पर लोगों को दी बधाई

दलाईलामा ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर लोगों को बधाई दी और उनसे सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने तथा दूसरों के कल्याण के लिए समर्पित सार्थक जीवन जीने की अपील की। बुद्ध पूर्णिमा या वेसाक बुद्ध शाक्यमुनि के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और निधन की याद दिलाता है और इसे बौद्ध कैलेंडर में सबसे पवित्र दिन माना जाता है।

# परशुराम जयंती पर ब्राह्मण कल्याण परिषद ने बांटा जरूरी सामान

## परिषद हमेशा ही गरीब व बेसहारा लोगों की सेवा में समर्पित : पं. वेद प्रकाश



ब्राह्मण कल्याण परिषद हिमाचल प्रदेश के सदस्य बच्चों के साथ।

**अजय पाल, पंचरुखी**

ब्राह्मण कल्याण परिषद हिमाचल प्रदेश द्वारा वीरवार को भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य पर परिषद के प्रदेशाध्यक्ष पंडित वेद प्रकाश का जन्मदिन अपना घर सलियाणा पचरुखी पालमपुर में बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

इस शुभ अवसर पर परिषद के प्रदेशाध्यक्ष पंडित वेद प्रकाश और ब्राह्मण कल्याण परिषद उप मंडल पालमपुर के सदस्यों ने दिव्यांग, गरीब व बेसहारा बच्चों को मिठाइयां, फल, पैन, नोटबुक, टी-शर्ट, जुते मिठाई इत्यादि समान बांटा। इस दौरान पंडित वेद प्रकाश ने कहा की परिषद हमेशा ही गरीब बेसहारा लोगों की सेवा में समर्पित रहती है और 2019 में भी इसी तरह परशुराम जयंती के उपलक्ष्य पर जन्मदिन मनाया था।

पंडित वेद प्रकाश ने ब्राह्मण समाज से आह्वान किया कि अब ब्राह्मण समाज को संगठित होकर अपने समाज की सेवा करने का समय आ गया है। सभी ब्राह्मण समाज के सदस्यों से अनुरोध हैं कि जिसकी भी ब्राह्मण समाज के सदस्य को सहायता की अवश्यकता हो वो हमसे संपर्क करें। इस मौके पर ब्राह्मण कल्याण परिषद के पंडित शान्ति स्वरूप शर्मा, विनोद कुमार, सुभाष चंद, कुलदीप व्यास, प्रेम व्यास कार्यकारिणी सदस्य, सुभाष व्यास, अश्वनी कुमार शर्मा कार्यकारिणी सदस्य, अश्वनी कुमार व्यास, ओम प्रकाश लदोहिया, कै. सतीश शर्मा, सुभाष व्यास, अश्वनी कुमार शर्मा व अनिल व्यास ने भी भाग लिया।

### ब्राह्मण सभा ने धूमधाम से मनाई परशुराम जयंती


ज्वालामुखी में परशुराम जयंती मनाते गणमान्य।

**ज्वालामुखी ।** ज्वालामुखी में शुक्रवार को परशुराम जयंती बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया और लोगों में हलवे का प्रसाद भी वितरित किया गया।

पुजारी व ब्राह्मण सभा के प्रधान डिंपल ने बताया कि समस्त सनातन जगत के आराध्य भगवान विष्णु जी के छठे अवतार समस्त शस्त्र एवं शास्त्र के ज्ञाता अजर-अमर अविनाशी भगवान परशुराम जी का प्राकट्य वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया, जो अक्षय तृतीया के नाम से प्रसिद्ध है, के दिन हुआ था। उनके जन्म पर पिता महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका अत्यंत आनंदित हुए। वह जमदग्नि ऋषि के पुत्र होने के कारण जामदग्न्य और भगवान शिव द्वारा प्रदत्त परशु धारण किए रहने के कारण परशुराम कहलाए। उन्होंने बताया कि हमें परशुराम के जीवन से सीख लेनी चाहिए।

इस मौके पर डिंपल शर्मा, कपिल शर्मा, मानव, अश्वनी दत्त, विशाल दत्त, गौरव शर्मा हरीश कुमार, विजय शर्मा, सुरेश शास्त्री व ब्राह्मण सभा के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

# पानी का दुरुपयोग किया तो होगी कार्रवाई : राहुल

**बैजनाथ।** जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता राहुल धीमान ने कहा है कि आगामी गर्मियों के मौसम को देखते हुए विभाग की ओर से क्षेत्र वासियों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध करवाने के प्रयास किया जा रहे हैं। पेयजल का उपयोग केवल घरेलू उपयोग के लिए ही करें। अन्यत्र उपयोग करते हुए पकड़े जाने पर विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



उन्होंने कहा कि कुछ लोग गर्मियों के दिनों में टुल्लू पंप या फिर पाइपों के द्वारा पेयजल का उपयोग खेतीबाड़ी के लिए करते हैं जो की सही नहीं है। इसी तरह निर्माण कार्यों के लिए भी पेयजल का दुरुपयोग करते हैं, जिससे कि पानी की कमी स्वभाविक हो जाती है इसी के मद्देनजर विभाग ने निर्णय लिया है कि ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने समस्त कनिष्ठ अभियंताओं और फील्ड स्टाफ को आदेश दिए हैं कि पानी के दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ व्यापक स्तर पर अभियान चलाएं।

# सोलन में हुई कराटे चैंपियनशिप शाहपुर के बच्चों ने झटके 10 मेडल

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर**


कराटे खिलाड़ियों के साथ कोच रिंकू कुमार व अन्य।

सोलन के कुमारहट्टी में कराटे फाइट लीग चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता तीन, चार और पांच में को करवाई गई थी। इसमें विभिन्न राज्यों के बच्चों ने भाग लिया। इसमें 600 के करीब बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में शाहपुर टीम ने कोच रिंकू कुमार की अगुवाई में हिस्सा लिया।

कोच रिंकू ने बताया कि शाहपुर से 10 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें आदित्य राणा ने गोल्ड मेडल, अंशुल शर्मा ने ब्रॉन्ज मेडल, सैम ने ब्रॉन्ज मेडल, सहर्ष ने ब्रॉन्ज मेडल, अर्पणा शुक्ला ने ब्रॉन्ज मेडल, यदुपी ने ब्रॉन्ज मेडल, सरूष ने ब्रॉन्ज मेडल, सोमाक्षी ब्रॉन्ज मेडल और अग्रता ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। इस दौरान कोच तानिया ठाकुर भी उनके साथ रहीं। प्रतियोगिता में शाहपुर के खिलाड़ियों ने कुल 10 मेडल जीते। बता दें कि शाहपुर के निवासी कोच रिंकू कुमार ब्लैक बेल्ट हैं और जापान से फोर डिग्री ब्लैक-ब्लैक से सम्मानित हैं। वह रेहलू में उनके कराटे सेंटर में बच्चों को कराटे की ट्रेनिंग देते हैं।

इसके साथ वह शाहपुर के कई स्कूलों में हर रोज बच्चों को कराटे की ट्रेनिंग दे रहे हैं। (अनंत ज्ञान)


कांगड़ा-चंबा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर राजीव भारद्वाज के नामांकन पर रैली में जुटे भाजपाई।

# 10वीं में अंकिता 94.7 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम

**डरोह।** स्वामी विवेकानंद उच्च विद्यालय देवनगर कौना का दसवीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इसमें अंकिता शर्मा 700 में से 663 अंक लेकर प्रथम रही। उसने 94.7 प्रतिशत अंक अर्जित किए। हिमानी 645 (92.14 प्रतिशत) अंक लेकर द्वितीय रही। सोनम 570 अंक (81.42 प्रतिशत) लेकर तृतीय स्थान पर रही। इशिता ने 556 अंक लिए उसने 79.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

अंकिता ने गणित व सामाजिक विज्ञान में शत् प्रतिशत अंक प्राप्त किए। हिमानी और सोनम ने अंग्रेजी विषय में शत् प्रतिशत अंक प्राप्त किए। बाकी सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रमोद गुलेरिया ने इस खुशी के मौके पर मीठाई भी बांटी और सभी को बधाई दी।

# राजिंद्र राजू बने जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष

**कांगड़ा, अनिल छांगू**


राजिंद्र राजू तथा मनु शर्मा को लड्डू खिलाकर बधाई देते कांग्रेस कार्यकर्ता।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सहमति से जिला कांग्रेस कमेटी कांगड़ा के अध्यक्ष करण सिंह पठानिया मालटू ने लोकसभा और विधानसभा उपचुनावों को मध्यनजर रखते हुए तत्काल प्रभाव से नियुक्तियां की हैं, जिनमें नगर पंचायत जवाली के चेयरमैन राजिंद्र राजू को उपाध्यक्ष तथा मनु शर्मा को महासचिव बनाया गया है।

इस पर ब्लॉक अध्यक्ष चैन सिंह, नपं पार्षद एवी पठानिया, पार्षद जगपाल जग्गू, पार्षद सीमा, पार्षद पूजा रानी, मनोनीत पार्षद सुरिंद्र छिंदा, सरदार महेंद्र सिंह, रघुवीर सिंह, कर्ण मेहरा, अमित चौधरी, समीर गौतम, सौरभ मल्होत्रा, गौरव मल्होत्रा, हन्नी टिक्का, अनुराग डोगरा, विजय कुमार, टोनी मलिक, सरदार मिंटू, पंकज डोगरा, नरविंदर कुमार, व्यापार मंडल जवाली के अध्यक्ष साहिल, रविंद्र कपिला, राज कुमार बबलू, सुरिंदर टिन्नू, मनीष चौधरी आदि ने राजिंद्र राजू तथा मनु शर्मा को लड्डू खिलाकर बधाई दी। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष राजिद्र राजू व जिला महासचिव मनु शर्मा ने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार, पूर्व मुख्य संसदीय सचिव नीरज भारती, जिलाध्यक्ष कर्ण सिंह पठानिया मालटू का आभार जताया है।

उन्होंने कहा कि जो दायित्व हमें सौंपा है, उसको पूरी ईमानदारी से निभाएंगे और कांग्रेस की जीत सुनिश्चित बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। (अनंत ज्ञान)

# खटेड़ स्कूल में धूमधाम से मनाया अक्षय तृतीया महोत्सव

**अनंत ज्ञान, गगल**



स्कूल में अक्षय तृतीया का महोत्सव मनाते बच्चे।

महर्षि विद्या मंदिर स्कूल खटेड में आज अक्षय तृतीया त्योहार का आयोजन किया गया। इस बारे स्कूल के प्रिंसिपल अरुण कुमार शर्मा ने बताया के यह त्यौहार वैदिक परंपरा के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर गुरु पूजन द्वारा किया गया। इस उपरांत सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों द्वारा 10 मिनट का भाबातीत ध्यान किया।

प्रधानाचार्य ने कहा अक्षय तृतीया वैशाख महीने में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। तृतीया को आखातीज भी कहते हैं। इस दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। इससे तृतीया भगवान परशुराम के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर 8वीं कक्षा की छात्रा कनिका ने अक्षय तृतीया पर अपने विचार प्रकट किया।

# हिमाचल को विकास के पथ पर कांग्रेस ने ही आगे बढ़ाया : रेणु

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**



हिमाचल प्रदेश महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव रेणु बजवारिया ने कहा कि देश और प्रदेश में जो भी विकास हुआ है यह सब कांग्रेस की ही देन है।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस ने सूई से लेकर जहाज और बड़ी-बड़ी संस्थाओं का निर्माण करते हुए न केवल देश की एकता और अखंडता को कायम रखा बल्कि केंद्र में रही भाजपा सरकार ने देश के बड़े-बड़े संस्थानों को चंद लोगों के हाथो में सौंप कर देश की जनता के हकों को छीना है और कांग्रेस ने धर्म जाति की राजनीति न कर सभी का एक सामान विकास किया है वहीं गरीबी दूर करने के लिए कई योजनाएं चलाई जिन्हें भाजपा अपना बताकर जनता को गुमराह कर रही है।

रेणु ने कहा कि कर्मचारियों की सबसे बड़ी मांग ओल्ड पेंशन स्कीम को शुरू किया जिसको भाजपा ने बंद कर दिया था, साथ ही महिलाओं को 1500-1500 रुपए देने का वायदा पूरा किया जिसको रोकने के लिए भाजपा ने पूरा जोर लगा दिया। उन्होंने कहा की कांग्रेस जो वायदा जनता से करती है उसे पूरा करती है। जब प्रदेश पर आपदा आई तो केंद्र की इसी भाजपा सरकार ने हिमाचल की कोई मदद नहीं की सिर्फ मदद देने का ढिंढोरा पीटते रहे, लेकिन फिर भी हिमाचल की सुक्खू सरकार ने आपदा पीड़ितों की मदद की। मुख्यमंत्री ने अपनी लाखों की जमा पूंजी भी आपदा पीड़ितों के लिए दे दी।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोकतंत्र द्वारा चुनी गई कांग्रेस सरकार को गिराने की घिनौनी हरकत की है। भाजपा यदि लोकतंत्र पर विश्वास करती तो ऐसी घटिया हरकत नहीं करती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने विकास किया है, विकास करेगी। प्रदेश में कांग्रेस सरकार मजबूत है

# धर्मशाला में सीईओ ने की इलेक्शन क्विज ऐप की लांचिंग

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**


धर्मशाला में उपायुक्त कार्यालय सभागार में इलेक्शन क्विज ऐप की लांचिंग करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग, साथ हैं अन्य।

- मतदान-पीठासीन अधिकारियों की तैयारियों का होगा आकलन, ऐप को लांच करने वाला हिमाचल का पहला जिला बना कांगड़ा

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने शुक्रवार को धर्मशाला में उपायुक्त कार्यालय के सभागार में इलेक्शन क्विज ऐप की लांचिंग की गई। हिमाचल में कांगड़ा पहला जिला है जहां से इलेक्शन क्विज ऐप के माध्यम से मतदान अधिकारियों तथा पीठासीन अधिकारियों की मतदान प्रक्रिया की जानकारी का आकलन किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करने के लिए निर्वाचन आयोग के माध्यम से दिशा निर्देश जारी किए गए हैं तथा इन दिशा-निर्देशों तक नियमों की विस्तृत जानकारी के लिए मतदान अधिकारियों तथा पीठासीन अधिकारियों को आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जाता है तथा इसी दिशा में इलेक्शन क्विज ऐप भी मतदान अधिकारियों तथा पीठासीन अधिकारियों की तैयारियों को जांचने में मददगार साबित होगा।

इससे पहले जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए इलेक्शन क्विज ऐप के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह ऐप मतदान प्रक्रिया के नियमों के तहत प्रश्नों पर आधारित तैयार किया गया है तथा इस ऐप के माध्यम से मतदान तथा पीठासीन अधिकारी लॉगिन करेंगे तथा मतदान प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न प्रश्नों के बहुवैकल्पिक उत्तर में सही उत्तर पर क्लिक करेंगे तथा उसी आधार पर संबंधित मतदान अधिकारी तथा पीठासीन अधिकारी की परफार्मेंस का आकलन किया जाएगा तथा कम स्कोर अर्जित करने पर संबंधित मतदान तथा पीठासीन अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया को लेकर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा ताकि मतदान प्रक्रिया को सुचारु तौर पर संपन्न करवाया जा सके।

इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी एनआईसी पाठक ने इलेक्शन क्विज ऐप को लेकर प्रेजेंटेशन भी दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक अशोक रत्न, एडीसी सौरभ जस्सल, एडीएम डॉ. हरीश गज्जू तथा सभी उपमंडलों के एसडीएम भी उपस्थित थे।

# पानी के स्त्रोतों को न बनाएं कूड़ादान : कृष्ण

**गरली।** निचला करियाडा के समाजसेवी कृष्ण दत शर्मा का कहना है कि पानी बहुमूल्य है और इसकी कीमत हर आदमी को पहचाननी होगी। पूरे विश्व में पेयजल की कमी महसूस की जा रही है। गिरता भू-जल का स्तर और नदियों के प्रदूषित पानी के रूप में हालात दिन व दिन बदतर होते जा रहे हैं। सूखते, सिमटते तालाब और झील गहरा संकेत दे रहे हैं कि यदि अब भी नहीं संभले तो भविष्य में पानी के लिए त्राहि-त्राहि होगी।



कृष्ण ने कहा कि पानी की बर्बादी को रोकने के लिए सामूहिक अभियान चलाने की आवश्यकता है। पेयजल के दुरूपयोग को जल्द नहीं रोका गया तो जल्दी ही विश्व गंभीर जल संकट से गुजरेगा। दुनिया की आबादी जिस तरह से बढ़ रही है, सबको स्वच्छ पेयजल मुहैया कराना विश्व के सभी देशों खासकर विकासशील देशों के लिए एक चुनौती बन चुका है। कृष्ण ने कहा कि पानी के स्त्रोत एक तरह से कूड़ेदान बनते जा रहे हैं और इन स्त्रोतों को बचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

**चुनाव** | मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने 'हार्मनी ऑफ पाइन्स' की ओर से रचित चुनावी थीम सॉन्ग किया लांच

# आईपीएल मंच से दिया मतदाता का संदेश



धर्मशाला के क्रिकेट स्टेडियम में बड़ी स्क्रीन में चल रहा गीत की वीडियो और इस चुनाव गीत को लांच करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग, साथ हैं अन्य।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

मुख्य निर्वाचन अधिकारी हिमाचल प्रदेश मनीष गर्ग ने वीरवार सायं धर्मशाला के किक्रेट स्टेडियम से स्वीप गतिविधियों के तहत चुनावों पर आधारित विषय पर एक गीत (थीम सांग) को जारी किया। मतदाताओं को उनके वोट के महत्व के प्रति जागरूक करने वाला यह गीत प्रख्यात पुलिस बैंड 'हार्मनी ऑफ पाइन्ज' द्वारा लयबद्ध किया गया है। धर्मशाला में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाल किंग्ज के बीच खेले गए आईपीएल मैच के दौरान थीम सॉंग को स्टेडियम की बड़ी स्क्रीन पर चलाया गया।

उन्होंने बताया कि इस गीत को हिंदी, राजस्थानी, मराठी, बांगला, पंजाबी आदि भारत की 10 अलग-अलग भाषाओं में गाया गया है। गीत के वीडियो को हिमाचल प्रदेश के विभिन्न प्रसिद्ध स्थलों तथा देश के अन्य स्थलों पर फिल्माया गया है और इसमें भारत की समृद्ध संस्कृति व राष्ट्रीय एकता को प्रदर्शित करने के अतिरिक्त पूरे भारत में लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव में मतदान करने का संदेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को वोट का महत्व बताने और एक जून 2024 को होने वाले लोकसभा व विधानसभा उप-चुनावों में अपनी अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश भर में व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।

# पर्यावरण को बचाना हर व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य : ममता देवी

## आग लगने से हर वर्ष जंगलों को हो रहा नुकसान

**अनंत ज्ञान, परागपुर**



प्रधान ग्राम पंचायत दयाल नैहरनपुखर ममता देवी ने कहा कि शायद ही कोई गर्मी का मौसम रहा होगा, जिसमें जंगलों में आग न लगी हो। आग लगने से हर वर्ष जंगलों को काफी नुकसान पहुंचता है, जिसका प्रभाव पर्यावरण और जंगली जीव-जंतुओं पर पड़ता है।

उन्होंने कहा कि गर्मियों के दौरान एक छोटी सी लापरवाही के कारण पूरा जंगल धधक उठता है, वहीं कुछ लोग जंगल में या जंगल के आसपास जलती हुई बीड़ी-सिगरेट बिना बुझाए ही फेंक देते हैं, जबकि कुछ लोग निजी भूमि में आग जलाकर उसे वैसे ही छोड़ जाते हैं, ऐसे कई कारण हैं जिससे जंगल में आग लगने की संभावना होती है और वन संपदा जलकर राख हो जाती है।

ममता दवी ने बताया कि जहां गर्मी के मौसम में जंगलों में आग लगने की संभावना बढ़ जाती है तो वहीं बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण के कारण वन संपदा को बचाना जरूरी हो गया है। जंगलों में आगजनी की वजह से कीमती वन संपदा बर्बाद हो रही है। पेड़ों की कमी की वजह से ही बारिश अब बेमौसमी या कभी-कभार ही पड़ रही है। अगर जंगलों को नहीं बचाया गया तो आने वाले समय में प्रकृति का विनाश होना स्वाभाविक है।

उन्होंने बताया कि इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम भावी पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के बारे में समय-समय पर जानकारी देते रहें, ताकि वह इसकी महत्ता को समझें और वन संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने बताया कि हम अपनी सोच और व्यवहार में सुधार लाकर वनों को आग से होने वाले नुकसान को कम कर सकते हैं।

# एयर इंडिया में केविन क्रू के रूप में कृति ने पाया प्रवेश

अनंत ज्ञान, जाहू

जिला कांगड़ा के बडुखर की होनहार बेटी कृति बेंगलुरु से अपनी पहली उड़ान भरेगी कृति का ननिहाल हमीरपुर जिला के चंदरूही में है। इससे हमीरपुर जिला के चंदरूही गांव में भी खुशी का माहौल है। जब कृति बिलकुल छोटी थी तभी पिता का साया सिर से उठ गया था।

पिता विनोद कुमार भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) में देश की रक्षा करते शहीद हो गए माता का साया भी करोना काल में उनके सिर से उठ गया। उनकी माता मेडिसिस इंदु शर्मा ने अपनी दोनों बच्चियों को ऐसी परवरिश दी की आज यह बच्चियां अपने स्वर्गीय माता-पिता का नाम ऊंचा कर रही है। इनके नाना-नानी गांव भुक्कड़ चंदरूही जिला हमीरपुर से संबंध



रखते हैं। कृति पंजाब यूनिवर्सिटी से बीए, बीएड कर चुकी है उसी दौरान पहली बार के ही प्रयास से एयर इंडिया में केविन क्रू के रूप में प्रवेश पाया। वहीं, हैदराबाद से अपनी ट्रेनिंग पूरी करके अब बेंगलुरु से अपनी पहली उड़ान भरेगी। कृति बहुत ही होनहार बच्ची है। बड़ी कम उम्र में अपने माता-पिता को खो दिया और संघर्ष करके आज इस मुकाम पर पहुंच कर अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है।

# करियर प्वाइंट विवि में मेगा जॉब फेयर 14 से

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में 14 से 18 मई को पांचवां मेगा जॉब फेयर आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियों को लेकर विश्वविद्यालय के डीन को-ऑपरेटिव ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विनोद कुमार ने जानकारी दी। इस जॉब फेयर में रसायन विज्ञान, सूक्ष्म जीव विज्ञान, फार्मेसी, कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, वाणिज्य और प्रबंधन, होटल प्रबंधन और लॉ के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि पांच दिवसीय जॉब फेयर में देश भर से निजी क्षेत्र की 24 से अधिक नामी कंपनियों आएंगी। कंपनी द्वारा चयनित विद्यार्थी को दो से आठ लाख रुपए तक का पैकेज दिया जाएगा। यह मेला सुबह 9:30 से शाम पांच बजे तक चलेगा।

# हमीरपुर में लोगों को मिलेगी पार्क की सुविधा

## नगर परिषद करवा रही सेल्फी प्वाइंट व पार्क का काम, रेहड़ियों को किया जाएगा दूसरी जगह शिफ्ट

रवि ठाकुर, हमीरपुर

नगर परिषद हमीरपुर की ओर से अब शहर के बीच एक छोटा और सुंदर पार्क बनाए जा रहा है। शहर के बीच बाल स्कूल के सामने बनाए जा रहे है। इससे हमीरपुर शहर के लोगों को बैठने के लिए एक और उपयुक्त स्थान मिल जाएगा।

**पार्क में लोगों को बैठने के लिए लगाए जाएंगे बैंच**

ऐसे में शहर के स्थानीय लोग और शहर में खरीदारी करने आए लोग आराम से बैठने के लिए एक सुंदर जगह मिल जाएगी। इस सुंदर पार्क का निर्माण शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल हमीरपुर के सामने वाली जगह को सुंदर बनाने में नगर परिषद का काम चल रहा है। वर्षा शालिका के साथ लगने वाली रेहड़ियों को यह से दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया गया है। इस जगह को बराबर कर पार्क बनाने की योजना है। इस पार्क को सुंदर बनाने के लिए अनेक प्रकार की मॉडर्न लाइटें लगाई जाएंगी, ताकि रात के अंधेरे में भी इस पार्क की जगह रोशनी से जगमगाती रहेगी। इसके अलावा पार्क में एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जाएगा। साथ ही इस पार्क की एक साइड बाबा बालक नाथ मंदिर की प्रतिमा का फोटो और दूसरी तरफ सुजानपुर के राजा संसार चंद के महलों के पोस्टर लगाए जाएंगे, ताकि यह जगह देखने में किसी सुंदर सिटी से कम न लगे और शहर में आए लोग यहां पर अपनी सेल्फी खींच सके और इस पार्क में बैठने के लिए बैंच भी लगाए जाएंगे। साथ ही यहां पर शौचालयों का नए सिरे से निर्माण किया जाएगा। इस शौचालय में महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय का निर्माण किया जाएगा। ऐसे में शहर के बीच शौचालय बनाने से शहर में आए लोगों को शौचालय और साथ ही बैठने के लिए सुंदर पार्क की व्यवस्था भी जल्द ही लोगों को मिलेगी। (अनंत ज्ञान)



शहर के बीचोंबीच लोगों को मिलेगी सुंदर पार्क और सेल्फी प्वाइंट की सुविधा।

**शौचालय का भी होगा निर्माण**

वहीं, नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी अजमेर सिंह ठाकुर का कहना है कि बाजार के बीचों बीच एक सुंदर पार्क और शौचालय का निर्माण जल्द ही किया जाएगा। शहर के बीचोंबीच लोगों को जल्द मिलेगा सेल्फी प्वाइंट और सुंदर पार्क की सुविधा।

## न्यूज ब्रीफ

### पंधारी माता मंदिर में भंडारा 12 को

**रंगस।** जोलसप्पड़ पंचायत के बड़े राह स्थित पंधारी माता मंदिर में 12 मई को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कमेटी सदस्यों राजेश कुमार, राज कुमार, संदीप कुमार, संजीव कुमार, मदन लाल, विपन कुमार, संजीव धारीवाल और पूर्व उपप्रधान यशपाल ने बताया कुलदेवी पंधारी माता मंदिर में 11 मई को रात को भगवती जागरण का आयोजन किया जाएगा। जबकि 12 मई को हवन-यज्ञ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने इलाकावासियों से भंडारे का प्रशाद ग्रहण करने का आह्वान किया है।

### मंडी ने 90 ओवर में बनाए 222 रन

**नादौन।** क्रिकेट स्टेडियम अंमतर नादौन में जिला मण्डी व शिमला की अंडर-19 क्रिकेट टीम का क्वाटर फाइनल मैच खेला जा रहा है। जिला मंडी की टीम ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। मंडी की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी खेलते हुए पहले दिन का मैच समाप्त होने तक 90 ओवर में 6 विकेट खोकर शानदार 222 रन बना लिए हैं। यह जानकारी देते हुए जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया व क्रिकेट स्टेडियम के प्रभारी संजय टिंका ठाकुर ने बताया कि मण्डी के बल्लेबाज दिनेश कटोच ने 52, गंगा सिंह ने 41 रन बनाए। जबकि बल्लेबाज लक्ष्य ठाकुर ने शानदार पारी खेलते हुए नाबाद 76 रन बनाए। जिला शिमला की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए गेंदबाज सुजल बरोटा एसुजल वर्मा एशिवांश कालटा एअंशुल छपटा व सात्विक कटोच ने एक-एक विकेट ली। जबकि एक बल्लेबाज रन आउट हो गया।

### बड़ा के धंगड़ में भागवत कथा 12 मई से

**बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के धंगड़ में 12 मई से 19 मई तक भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित अभिषेक सारस्वत नोहँगी वाले भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का व्याख्यान करेंगे। कमेटी के सदस्य रघुनन्दन कोंडल ने बताया कि 12 मई को कलश यात्रा निकाल कर भागवत कथा का शुभारम्भ किया जाएगा। 19 मई को भागवत कथा की पूर्ण आहुति डाली जाएगी एवम रात को महामाई का विशाल जागरण होगा।20 मई को विशाल भण्डारा आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर आज गाँवासियों द्वारा भागवत पंडाल की सफाई की एवम पंडाल को सजाने. के लिए कार्य शुरू कर दिया गया हैं।

### लोगों की मदद को आगे आई हिंद संग्राम परिषद



जरूरतमंद को मदद सौंपते हुए हिंद संग्राम परिषद संस्था के सदस्य।

**नादौन।** प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था हिंद संग्राम परिषद इकाई कांगू, नादौन की बैठक इकाई महासचिव ब्रह्म दास शर्मा कि अध्यक्षता में कार्यालय दंगडी नादौन में संपन्न हुई। इस बैठक में संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित वासुदेव शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष केएस धीमान, प्रदेश प्रवक्ता पूर्व बैंक मैनेजर सुदर्शन जरियाल, ब्रह्म दास शर्मा, सुरेश कुमार, सुख राम सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इस बैठक में संस्था की गतिविधियों बारे विस्तार से चर्चा की गई। संस्था के पास आए 20 प्रार्थना पत्रों में से दस प्रार्थना पत्रों को ही स्वीकार किया गया। इस बैठक में संस्था के प्रदेश प्रवक्ता बैंक मैनेजर सुदर्शन जरियाल ने कहा कि संस्था तन, मन, धन, से समाज में दिन दु:खियों की सेवा में लगी हुई। इस मौके पर संस्था ने सुख राम के घर गांव चौक बूणी में गए। सुख राम का बेटा पवन कुमार जो दिहाड़ी मजदूर कर के अपने परिवार का पालन पोषण करता था। लाइलाज बीमारी के कारण स्वर्ग सिधार गए। चार पांच महीने पीजीआई चंडीगढ़ में इलाज करवाया जो भी पैसा था और कर्जा लेकर इलाज करवाया। संस्था ने सुख राम के घर जाकर कर्म, क्रिया का सारा खर्चा व छह हजार रुपए मौके पर दिए गए। इस मौके पर संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित वासुदेव शर्मा ने बताया कि संस्था इस परिवार कि हमेशा मदद करती रहेगी। शर्मा ने सभी पदाधिकारियों, सदस्यों व समाजसेवीयों से प्रार्थना की है कि संस्था से जुड़ कर दिन, दु:खियों की मदद मे संस्था का साथ देने के लिए आगे आए।

# कांग्रेस प्रत्याशी कैप्टन रणजीत ने भाजपा पर साधा निशाना

अनंत ज्ञान, सुजानपुर

सुजानपुर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी कैप्टन रणजीत सिंह राणा ने कहा है कि सुजानपुर की जनता किसी बिकाऊ को नहीं, अपितु मुख्यमंत्री को चाहती है। उन्होंने कहा कि जनता द्वारा चुने प्रतिनिधि ने पांच वर्ष तक पहले तत्कालीन प्रदेश भाजपा सरकार को कोसने का काम किया तथा विकास कार्य थमे रहे। अब अपनी सरकार के खिलाफ बगावत कर सुजानपुर में दोबारा विकास कार्यों पर ग्रहण लगा दिया।



उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा को जनता ने पांच वर्ष के लिए जनादेश दिया था, लेकिन उन्होंने जनता की आकांक्षाओं का अपमान किया। सुजानपुर की जनता ने पहले भी मुख्यमंत्री खोया है, लेकिन अब दूसरी बार ऐसी गलती करने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि वह सुजानपुर की जनता के मान-सम्मान की लड़ाई लड़ रहे हैं, जिसके लिए चुनाव मैदान में उतरे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ईमानदार और जिला के विकास के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन सुजानपुर से भाजपा के प्रत्याशी ने लालच में आकर पहले कांग्रेस को छोड़ा और अब भाजपा में आकर भाजपा के संगठन को खत्म करेंगे। इसलिए सुजानरपुर की की जनता ने खुद फैसला करना है कि उन्हें ईमानदार मुख्यमंत्री चाहिए या फिर पाला बदलने वाला प्रतिनिधि चाहिए। वहीं, सुजानपुर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी कैप्टन रणजीत सिंह राणा ने कहा है कि सुजानपुर की जनता किसी बिकाऊ को नहीं, अपितु मुख्यमंत्री को चाहती है। इस दौरान उन्होंने बीजेपी ने जमकर निशाना साधा।



बड़ा। कस्बा बड़ा के सुकराला में शुक्रवार को विशाल वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में दूर-दूर से लोगों ने आकर प्रसाद ग्रहण किया।

# दस पोलिंग पार्टियां 21 से 29 तक घर-घर जाकर उम्रदराज वोटरों से डलवाएंगी वोट

अनंत ज्ञान भरेड़ी

भोरंज-36 आरक्षित विधानसभा क्षेत्र में 10 पोलिंग पार्टियां 21 से 29 मई तक नौ दिनों में 85 वर्ष से अधिक उम्रदाज लोगों का घर-घर में में ही वोट डलावाने को कार्य करेगी।

इसके लिए जल्द ही पार्टियों का गठन किया जा रहा है। यह पोलिंग पार्टियां घर में ही वोटिंग कंर्पाटमेंट लगाकर गुप्त मतदान करवाने का कार्य करेगी। यह बात भोरंज एसडीएसम संजय स्वरूप ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र में मतदान बढ़ाने के लिए स्वीप टीम लगातार नियमित रूप से कार्य कर रही है। टीम ने स्कूलों, कॉलेजों, गांवों व पंचायतों में ग्रामीणों, महिला मंडल के सदस्यों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा वर्कर व मतदाता साक्षरता क्लबों के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक वोट देने के जागरूक किया गया है। इसी तरह स्कूली बच्चे मतदान के लिए जागरूक करने हेतु ग्रेटिंग कार्ड तैयार कर रहे हैं। इसका लोकसभा चुनावों में साकारात्मक परिणाम आने की प्रबल संभावना है। उन्होंने कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र के 101 पोलिंग बूथों में मतदाताओं को बेहत्तर सुविधाएं देने का प्रयास किया गया है।

पहली बार भोरंज विधानसभा क्षेत्र में 2216 युवा मतदाता अपने मत को प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनावी पर्व को सफल बनाने के लिए भोरंज विधानसभा क्षेत्र में दो संवेदनयाील और तीन मॉडल बूथ बनाए गए हैं। इनमें 91 भकेड़ा, 93 खूथड़ी-दो और 67-भरेडी-दो को शामिल किया गया है।

**भोरंज स्कूल में होगी कर्मचारियों की रिहर्सल**



**एसडीएम** ने कहा कि इसी तरह पांच महिला बूथ में 53 भोरंज-एक, 54 भोरंज-दो, 55 भोरंज-तीन, 37 तरक्काड़ी-एक व 38 तरक्काड़ी-दो शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि 23 मई को भोरंज विधानसभा क्षेत्र में मतदाता डयूटी में लगे कर्मचारियों की दूसरी रिहर्सल भोरंज स्कूल में रखी गई है। इसी दिन चुनावों में लगे कर्मचारियोंको ईडीसी जारी करके वोट भी डलवाए जाएगें। उन्होंने सभी से वोट डालने की अपील की है।

# जाहू में स्वयंसेवियों ने की साफ-सफाई

**भरेड़ी।** भोरंज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू में राष्ट्रीय सेवा योजना अर्थात एनएसएस के स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों को स्वच्छता और चुनावों में मतदान करने के महत्व से जागरूक किया। सबसे पहले स्कूल के स्वयंसेवियों ने स्कूल के साथ लगती जाहू अस्पताल सड़क के किनारे उगी घास व झाड़ियों को काट की नष्ट किया। इसके अलावा स्वयंसेवियों ने जागो मतदाता के नारे लगाकर वोट के महत्व से ग्रामीणों को अवगत करवाया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य रमेश ठाकुर ने स्वयं सेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को जागरूक करना और स्वदेश प्रेम की भावना पैदा करना स्वयंसेवियों का नैतिक कर्तव्य है। इससे जहां शिक्षण संस्थानों के प्रति विश्वास बढ़ेगा, वहीं स्कूल के संरचनात्मक ढांचे में सुधार होगा। उन्होंने स्वयं सेवियों से आह्वान किया कि वह इस तरह की भावना स्कूल व गांव में अन्य छात्रों में पैदा करें और स्वच्छता व लोकसभा के चुनावों में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करें।

# हमीरपुर में एकतरफा जीत को देखकर बौखला गए हैं सीएम: राकेश जम्वाल

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

राकेश जम्वाल ने हमीरपुर के एक निजी होटल में मीडिया से रू-ब-रू होते हुए कहां की केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की एकतरफा जीत को देख कर मुख्यमंत्री व कांग्रेस बौखला गई हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री संकुचित सोच वाले व्यक्ति हैं, जिनको हमीरपुर और जोल सप्पड़ में भी फर्क नज़र आता है। अनुराग ठाकुर ने सांसद रहते हुए रिकॉर्ड विकास कार्य संसदीय क्षेत्र में करवाए हैं और पूरे प्रदेश में भी अनगिनत विकास परियोजनाओं को धरातल पर उतारा है।



हमीरपुर में प्रेसवार्ता करते हुए विधायक राकेश जम्वाल।

उन्होंने ने कहा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के पास अपने किए गए कुछ काम दिखाने को नहीं है। इसलिए हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कॉलेज की स्थापना पर गलत बयान दे कर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू का यह ब्यान कि यूपीए सरकार में हमीरपुर के लिए मेडिकल कॉलेज की घोषणा हुई जोकि गलत है। 2014 चुनाव से चंद दिन पहले मेडिकल कॉलेज की मात्र की चर्चा कर देने से मेडिकल कॉलेज नहीं बन जाता। विधायक राकेश जम्वाल ने कहा आज मुख्यमंत्री दूसरों के किए गए काम कॉलेज की स्थापना का श्रेय लेना चाह रहे हैं। संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को इस तरह से गलत बयान देकर जनता को गुमराह नहीं करना चाहिए। उन्होंने नाहन मेडिकल कॉलेज के भवन निर्माण का कार्य तो वर्तमान सुखविन्द्र सरकार ने पूरी तरह से बंद करवा दिया था।

**जेपी नड्डा ने उपलब्ध करवाया था धन**

**जम्वाल** ने कहा कि सच्चाई यह है कि जब लोक सभाचुनाव 2014 हुआ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी तब स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश ने तीनों मेडिकल कॉलेजों के लिए संपूर्ण धन का प्रावधान किया और उसी धन की उपलब्धता के आधार पर तीनों मेडिकल कॉलेज बनने शुरू हुए। इसमें 10 मार्च, 2015 को जिला/रेफरल अस्पतालों से जुड़े नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए केंद्र प्रायोजित योजना के तहत 189 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए। संपूर्ण केंद्रीय राशि 170.1 करोड़ रुपए राज्य सरकार को जारी किए गए। इस कॉलेजों का उद्घाटन 2018 में मुख्यमंत्री द्वारा किया गया और यह शैक्षणिक सत्र 2018-19 से कार्यात्मक है।

# जरूरतमंद लोगों की दी आर्थिक सहायता

अनंत ज्ञान, भरेड़ी

उपमंडल भोरंज के तहत गरीब असहाय सहायता संस्था भरेड़ी की नई कार्यकारिणी की पहली मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें छह परिवारों की 65000 की आर्थिक सहायता गरीब लोगों को दी।

इसमें पवना कुमारी गांव पलपल को अधरंग के इलाज के लिए 5000, प्रेम लता पत्नी कृष्णा चंद गांव बागवाड़ को गले के कैंसर के इलाज के लिए 15000, महेंद्र सिंह गांव व डॉ. झंडूता जिला बिलासपुर को भी कैंसर के इलाज के लिए 15000, सुरेशा देवी पत्नी कृष्णा चंद गां. भोटी डा. भोरंज जिला हमीरपुर को टांग टूट जाने पर इलाज हेतु 5000, नीलम कुमारी पत्नी मोहन लाल गांव मानवी तहसील भोरंज जिला हमीरपुर को उनकी लड़की को टांग दुर्घटना में टूट जाने पर इलाज हेतु के 10000, शकुंतला देवी पत्नी पवन कुमार गांव व डाकघर मुंडखर तहसील भोरंज को हृदय रोग से ग्रसित होने एक इलाज हेतु में 15000 दिए गए। संस्था के संस्थापक डॉ. पिसी सैणी ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2003 से गरीब असहाय सहायता संस्था भरेड़ी आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की सहायता करती आ रही है। संस्था का ध्येय ही हर गरीब तक पहुंचाना है, ताकि उनकी आर्थिक सहायता की जा सके। संस्था भोरंज के अलावा प्रदेश व देश में भी कई लोगों की सहायता कर चुकी है।

# परशुराम जयंती पर निकाली शोभायात्रा




**सुजानपुर।** राम भरोसे युवा क्लब आलमपुर द्वारा परशुराम जयंती के अवसर पर एक शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभा यात्रा आलमपुर से होकर सुजानपुर के विभिन्न स्थानों तक गुजरी। क्लब के अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने बताया कि हर वर्ष क्लब द्वारा यह शोभा यात्रा निकाली जाती है। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने लोगों से भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। शोभायात्रा में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# सतपाल रायजादा के नॉमिनेशन पर उमड़े जनसैलाब से भाजपा के उड़े होश: राजेश

अनंत ज्ञान, बड़ा

हमीरपुर लोकसभा के कांग्रेस के प्रत्याशी सतपाल रायजादा के नामांकन पत्र भरने के दौरान जिस तरह से लोगों का जनसैलाब उमड़ा हैं उससे भाजपा नेता सकते में पड़ गए हैं। ये बात जिला हमीरपुर के बीस सूत्रीय कार्यक्रम विकास योजना के सदस्य राजेश कुमार पिंका ने आज एक विशेष वार्ता के दौरान कही। इस अवसर पर उनके साथ कुलदीप पटियाल, प्रवीण चौधरी, आदि विशेष रूप से शामिल थे।

राजेश कुमार ने कहा कि इस उमड़े भारी जन सैलाब से ये बात तो स्पष्ट हैं कि प्रदेश की जनता धनबल वालों के साथ नहीं जनबल वालों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की बढ़ती लोकप्रियता से बोखला गए हैं। इस लिए वे उनके बारे में आए दिन अनाप शनाप बयान बाजी करते रहते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को तो रात सपने में भी मुख्यमंत्री की कुर्सी नजर आती हैं। उन्होंने भाजपा नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिस समय प्रदेश वासी आपदा के संकट जूझ रहे थे ओर मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व प्रदेश सरकार आपदा से पीड़ित लोगों के घर घर जाकर उनके दु:ख दर्द को बांट कर उनकी सहायता कर रही थी तो ये भाजपा नेता उस दौरान भी अपनी राजनीती करने मे मशगूल थे। अब प्रदेश के लोगों को मालूम हो गया हैं कि प्रदेश वासियों के हितों की रक्षा एवं विकास मात्र कांग्रेस सरकार ही करवा सकती हैं। भाजपा मात्र घटिया बयानबाजी एवं अपने धनबल से देश में सरकारों को गिराने का काम ही कर सकती हैं। भाजपा ने प्रदेश में ऑपरेशन लोटस चला कर जिस तरह से प्रदेश की सुक्खू सरकार को गिराने का घटिया प्रयास किया हैं। इसके लिए भाजपा को उसका सबक सिखाने का लोगों ने मन बना लिया हैं।

**चुनाव** सुजानपुर में राजेंद्र राणा के नॉमिनेशन के मौके पर केंद्रीय मंत्री ने जनसभा को किया संबोधित

# अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस को लिया आड़े हाथ

अनंत ज्ञान, सुजानपुर

राजेंद्र राणा के नॉमिनेशन के मौके पर विशाल जनसभा का आयोजन किया गया।

सुजानपुर चौगान में आयोजित हुई इस जनसभा में विशेष रूप से केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, सुंदरनगर से विधायक एवं सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र चुनाव प्रभारी राकेश जम्वाल, हमीरपुर से विधायक आशीष शर्मा, पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री, सह प्रभारी सुमित शर्मा सहित तमाम पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस मौके पर जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार को जमकर खरी खोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि 15 महीने की इस सरकार ने लोगों को दुखी करके रखा है। चुनावी वादे पूरे नहीं किए।

आज देश में अगर किसी की गारंटी चलती है तो भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी चलती है। उन्होंने सुजानपुर की जनता से अपील की कि यहां की जनता पहली जून को मतदान करके उपचुनाव में उतरे प्रत्याशी राजेंद्र राणा को जीत दिलाए।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हिमाचल में लोकसभा का चौका लगेगा और विधानसभा उपचुनाव का छक्का भी लगेगा। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने राजेंद्र राणा को छोटा भाई कहकर संबोधित करते हुए उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक वोट राजेंद्र राणा और एक वोट अनुराग ठाकुर को कमल के चुनाव निशान पर आपने करना है। इस मौके पर सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा ने भी सरकार पर जमकर हमला बोला।



राजेंद्र राणा के नॉमिनेशन के मौके पर उपस्थित केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पूर्व सीएम जयराम ठाकुर व राजेंद्र राणा के साथ अन्य नेता।

**राजेंद्र राणा ने मतदान करने की अपील की**

**उन्होंने** कहा कि अपने आप को हमीरपुर का मुख्यमंत्री कहने वाले सुक्खू हमीरपुर के मुख्यमंत्री नहीं हैं। वह शिमला के मुख्यमंत्री हैं। यहां की जनता जानती है कि आपने हमीरपुर जिलो के लिए क्या किया है। इस मौके पर विधायक आशीष शर्मा ने भी जनता को संबोधित करते हुए राजेंद्र राणा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

## संपादकीय

# चुनाव में धन बल का इस्तेमाल

देशभर में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। हिमाचल में पहली जून को मतदान होना है। लोकसभा की चार सीटों के अलावा यहां छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव भी होना है। चुनावों में धन बल का प्रयोग बड़े स्तर पर किया जाता है, जिसे देखते हुए चुनाव आयोग आचार संहिता के दौरान लोगों के लिए अपने साथ ले जाने वाली नकदी की सीमा निर्धारित कर देता है। उनसे ज्यादा कैश मिलने पर उसे जब्त कर लिया जाता है। हिमाचल में मतदान होने को अभी काफी वक्त है, लेकिन चुनावों की अधिसूचना जारी होने से लेकर अब तक जितनी नकदी पकड़ी गई है, वह 2019 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान जब्त की गई नकदी के आंकड़े को पार कर गई है। चुनाव आयोग की मानें तो हिमाचल में अब तक 13.38 करोड़ रुपए की नकदी जब्त की गई है, जो कि 2019 के मुकाबले अधिक है। वर्ष 2019 में हिमाचल में 11.31 करोड़ रुपए की नकदी जब्त की गई थी। सबसे ज्यादा नकदी संसदीय क्षेत्र शिमला में जब्त की गई है, जो कि 4.19 करोड़ रुपए बताई जा रही है। इसके बाद संसदीय क्षेत्र हमीरपुर है, जहां 3.98 करोड़ रुपए जब्त किए गए हैं। सबसे कम नकदी मंडी संसदीय क्षेत्र में पकड़ी गई है, जो कि 1.83 करोड़ रुपए बताई जा रही है।

चुनाव आयोग के अनुसार, नकदी के अलावा राज्य पुलिस, कर और उत्पाद शुल्क विभाग एवं प्रवर्तन एजेंसियों की ओर से करोड़ों रुपए के गहने, शराब, ड्रग्स और अन्य प्रतिबंधित सामान भी जब्त किया गया है। राज्य में एक जून तक चुनाव आचार संहिता लगी रहेगी, ऐसे में यह आंकड़ा अभी और बढ़ने वाला है। अब सवाल यह है कि चुनाव आयोग ने आचार संहिता के दौरान जब नकदी ले जाने की सीमा तय की है, तो लोग उससे ज्यादा कैश लेकर क्यों घूम रहे हैं? शराब और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएं कहां पहुंचाई जा रही हैं? क्या इस नकदी और अन्य सामान का इस्तेमाल चुनाव को प्रभावित करने के लिए किया जा रहा है? यह जो जग जाहिर है कि चुनाव जीतने के लिए राजनीतिक पार्टियां हर दांव-पेंच खेलती हैं। मतदाताओं को कई प्रकार के प्रलोभन दिए जाते हैं। धन एवं बल दोनों का प्रयोग कर वोटर्स को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए मजबूर किया जाता है। चुनाव प्रक्रिया जितनी लंबी चलती है, पार्टियां उतना ही धन बल का इस्तेमाल करती हैं। पार्टी या प्रत्याशी को जहां अपनी स्थिति कमजोर लगती है, वहां वोटर्स को रिझाने के लिए उन्हें कई प्रकार के प्रलोभन दिए जाते हैं। पैसे के अलावा रोजगार और निजी कार्य करवाने तक के प्रलोभन मतदाताओं को दिए जाते हैं।

प्रदेश में पकड़ी गई करोड़ों रुपए की नकदी कहीं न कहीं इसी ओर इशारा कर रही है कि पार्टियां मतदाता को रिझाने के लिए उनके साथ सौदेबाजी कर रही हैं। जहां धन से काम बनता दिख रहा है, वहां धन और जहां शराब से वोट मिलते दिख रहे हैं, वहां शराब को बांटा जा रहा है। चुनाव आयोग की इतनी सख्ती के बावजूद पार्टियां धन से वोट खरीदने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। 13.38 करोड़ रुपए तो वह आंकड़ा है, जो कि जब्त किया गया है। इसके अलावा न जाने कितने करोड़ रुपए पार्टियों एवं प्रत्याशियों की ओर से वोट के लिए बांटा जा चुका है। हालांकि धन बल और अन्य प्रलोभनों से वोटर्स को प्रभावित करना लोकतंत्र में अनैतिक कार्य माना जाता है, लेकिन सच तो यही है कि चुनाव के दौरान सबसे ज्यादा यही अनैतिक कार्य राजनीतिक पार्टियों की ओर से किया जाता है। चुनावों में धन बल के इस्तेमाल को रोकना चुनाव आयोग के सामने सबसे बड़ी चुनौती भी है। आयोग का मानना है कि धन बल के इस्तेमाल पर रोक लगाना इसलिए जरूरी है, ताकि एक आम आदमी भी चुनाव लड़ सके। आयोग ने चुनावी निष्पक्षता को बनाए रखने के लिए प्रत्याशियों के खर्च की सीमा भी तय कर रखी है, लेकिन प्रत्याशी उस सीमा से कहीं ज्यादा खर्च करते हैं। ऐसे में एक आम प्रत्याशी के लिए चुनाव जीत पाना काफी मुश्किल हो जाता है। यही वजह है कि इलेक्शन कमीशन चुनाव प्रचार पर खर्च और अपने साथ नकदी ले जाने की सीमा तय कर देता है, ताकि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव करवाए जा सकें। ■

# विज्ञान और तकनीक देश के विकास की शक्ति

**राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर विशेष**

प्रतिवर्ष 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जाता है। विज्ञान और तकनीक को आज किसी भी देश के विकास की चालक शक्ति माना जाता है। भारत देश में भी लगातार इसे बढ़ावा दिया जा रहा है। 11 मई 1998 को भारत ने पोखरण में परमाणु परीक्षण करके दुनिया में अपनी धाक जमाई। स्वदेश निर्मित विमान हनसा थ्री ने भी 11 मई के ही दिन ही पहली उड़ान भरी थी। त्रिशूल मिसाइल का सफल परीक्षण भी इसी दिन किया गया था। 11 मई को भारत ने अपना सबसे ताकतवर परमाणु परीक्षण किया था, इसलिए इस दिन को याद रखने के लिए हर साल 11 मई को ही राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाते हैं।

इस युग में टेक्नोलॉजी ने हर तरफ से हमें घेर रखा है। हमारी हर जरूरत को पूरा करने में टेक्नोलॉजी हमारी सहायता करती है, इतना ही नहीं काफी हद तक इंसान प्रौद्योगिकी पर निर्भर होता जा रहा है। इसके पीछे का कारण है प्रौद्योगिकी हमारे हर काम को बेहतर और आसान बनाने में हमारी सहायता करती है। प्रौद्योगिकी अगर नहीं होती तो दूरसंचार, मेडिकल, शिक्षा एवं व्यापार करने में बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ता। किसी भी देश के नागरिकों को विकास करने के लिए टेक्नोलॉजी की बहुत ज्यादा जरूरत है, इसलिए कुछ सालों से भारत अपनी टेक्नोलॉजी को एक उच्च स्तर पर पहुंचाने में लगा हुआ है। इसके साथ-साथ भारत का केंद्रीय मंत्रालय प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का आयोजन करता है। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी पुरस्कारों का भी वितरण किया जाता है, जो प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने वाले अनुसंधान संस्थान तथा वैज्ञानिकों को प्रदान किए जाते हैं।



लेखक : लकेश चंदेल
अध्यापक, बिलासपुर

विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की प्राचीन काल की उपलब्धियों से लेकर इस शताब्दी तक महान सफलताओं की एक लंबी और अनूठी परंपरा रही है। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय हमारा वैज्ञानिक व प्रौद्योगिकी संरचना विकसित देशों जैसे मजबूत नहीं थी, इस कारण हम प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अन्य देशों की विशेषज्ञता पर आधारित थे, इसलिए राष्ट्रीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक आधारभूत ढांचा बना और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय कार्य हुआ। इसके परिणामस्वरूप अन्य देशों पर भारत की निर्भरता घटी है। वस्तुओं, सेवाओं और उत्पादों के लिए व्यापक पैमाने पर लघु उद्योगों से लेकर अत्यधिक परिष्कृत उद्योगों तक की स्थापना की जा चुकी है। मूलभूत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र की नवीनतम जानकारी से लैस अनुभवी विशेषज्ञों का समूह अब हमारे देश में उपलब्ध है, जो प्रौद्योगिकी के विकास क्षेत्र में एक नई गाथा लिख रहा है। भारत का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों तथा खगोल विज्ञान, चिकित्सा शास्त्र, गणित आदि विधाओं में एक उत्कृष्ट परंपरा रही है। अंक विचार, शून्य तथा दशमलव प्रणाली से सबसे पहले भारतीयों ने ही विश्व को अवगत कराया था। भारत में इन अंकों तथा संख्याओं का प्रयोग शताब्दियों से होता आ रहा था, जबकि पश्चिमी देशों में इनका प्रयोग काफी बाद में प्रारंभ हुआ था। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा गणित का विकास भारत के गुप्त काल में विश्व के अन्य देशों की अपेक्षा काफी अधिक हुआ। 'सूर्य सिद्धांत' आर्यभट्ट के समय की प्रख्यात कृति है। इस सिद्धांत के आधार पर ग्रहण लगने के लिए भविष्यवाणी की जा सकती है। प्राचीन काल में आर्य भट्ट सर्वाधिक प्रख्यात खगोल शास्त्री थे।

उन्होंने सूर्य ग्रहण एवं चंद्र ग्रहण के कारणों का भी पता लगाया था। भारत की धात्विक श्रेष्ठता का पता दिल्ली स्थित उस लौह स्तंभ से होता है, जो सदियों के बाद भी बिना अपनी चमक को अथवा जंग लगे खड़ा है। कोणार्क मंदिरों के सभी प्राचीन स्तंभ भारत के उच्च धातु तकनीक के प्रमाण हैं। मोहनजोदड़ो एवं हड़प्पा का शहरीकरण एवं ताजमहल का अनूठा उदाहरण यह सभी भारतीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की श्रेष्ठता को ही दर्शाते हैं। चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में आयुर्वेद भारतीयों की ही देन है। अंग्रेजी शासन के दौरान अनेक संस्थाओं की स्थापना की गई, जिन्होंने देश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की, जैसे जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया 1851, इंडियन कोस्टल सर्वे 1857, बोटैनिकल सर्वे ऑफ इंडिया 1899, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पुणे 1938। इन संस्थाओं की स्थापना से भारत में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शोध कार्यों को व्यापक प्रसार मिला। आइंस्टीन के साथ शोध करते हुए एसएन बोस द्वारा बोस आइंस्टीन समीकरण दिया गया। पीसी महालनोबिस द्वारा संख्याकी एवं एसएस भटनागर द्वारा रसायन शास्त्र के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण शोध किए। विक्रम साराभाई को भारतीय अंतरिक्ष शोध कार्यक्रम का पितामाह कहा जाता है। वहीं, सीवी रमन का योगदान तो अविस्मरणीय है, जिन्होंने प्रकाश के प्रकीर्णन और रमन प्रभाव की खोज की, जिसके लिए उनको नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

जनवरी, 2003 में राष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस के उद्घाटन पर नई विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नीति की घोषणा की गई। 11वीं पंचवर्षीय योजना जो 2007 से 2012 तक चली समावेशी विकास के मूल सिद्धांत पर आधारित थी, क्योंकि भारत में अभी भी ग्रामीण इलाका विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विकास से वंचित था। अत: गांव और शहरों के मध्य दूरियों को कम करने के लिए, 11वीं पंचवर्षीय योजना विज्ञान व प्रौद्योगिकी के समुचित इस्तेमाल की बात रखी गई। यह दिवस भारत के उन महान वैज्ञानिकों के स्मरण के लिए समर्पित है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन भारत देश के चहुंमुखी विकास में लगा दिया। होमी जहांगीर भाभा भारत के एक प्रमुख वैज्ञानिक थे, जिन्होंने भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम की कल्पना की थी। कैंब्रिज विश्वविद्यालय से शिक्षित भाभा के मन में अपने देश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक क्रांति लाने का जुनून था।

यह उनके प्रयासों का ही प्रतिफल है कि आज सभी विकसित देश भारत के नाभिकीय वैज्ञानिकों की प्रतिभा एवं क्षमता का लोहा मानते हैं। भारत देश आज भी विकास की ओर बढ़ रहा है, जिसमें शासन के प्रत्येक क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाता है द्य सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों, कार्यालय विभागों आदि की सूचना एवं उनकी सेवाओं को भी आम जनता तक सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से ही पहुंचाया जाता है। अत: हम कह सकते हैं कि यह सब भारतीय प्रौद्योगिकी की ही देन है। आजकल मीडिया, समाचार पत्र सब प्रौद्योगिकी पर ही आधारित है।

## नजरिया

# चुनाव में सिर्फ हिंदू जातियों पर चर्चा करने वाले कौन?

लेखक : आरके सिन्हा
वरिष्ठ संपादक, पूर्व सांसद

हर बार की तरह इस लोकसभा चुनाव में भी अपने को राजनीति का विद्वान बताने वाले ज्ञानियों ने किस संसदीय क्षेत्र में किसके हक में बयार बह रही है, इस विषय पर लिखना-बताना शुरू कर दिया है। वे अपना विश्लेषण रखते हुए बताते हैं कि वहां (उस संसदीय क्षेत्र में) इतने फीसद क्षत्रिय, ब्राह्मण, दलित, पिछड़े, अति पिछड़े, यादव वगैरह हैं। यहां तक तो सब ठीक है, पर जातियों का गणित बताने वाले मुसलमानों, सिखों, ईसाइयों की जातियों पर वे मौन ही रहते हैं।

उन्हें जातियों के कोढ़ के बारे में सिर्फ हिंदुओं की ही चर्चा करनी होती है। उन्हें लगता है कि मानों जातियां सिर्फ हिंदू धर्म में ही हैं, जैसे कि बाकी धर्मावलंबी किसी जात-पात में यकीन नहीं करते। इससे एक बात बहुत साफ हो जानी चाहिए हमारे यह कथित विद्वान देश की जमीनी हकीकत से कितने नावाकिफ हैं, उन्हें यह मालूम ही नहीं है कि जाति भारत का सच है। कोई इंसान अपना धर्म बदल सकता है, पर जाति उसके साथ हमेशा रहती है। वह जाति से अपने को दूर नहीं कर पाता है। राममनोहर लोहिया यह बात बार-बार कहा करते थे।

अगर बात मुसलमानों की करें तो सब जानते हैं कि मुसलमान अशराफ, अजलाफ और अरजाल श्रेणियों में बंटे हैं। शेख, सैयद, मुगल और पठान अशराफ कहे जाते हैं। अशराफ का मतलब है, जो अफगान-अरब मूल के या हिंदुओं की अगड़ी जातियों से धर्मांतरीत मुसलमान हैं। अजलाफ पेशेवर जातियों से धर्मांतरित मुसलमानों का वर्ग है। एक तीसरा वर्ग उन मुसलमानों का है, जिनके साथ शेष मुसलमान भी संबंध नहीं रखते। इन्हें ही पसमांदा मुसलमान कहते हैं। हालांकि इस्लाम में जाति का विचार तो नहीं है। इस्लाम जाति के कोढ़ को ललकारता भी है। इसके बावजूद सारा मुसलमान समाज जाति के दलदल में फंसा है। मुसलमानों में अलग-अलग जातियों के अपने कब्रिस्तान तक हैं। राजधानी में पंजाबी मुसलमानों के कब्रिस्तान में गैर-पंजाबी मुसलमानों का प्रवेश निषेध है। शिया और सुन्नियों के तो प्राय: अपने अलग-अलग कब्रिस्तान तो होते ही हैं। शियाओं की अपनी मस्जिदें भी होती हैं। वे अन्य मस्जिदों में नहीं जाते। अपने को मुसलमानों का रहनुमा कहने वाले मुसलमान नेता भी पसमांदा मुसलमानों के मसलों को उठाने की जहमत नहीं दिखाते। मशहूर शायर मोहम्मद इकबाल बार-बार बताते थे कि उनके पुरखे हिंदू पंडित थे। खैर, अपने को बाबा साहब अंबेडकर का अनुयायी बताने वाले दलित नेताओं को शायद यह मालूम हो कि बाबा साहेब ने 25 नवंबर, 1949 को संविधान सभा को संबोधित करते हुए बहुत साफ शब्दों में कहा था, 'जाति तो राष्ट्र विरोधी है ...पर, भारत में जातियों के असर को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इनसे समाज बिखरता है।' **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## कविता



### तन दा मैल

चंचल सरोलवी
चंबा, हिमाचल प्रदेश

*तन दा मैल छैल न्हाई धोई चुक्कदा!*
*मन दा मैल प्रभु कने धियान लाई मुक्कदा!!*
*जिनी करणी उनी भरणी कम्म नी सुक्खदा!*
*अपणा कित्ता अप्पु पाणा दिक्खेया तू चुक्कदा!!*
*अपणी छिक्क धरीड हर कोई लगोरा लाणा!*
*मैं मैं दी दोड हर कोई लगोरा लाणा!!*
*इत्ते दी माया उत्ते कुनी लैई करी जाणा!*
*मोह माया दा मोह नी छूट्दा कै गलाणा*
*करम दी फिरकणी फरकान्दी रैन्दी!*
*जदेया करम उदेया फल् चखान्दी रैन्दी!!*
*सुख दु:ख दी बदली छान्दी रैन्दी!*
*खट्टे मिठ्ठे एहसास करान्दी रैन्दी!!*

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### स्वतंत्र भारत के पहले कानून सचिव

**कल्याण** वैद्यनाथन कुट्टूर सुंदरम, जिन्हें केवीके सुंदरम भी कहा जाता है, एक भारतीय सिविल सेवक थे, जो स्वतंत्र भारत के पहले कानून सचिव (1948-58) और दूसरे मुख्य चुनाव आयुक्त रहे। उन्होंने 1968-71 की अवधि के लिए भारत के पांचवें विधि आयोग की अध्यक्षता भी की। वह श्वेत पत्र के प्रमुख लेखक भी थे, जिसका उपयोग भारत की स्वतंत्रता के बाद भाषाई आधार पर राज्यों के गठन का मार्गदर्शन करने के लिए किया गया था। इसके अलावा वह एक संस्कृत विद्वान भी थे, जिन्होंने अंग्रेजी दर्शकों के लिए संस्कृत लेखक कालिदास की रचनाओं का अनुवाद किया था। केवीके सुंदरम ने अपना आईसीएस करियर 1927 में मध्य प्रांत में शुरू किया था। उन्होंने सबसे पहले 1931 में जिलों में काम किया और फिर नागपुर में एक सुधार अधिकारी के रूप में प्रांतीय स्तर तक पहुंचे। वहां उन्होंने ऐसी कानूनी कुशलता का प्रदर्शन किया कि न्यायिक आयुक्त सर रॉबर्ट मैकनेयर ने एक बार टिप्पणी की थी कि सुंदरम उन कुछ कनिष्ठ कानूनी अधिकारियों में से एक थे, जिनकी सिफारिशों को वह स्वयं मूल्यांकन किए बिना मामलों के निपटान में लेते थे। वर्ष 1935 में भारत सरकार अधिनियम लागू किया गया, जिसके कारण भारतीय प्रांतों में एक निर्वाचित विधायिका की स्थापना हुई। यह अधिनियम भारत को स्वतंत्रता दिलाने की दिशा में उठाए गए पहले कदमों में से एक था। इस अधिनियम को लागू करवाने में केवीके सुंदरम ने सक्रिय भूमिका निभाई थी।



केवीके सुंदरम
जन्म : 11 मई, 1904
मृत्यु : 23 दिसंबर, 1992

# हिंसा से अधिक शक्ति क्षमा, प्रेम, मैत्री में है

मानव के बारे में एक मान्यता यह है कि अपनी प्रारंभिक अवस्था में वह पूर्णत: अविकसित जंगली था। क्षुधापूर्ति हेतु एक-दूसरे को मार खाना उनके लिए सहज था। मानव प्राय: जंगली जानवरों को शिकार बनाता और स्वयं भी उनका शिकार हो जाता। इस प्रकार मानव अस्तित्व के सामने प्रश्नचिन्ह था। अस्तित्व बचाने संबंधी मस्तिष्कीय चिंतन से आपस में मारने का क्रम रुक गया, लेकिन अन्य प्राणियों का भक्षण होता रहा। सामूहिकता की भावना से मनुष्यों में एक स्थान पर साथ-साथ रहने की आदत बनी। ऐसा करने से जंगली जानवरों के आक्रमण से वे सुरक्षित महसूस करने लगे। यदि कोई जानवर या जानवरों का समूह किसी मनुष्य या मनुष्य समूह पर आक्रमण करता तो एक ही स्थान पर उपस्थित सभी मनुष्य सामूहिक रूप से आक्रमणकारियों के विरुद्ध एकजुट हो जाते।

मानवीय सोच में विकास क्रम से धीरे-धीरे पशुपालन, कृषि कार्य आदि अस्तित्व में आए। मनुष्य धीरे-धीरे विकास करता रहा। मानव-जाति की प्रगति चींटी की चाल से होती है। प्राचीन काल से दो बातों के लिए ही हिंसा होती रही है, भक्षण और रक्षण के लिए। मनुष्य एक तो खाने के लिए हिंसा करता है और दूसरे अपनी रक्षा करने के लिए। मनुष्य जो कुछ खाता है, वही ईश्वर को अर्पण करता है। यज्ञ का मूल अर्थ था ईश्वर को आहुति देना। यह प्रश्न पैदा हुआ कि ईश्वर को क्या दिया जाए? यह बात सहज ही तय हो गई कि जो चीज हमें पसंद, वही ईश्वर को दी जाए।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अत्यंत प्राचीन काल में आदमी आदमी को ही खा जाता था। इसमें कोई संदेह नहीं कि जब मनुष्य-मनुष्य को खाता था। उसी समय ईश्वर को भी मनुष्य की ही बलि चढ़ाने की प्रथा शुरू हुई होगी। विचारशील मनुष्य विचार करने लगा। उसे लज्जा का अनुभव होने लगा। उसके मन में विचार आया कि जिस मनुष्य को हमारी ही तरह सुख-दुख का अनुभव होता है, उसे हम कैसे मारें? अत: कुछ विचारशील लोगों ने नर मांस खाना बंद कर दिया। मनुष्यता का यह पहला पाठ है कि मनुष्य, मनुष्य को न खाए और मनुष्य, मनुष्य को मारे नहीं। इस प्रकार यदि दूसरा कोई हमें गुलाम बनाने के लिए आए तो हमें क्या करना चाहिए? आत्मरक्षा के लिए हिंसा का अवलंबन किए बिना कोई रास्ता नहीं था, लेकिन कुछ लोगों को ऐसा प्रतीत होने लगा कि ऐसी हिंसा करना बुरा है। आत्मरक्षा के लिए की गई हिंसा कोई अपराध नहीं है, कम से कम अपने हाथ से तो ऐसा नहीं हो। ब्राह्मणों ने क्षत्रियों से कहा 'हम हिंसा नहीं करेंगे। हम अहिंसा का व्रत लेते हैं, यदि हमारे ऊपर कोई आक्रमण करे तो हमारी रक्षा करना।' विश्वामित्र ने अपने यज्ञ की रक्षा के लिए राम-लक्ष्मण को बुलाया। स्वयं विश्वामित्र ने उन्हें धनुर्विद्या सिखाई। विश्वामित्र ब्रह्मर्षि हो गए थे। उन्होंने राम-लक्ष्मण से कहा 'राक्षस लोग मेरे यज्ञ पर आक्रमण करेंगे। तुम उन राक्षसों का वध करो। मैं तुम्हें धनुर्विद्या सिखाता हूं। तुम इस विद्या से अजेय बन जाओगे, यदि कोई कठिनाई में है तो उससे युद्ध न करें। रात्रि में युद्ध न करें। पैदल-पैदल से, रथी-रथी से, गदाधारी, गदाधारी से ही लड़े। इस प्रकार के भिन्न-भिन्न युद्धधर्म निश्चित किए गए। इन सबका उद्देश्य यही था कि हिंसा कम हो अर्थात जितनी आवश्यक हो, उतनी ही हो। हिंसा से अधिक शक्ति क्षमा, प्रेम, मैत्री में है। संत इस बात का प्रयोग करने लगे। अपने व्यक्तिगत मर्यादित जीवन में उन्होंने इस प्रयोग का अवलंबन किया। उन्होंने अनुभव किया कि प्रेम की ही शक्ति अपार है। प्रेम से प्रभावित और सहज ही राक्षसों का वध कर दोगे। विश्वामित्र धनुर्विद्यावेत्ता थे, लेकिन उन्होंने अहिंसा का व्रत लिया था। अपनी रक्षा करने की भी उनकी इच्छा थी। ऐसी स्थिति में उन्होंने राम-लक्ष्मण के द्वारा राक्षसों का दमन करवाने का निश्चय किया और हिंसा के साधन भी उन राजकुमारों के हाथ में दे दिए।

हिंसा से हिंसा बंद नहीं हो सकती। युद्ध से युद्ध बंद नहीं हो सकते। यदि ऐसी ही बात है तो यह निश्चय हुआ कि युद्ध में जितनी कम हिंसा की जा सके, उतनी कम हिंसा करनी चाहिए। युद्ध तो टलते नहीं हैं, लेकिन इतना तो करें कि छोटे बच्चों को न मारें। स्त्रियों पर हथियार न चलाएं। वृद्धों को अवध्य समझें। जिसके पास शस्त्र नहीं हैं, उसके ऊपर शस्त्र नहीं उठाएं। यदि सेवा और प्रेम से क्रूर पशु भी पालतू बन जाता है, तो प्रेम से मनुष्य का सुधार क्यों नहीं हो सकता? महान व्यक्तियों ने अपने व्यक्तिगत जीवन में आज तक कई बार छोटी-छोटी बातों में हिंसा पर अहिंसा का प्रयोग करके देखा है। सबने यही कहा कि हिंसा की उपेक्षा, अहिंसा का सामर्थ्य अपार है। शिक्षा शास्त्री लिखे चुके हैं कि बच्चों को मार-पीटकर सुधार करने का रास्ता गलत है। संतों के व्यक्तिगत जीवन में अहिंसा का प्रयोग सफल हो गया था। इस प्रयोग को व्यक्तिगत जीवन से सामाजिक जीवन में लाना था। महात्मा गांधी ने यह काम अपने हाथ में लिया।

संतों के जीवन के अहिंसक प्रयोग को गांधीजी सामाजिक जीवन में लाए। वर्ग-वर्ग के, जाति-जाति के तथा राष्ट्र-राष्ट्र के झगड़ों को अहिंसक मार्ग से तय करने का निश्चय गांधीजी ने किया। युद्ध से प्रभावित देशों में एक दुष्चक्र बन जाता है जहां आसपास के संघर्ष की खबरों के संपर्क में आने वाले व्यक्ति तनाव और अवसाद से ग्रस्त हो जाते हैं, जिससे हिंसा का सामना करने की संभावना बढ़ जाती है। इससे जीवन के प्रति उनका नजरिया प्रभावित होता है। अध्ययनों से संकेत मिलता है कि संघर्ष के बाद के समाजों में घरेलू हिंसा, चोरी और हत्या सहित आपराधिक हिंसा का खतरा अधिक होता है, जो गलत है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**देवभूमि** में शिक्षित बेरोजगारों की लंबी फौज है। युवा किसी भी समाज, प्रदेश, राष्ट्र की रीढ़ एवं अमूल्य धरोहर होते हैं। किसी पढ़े-लिखे युवा को बेरोजगारी की मार झेलनी पड़े, तो शीघ्र ही उसका हताश व निराश होकर नकारात्मक भावों की तरफ अग्रसर होना अपेक्षित है। परिवार में से एक व्यक्ति की सरकारी नौकरी लगने से उस परिवार की जीवन यापन की वह धुरी बन जाती है। युवाओं को तृतीय श्रेणी की नौकरी की परीक्षा को पास करने के लिए भी वर्षों मेहनत करनी पड़ती है। इसके बावजूद उसमें सफलता मिले या न मिले, फिर यह भाग्य को दोष देने लग जाते हैं। किसी भी पद के लिए लाखों की तादाद में बेरोजगार प्रतिस्पर्धी टूट पड़ते हैं।

युवा वर्ग के लिए इन नौकरियों के लिए आयु सीमा 18 से 45 वर्ष निर्धारित की होती है। इस बीच पढ़ाई करते व तैयारी करते-करते आयु सीमा काफी बढ़ जाती है। सरकार इस अवधि में रिक्तियां निकालती है तो ठीक है, अन्यथा पढ़ाई व तैयारी का कोई फायदा नहीं, ऐसी सोच इन बेरोजगार युवा के मन में घर कर जाती है। बेरोजगारी की मार समाज के ताने-बाने को तोड़-मरोड़ कर रख देती है, लेकिन यह भी सच है कि सरकारी नौकरी के अलावा भी हर युवा को अन्य निजी तकनीकी विकल्प भी खोजने चाहिएं। देवभूमि में निजी क्षेत्रों में भी बहुत काम है।

**-समीक्षा शर्मा, ज्वाली**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# हमास के दुराचारों को भूले अमेरिका के उन्मादी छात्र

पिछले वर्ष से इसराइल और हमास के बीच छिड़ी जंग के बीच केरल की सेक्युलर बिरादरी के एक सांसद फिलिस्तीनियों के दर्द से आहत हो इतने उत्तेजित हुए कि उन्होंने सरेआम भरी सभा में आह्वान किया कि इसराइल के राष्ट्रपति को बिना कोर्ट ट्रायल के मृत्युदंड दे देना चाहिए, लेकिन युद्ध की जमीन तैयार करने वाले हमास के दुराचारों को भूल अब फिलिस्तीनियों के प्रति यही सहानुभूति अमेरिका की यूनिवर्सिटीज के लेफ्टिस्ट और जिहाद प्रेरित विद्यार्थियों के दिल में जगह बना चुकी है।

संवेदनाएं इसराइल के विरुद्ध इतनी विस्फोटक रूप में बदलीं की येल, कोलंबिया, हार्वर्ड, कैलिफोर्निया सहित देश की 21 यूनिवर्सिटीज को इसकी जद से बाहर कैसे निकालें, सूझ नहीं पड़ रहा। उन्मादियों ने फैसला सुनाया है कि इसराइल से अमेरिका समस्त प्रकार के संबंध खत्म करे। चीन से सांठगांठ कर कतर जैसे देश और सोरोस ने अपनी तिजोरी खोल रखी है। अमेरिका के राजनीतिकों, पत्रकार-वकीलों सबको उससे पैसा चाहिए। बदले में उन्हें अपने अनुकूल देश के कानून चाहिएं और प्रशासन से स्व-पोषित अवैध नागरिक और अराजक तत्वों के प्रति नरमाई। फिर डेमोक्रैट बाइडेन तो ये कह कर फुर्सत पा ही चुके हैं कि अवैध घुसपैठ नहीं रुकी तो एक दिन ऐसा आएगा कि अमेरिका की शक्ल न पहचान पाने की हद तक बदल चुकी होगी। तभी ट्रंप को वामपंथियों पर निशाना साधते हुए यहां तक कहना पड़ा कि इतिहास में ईसाई धर्म और चर्च को खत्म करने के लिए उसने फासिस्ट शक्तियों के साथ मिलकर हर प्रकार के तरीके अपनाए हैं। आज के दौर में अब यही वामपंथी अमेरिका को ईसाई धर्म से दूर ले जाने के उद्देश्य से नैतिक-अनैतिक सभी साधनों का भरपूर उपयोग कर रहे हैं, लेकिन यदि वे अब दूसरी बार जीतकर व्हाइट हाउस पहुंचते हैं तो उनका एक लक्ष्य ईसाई मूल्यों की इन वामपंथियों से रक्षा कर मजबूती से स्थापित करने का भी रहेगा।




लेखक : इंजी. रमेश पाठक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

ट्रंप की चेतावनी बेवजह नहीं। देश की बाकी यूनिवर्सिटी की तरह शिकागो में हालत ये हैं कि यूनिवर्सिटी की बिल्डिंग और उसके परिसर में गुजरने वाले मार्गों को तहस-नहस कर दिया गया है। फिलिस्तीन समर्थकों ने इसराइल के झंडे उतार कर अपने झंडे लगा दिए हैं। दूसरी ओर यूनिवर्सिटी प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि जहां अभिव्यक्ति की आजादी चाहिए, वहीं संस्थान को अनुशासन और सुरक्षा भी चाहिए। चौंकाने वाली बात यह है कि पुलिस की छापेमारी में इस संस्थान के अंदर से भड़काऊ साहित्य बाहर निकलकर आ रहा है। न्यूयॉर्क, कोलंबिया और कैलिफोर्निया में जिनकी गिरफ्तारी हुई है उनमें से आधे घुसपैठिए हैं। इनका पढ़ाई से कोई संबंध नहीं निकला। वे केवल मजहब के वास्ते यहां जमा थे।

आज स्थिति यह है कि लगभग 80 कॉलेजों में आंदोलन ने अपना ठिकाना बना लिया है (फर्स्ट पोस्ट)। बताया जाता है चीन, ईरान और इस्लामिक देशों ने अमेरिका के खिलाफ मुहिम शुरू कर दी है। अब तक 400 से अधिक लेख अखबारों में लिखे जा चुके हैं। ट्रंप के साथी स्टीव बेनन का दावा है कि आज की तारीख में कार्टेल माफिया-नियंत्रित मेक्सिको से भी ज्यादा खतरनाक जगह अमेरिका के विश्वविद्यालय बन चुके हैं। फिलिस्तीन समर्थकों ने विद्यार्थियों के आंदोलन को अमेरिका विरोधी बना डाला है (ब्रिटिश समाचार पत्र द सन)। अब फिलिस्तीन समर्थित आंदोलन यूरोप में प्रवेश कर चुका है, लेकिन नीदरलैंड में इसको जैसा चाहिए, वैसा जवाब भी मिला है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कदमों पर चलते हुए सड़क पर खड़े किए गए अवरोधों समेत आंदोलनकारियों को बुलडोजर के सहारे खदेड़ दिया गया।

इधर, दुनिया से बेखबर दूसरी तरफ यहां भारत में राहुल गांधी हिंदुत्व को सबसे बड़ा खतरा बताते हुए हिंदू राजा-महाराजाओं को बुरा-भला कहने पर उतर आए हैं। इतिहास वैसे तो प्रसंगों से भरा पढ़ा है, लेकिन अलाउद्दीन खिलजी के सिपहसलार मालिक काफूर को ही लें तो पता चलता है कि उसने दक्षिण के देवगिरी को लूटकर 'दौलताबाद' बनाते हुए रामेश्वरम का श्री रामेश्वरम मंदिर ध्वस्त किया। औरंगजेब ने विक्रमादित्य का बनाया काशी विश्वनाथ मंदिर और मथुरा की कृष्ण जन्मभूमि पर स्थित मंदिरों को तोड़कर मस्जिद और ईदगाह खड़ी कर दीं, लेकिन राहुल इस इतिहास को पढ़ना नहीं चाहेंगे। आज स्थिति यह है कि कन्हैया ने दिल्ली में कांग्रेस के टुकड़े-टुकड़े कर डाले हैं। उधर, वायनाड में वामपंथी समर्थित विधायक पीवी अनवर राहुल गांधी की बेतुकी बातों को लेकर उनकी वंशावली पर ही संदेह व्यक्त कर रहें हैं, पर राहुल को क्या, उन्हें सारे दोष एक स्वयं को छोड़ कर सबमें नजर आ रहे हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# उत्तर भारत के मेडिकल कॉलेजों में पहला कैंसर अस्पताल शिमला में स्थापित हुआ

**अनिल शर्मा, मंडी**

हम शिमला में खेल रहे थे कि पिताजी आए और कहने लगे कि एक सुई गुम हो चुकी है, तो मैंने कहा कि इसमें कौन सी बड़ी बात है। इस पर उन्होंने कहा कि वह रेडियम है उससे कैंसर का भी इलाज होता है। शिमला में हाहाकार मच गया। रेडियोएक्टिव मैटेरियल होने के कारण यह 1600 साल तक विकिरण देती रहेगी, इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

यह बात डायरेक्टर कम प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज आईजीएमसी शिमला से सेवानिवृत्त डॉक्टर हरबंस कपूर ने कही। होस्ट एंकर सीरीज के सातवें एपिसोड में होस्ट एंकर सेवानिवृत्त प्रवक्ता नीरज शर्मा के साथ खास बातचीत में डॉक्टर हरबंस

## होस्ट एंकर सीरीज में बोले-डॉक्टर हरबंस कपूर



**एपिसोड-7**

कपूर ने कहा कि बाम्बे से साइंटिस्टों ने उसे ढूंढ लिया। बात उन दिनों की है जब मैं बनारस यूनिवर्सिटी में पढ़ाता था, हिमाचल के मुख्यमंत्री वाईएस परमार ने कुलपति केएल श्रीमाली को पत्र लिख कर कैंसर इलाज की सुविधा देने के लिए मुझे हिमाचल बलाया। शिमला आकर मैंने टेंट में काम शुरू किया।

हमने और सुविधाएं जोड़ी और उत्तर भारत के मेडिकल कॉलेजों में पहला कैंसर अस्पताल शिमला में स्थापित हुआ। इसके बाद भारत सरकार से रीजनल सेंटर स्टेट का दर्जा प्राप्त होने के साथ अनुदान भी मिला।(अनंत ज्ञान)

**अनंत ज्ञान स्पैशल**

### क्या है कैंसर

डॉक्टर हरबंस कपूर ने बताया कि हमारे शरीर में बहुत सी कोशिकाएं होती हैं, एक समय बाद यह कोशिकाएं बढ़ना बंद कर देती हैं। कुछ कोशिकाएं लगातार बढ़ती रहती हैं, जिन्हें अनियंत्रित कोशिकाएं कहते हैं, यही कैंसर का रूप धारण कर लेती है। हर कैंसर खतरनाक नहीं होता है, आरंभिक अवस्था में कैंसर को ठीक किया जा सकता है। शूगर और हृदय रोगी कैंसर होने पर घबरा जाते हैं, जिससे वह कैंसर पर केंद्रित होकर शूगर और हृदय रोग की दवाइयां ठीक से नहीं लेते।

### ऐसे बचें कैंसर से

**डॉक्टर** हरबंस कपूर ने बताया कि एक महिने में 10 दिन अपने शरीर को दें, तो आप अपने आप कैंसर का पता लगा सकते हैं। नहाते हुए अपने शरीर को देखें कि हमारे शरीर में कोई गिल्टी तो नहीं है। पेशाब में खून तो नहीं आ रहा है, शौच काली आती है या शरीर में ऐसी कोई क्रिया होती है, तो सामान्य न हो, तो डॉक्टर के पास जाएं और चैक करवाएं। यदि भोजन निगलने में कोई दिक्कत हो रही हो, खाना ठीक से पच नहीं रहा है, दस्त लगातार हो रहे हैं, तो चैकअप करवाएं।

### खराब लाइफ स्टाइल के कारण होता है कैंसर

**डॉक्टर** हरबंस कपूर ने बताया कि अधिकतर कैंसर खराब लाइफ स्टाइल के कारण होता है। महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर सबसे ज्यादा होता है। तंबाकू से मुंह, गले और आंत का कैंसर होता है। अल्कोहल, तंबाकू व शारीरिक गतिविधि आदि न करने से भी शरीर में कैंसर रोग उत्पन्न होने लगता है। प्रदूषण वाली जगह में न जाएं, सिगरेट पीने वाले के साथ न रहें, लंबे समय से प्लास्टिक में बंद चीजों को खाने से भी कैंसर होता है। स्वाद के लिए इस्तेमाल होने वाले पदार्थ से भी कैंसर होता है। शरीर की सफाई न रखने और अशुद्ध खाना खाने से बचना चाहिए।

## पुलघराट चिट्टा कांड में ऋषि राज की मौत का मामला

# मानवाधिकार आयोग को जांच के लिए पिता ने लिखी चिट्ठी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

दो अप्रैल को मंडी शहर के पुलघराट में हुए चिट्टा कांड जिसमें पुलिस हिरासत के दौरान सुकेती खड्ड में छलांग लगाने वाले दो युवकों जिसमें से एक गुटकर के ऋषिराज पठानिया की मौत हो गई थी, मामला अब मानवाधिकार आयोग में पहुंच गया है।

मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष को भेजे 21 बिंदुओं पर आधारित पत्र में मृतक ऋषि राज के पिता बलबीर सिंह पठानिया गुटकर मंडी ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने इस मामले में फिरौती से लेकर पुलिस हिरासत में हुई बेटे की मौत को लेकर कई सनसनीखेज तथ्य अपने पत्र के जरिए मानवाधिकार आयोग को भेजे हैं। इसमें कहा है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो तो मंडी पुलिस के अधिकारी व मौके पर मौजूद रहे कर्मी सब कटघरे में खड़े होंगे। बलबीर सिंह पठानिया ने बताया कि एसपी मंडी से मिल चुके हैं। डीजीपी पुलिस, मुख्यमंत्री व उपायुक्त को भी पत्र लिख चुके हैं मगर आज दिन तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है। मामले में नामजद दूसरे अभियुक्त राहुल के ब्यानों को भी आधार बनाकर जांच की जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### बाखली में प्राण प्रतिष्ठा कारज शुरू

**पंडोह ।** सराज विधानसभा क्षेत्र के बाखली स्थित माता बगलामुखी के नवनिर्मित भंडार में प्राण प्रतिष्ठा कारज शुरू हुआ। विधि-विधान के साथ भंडार जो माता राणी का आवास होता है। मंदिर कमेटी के सचिव जीत सिंह ठाकुर ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा बाखली मंदिर के नजदीक माता के प्राचीन भंडार बजाह गांव में की गई। उन्होंने कहा कि इस भव्य नए भंडार के निर्माण में कमेटी को सात वर्षों का लंबा समय लगा है। बड़े उतार चढ़ाव के बात अंततः माता का भव्य और अनुठा भंडार निर्मित हो सका है। जिसमें माता के भगतों का सराहनीय योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम तीन दिन चलेगा। शनिवार को 64 के करीब नजदीकी देवी देवताओं के कार करिंदे आएंगे और उनका स्वागत किया जाएगा। जबकि रविवार सुबह 10 बजे से माता का भंडारा शुरू होगा जो देर शाम तक चलेगा, जिसमें 300 के करीब माता के भक्ति अपनी सेवाएं देंगे।

### कांग्रेस ने किया पार्टी कार्यालय का शुभारंभ

**सुंदरनगर ।** अक्षत तृतीया के उपलक्ष्य पर लोकसभा चुनाव के लिए सुंदरनगर



ब्लॉक कांग्रेस द्वारा जवाहर पार्क के समीप कांग्रेस कार्यालय का शुभारंभ किया। इस मौके पर पूर्व मुख्य संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक सोहन लाल ठाकुर ने रिबन काटकर काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया गया। सोहनलाल ठाकुर ने कहा कि अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में सुंदरनगर में पार्टी कार्यालय का शुभारंभ किया गया। इस कार्यालय के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं को कार्यक्रमों की जानकारी व चुनाव सामग्री उपलब्ध होगी।

### शाढला पाली में स्कूल रेडीनेस मेला संपन्न

**पधर ।** शिक्षा खंड औट के तहत राजकीय प्राथमिक पाठशाला शाढला पाली में स्कूल रेडीनेस मेला धूमधाम से मनाया गया। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत इस शैक्षिक सत्र 2024-25 की शुरूआत में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा दूसरी तक के सभी बच्चों के सर्वांगीण विकास और स्कूल तैयारी के लिए पाठशाला स्तर पर पाठशाला प्रबंधन समिति के सदस्यों, अभिभावकों, समुदाय, पंचायती राज संस्था के प्रतिनिधियों के साथ संवाद स्थापित करना सुनिश्चित किया गया है। इस कार्यक्रम में खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी शिक्षा खंड औट रमेश चंद्र शर्मा मुख्य अतिथि और हरीश ठाकुर केंद्रीय मुख्य शिक्षक नाउ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पाठशाला प्रबंधन समिति की अध्यक्षा रजनी देवी ने मुख्य अतिथि को बैज, टोपी, मफलर और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

### देव पाइंदल ऋषि को समर्पित मेले का समापन

**पधर ।** द्रंग क्षेत्र के आराध्य देव पाइंदल ऋषि को समर्पित दो दिवसीय धार मेला धूमधाम के साथ संपन्न हो गया। पाइंदल देव के साथ उनकी बड़ी बहन माता जालपा और दुर्गा माता भी मेले की सोभा बढ़ाने उपस्थित रही। समापन समारोह में बड़ीधार वार्ड से पंचायत समिति सदस्य व समाजसेवी घनश्याम ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर देवताओं से आशीर्वाद लिया। मेला कमेटी अध्यक्ष लेख राज ठाकुर ने मुख्यतिथि को समानित किया। इस अवसर पर प्रधान यादविंदर सिंह, बबलू रावत, मस्त राम, तिलक राज, देश राज, गोपाल, विजय कुमार, टेक चन्द और नीलमणि सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### मतदान जागरूकता के लिए गाना किया रिलीज



**जोगिंद्रनगर ।** रोशन म्यूजिक का नया पहाड़ी इलैक्शन गीत बनाया। एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी द्वारा रिलीज किया गया। इस चुनावी गीत को रोशन ठाकुर, प्रवक्ता इतिहास राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुग्मा ने लिखा है। इस गीत को स्वर रोशन ठाकुर, बलदेव ठाकुर तथा संजय ठाकुर ने दिए हैं।

### विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम की बैठक 13 को

**जोगिंद्रनगर ।** जोगिंद्रनगर उपमंडल में विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम हिमाचल प्रदेश ईकाई जोगिंद्रनगर की मासिक बैठक 13 मई को होगी। बिशन दास बहल ने बताया तीन दिन सरकारी छुट्टियां होने के कारण बैठक का आयोजन सोमवार को किया जाएगा, ताकि बैठक में आने वाले सदस्य अपने कार्यालय संबंधी कार्य भी निपटा सकें। बैठक में सदस्यों को नवीन जानकारी भी दी जाएगी, इसलिए ज्यादा से ज्यादा पेंशनर्स अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं।

### यूरो किड्स प्री स्कूल में मनाया मदर्स-डे

**मंडी।** यूरो किड्स प्री स्कूल जेल रोड मंडी द्वारा मदर्स-डे का आयोजन किया गया।



स्कूल की ओर से प्रधानाचार्य मीनाक्षी ठाकुर व अध्यापक अनिता, निधी, ईषानी, पूनम, कोमल व भानूप्रिया ने सभी मदर्स का स्वागत किया। अंत में सभी के लिये जलपान का आयोजन किया तथा स्कूल की संचालिका विनय कुमारी ने सहयोग के लिए धन्यवाद किया।

# शहर में बेसहारा पशुओं और आवारा कुत्तों का आतंक

## इस वर्ष 50 पालतू कुत्तों का नहीं हुआ पंजीकरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नगर निगम मंडी क्षेत्र में बेसहारा पशुओं और आवारा कुत्तों का आतंक है। हर चौराहे पर बेसहारा पशु देखे जा सकते हैं। बता दें कि नगर निगम मंडी ने पालतू कुत्तों के पंजीकरण को लेकर खूब ढिंडोरा पीटा, लेकिन अधिकतर मालिकों ने पंजीकरण करवाना ठीक नहीं समझा। घर-घर जाकर इस बात के पुख्ता सबूत एकत्र किए जा सकते हैं कि जितने भी पंजीकरण हुए उनसे कहीं ज्यादा कुत्तों का पंजीकरण नहीं हो पाया है। गलियों में आवारा और पालतू कुत्तों के मल ने शहरवासियों का जीना मुहाल कर दिया है।

बेसहारा पशु आईटीआई पुल व शहर के चौराहे पर अपना आशियाना बनाए हुए हैं, जबकि सेरी चानणी व जहां भी छायादार स्थल हो वहां पर कुत्तों की झुंड भी नजर आ रहे हैं। इनकी संख्या तो है ही साथ में भिखारी देखे जा सकते हैं, जबकि सरकारी नीतियों में भिखारियों के लिए किए गए प्रावधान भी धरातल पर नहीं दिख रहे हैं। ऐसे में नगर निगम की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह उठना लाजिमी है।

बता दें कि गत वर्ष 140 के करीब पालतु कुत्तों का पंजीकरण किया गया था उनमें से अभी तक 50 कुत्तों मालिकों ने पंजीकरण को रिन्यू नहीं करवाया है।



मंडी में दुकानों के बाहर सोए आवारा कुत्ते।



रोटरी चौक के पास सड़क पर बैठे बेसहारा पशु।

हालांकि इस वर्ष पंजीकरण का आंकड़ा भले ही 200 पार कर चुका है, लेकिन एक अनुमान के अनुसार शहर में इससे चार गुणा अधिक कुत्ते पाले गए हैं। नगर निगम को घर-घर जाकर इनकी सही जानकारी एकत्र करनी चाहिए, ताकि रात के अंधेरे में खासकर बाबा बालकरूपी बाजार में कुत्तों से मल त्याग करवा कर रफूचक्कर हो जाते हैं।

हैरानी की बात है कि लोग बुरा न बनने के कारण उन्हें इस कार्य से रोकते भी नहीं हैं। दिन में तो मल के ऊपर गत्ते रख दिए जाते हैं और ऊपर से दोपहिया वाहन और लोग मल के उपर से गुजरते रहते हैं।

- **इस वर्ष पंजीकरण का आंकड़ा 200 के पार, शहर में इससे चार गुना अधिक कुत्ते**
- **निगम की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगना लाजिमी**

नगर निगम प्रबंधन कई बार बेसहारा पशुओं को एकत्र कर गौशाला में छोड़ चुका है, रात के अंधेरे में आसपास के लोग पशुओं को नगर निगम की सीमा में छोड़ जाते हैं और धीरे-धीरे पशु शहर में प्रवेश कर जाते हैं। सीसीटीवी की सहायता से पशुओं को छोड़ने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।
**-वीरेंद्र भट्ट, महापौर नगर निगम मंडी।**

### नगर निगम को करनी होगी कार्रवाई : शहरवासी

**शहर** वासियों में विजय, अश्वनी, अनूप, संधू आदि का कहना है कि गलियों में कुत्तों का मल त्यागना आम बात हो गई है। जब तक स्थानीय दुकानदार और लोग इसका विरोध नहीं करेंगे तब तक सुधार नहीं हो सकता है। नगर निगम मंडी को इस मामले पर कड़ा संज्ञान लेकर गलियों में मल त्याग करवाने वालों पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए, ताकि गंदगी से निजात मिल सके और लगे की यह मंडी शहर है।

# मारपीट मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



मारपीट मामले में उद्घोषित आरोपी पीओ सेल टीम के साथ।

जिला मंडी पुलिस के विशेष दल पीओ सेल को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने मंडी जिला के न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी करसोग में विचाराधीन मारपीट मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को जिला कुल्लू भूंतर के जिया चौक से गिरफ्तार कर आगामी प्रक्रिया के लिए पुलिस थाना करसोग के हवाले कर दिया है।

जानकारी के अनुसार आरोपी साहिल कुमार पुत्र शिव राम, गांव कुटवा जिला कुल्लू के खिलाफ वर्ष 2015 में पुलिस थाना करसोग में मारपीट करने का एफआईआर दर्ज की थी, वहीं आरोपी के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस द्वारा चालान तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया था। ट्रायल के दौरान आरोपी कोर्ट से गैर हाजिर रहा और इस पर न्यायालय द्वारा उसे 10 अगस्त, 2023 को आरोपी घोषित कर दिया गया। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि पीओ सेल टीम मंडी ने आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

## दो आरोपियों से 726 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**

जिला मंडी के पुलिस थाना धर्मपुर के तहत नाकाबंदी के दौरान दो आरोपियों के कब्जे से 726 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना धर्मपुर की टीम नाकाबंदी के दौरान मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने एक महिंद्रा थार नंबर एचपी-52 ए-9730 में सवार दो युवकों की चेकिंग में उनके कब्जे से 726 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपियों की शिनाख्त राजेश कुमार (41) पुत्र ईश्वर दास गांव बस्सी डाकघर व तहसील भोरंज जिला हमीरपुर तथा रजनीश ठाकुर (31) पुत्र राज पाल ठाकुर गांव डोडर डाकघर रखोह तहसील सरकाघाट जिला मंडी के तौर पर हुई है। एएसपी मंडी सागर चंद्र ने कहा कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# धनेश्वरी में टकराईं दो मोटरसाइकिल, तीन घायल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

किरतपुर-मनाली फोरलेन पर सुंदरनगर के धनेश्वरी में दो मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर हो गई है। हादसे दोनों मोटरसाइकिल पर सवार कुल 3 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हें प्रारंभिक उपचार के लिए सिविल अस्पताल सुंदरनगर ले जाया गया। जहां से तीनों युवकों की हालत गंभीर होने के कारण श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेरचौक रेफर कर दिया गया है। वही मामले में पुलिस थाना सुंदरनगर ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शिकायतकर्ता रणजीत सिंह (23) पुत्र बालक राम निवासी गांव व डाकघर कोठी तहसील बल्ह जिला मंडी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज किया है। शिकायतकर्ता के अनुसार दो मोटरसाइकिल एचपी-31डी-3202 और एचपी-82ए-3095 की जोरदार टक्कर हो गई। इसके उपरांत मौके से मोटरसाइकिल पर सवार कुल 3 युवकों को गंभीर हालत में सिविल अस्पताल सुंदरनगर पहुंचाया गया।

हादसे में घायल युवकों की शिनाख्त आईटीआई में पढ़ाई कर रहे मोहित (19) पुत्र शेर सिंह निवासी गांव मुंदडू डाकघर ट्रोह तहसील बल्ह जिला मंडी, बाइक चालक घनश्याम(19) पुत्र राजकुमार गांव ट्रोह तहसील बल्ह जिला मंडी और पीडब्ल्यूडी विभाग में मल्टी टास्क वर्कर के तौर पर कार्यरत आशीष कुमार(23) पुत्र रमेश चंद गांव मैहली डाकघर मैरामसीत तहसील सुंदरनगर जिला मंडी के तौर पर हुई है।

डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने कहा कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि मामले में पुलिस द्वारा हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच अमल में लाई जा रही है।

# मंदिर संरक्षण के लिए सुधार समिति का गठन

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

मंडी जिला की सुकेत रियासत में बसे सूरज कुंड मंदिर का इतिहास अपने आप में अनूठा है। इस मंदिर का इतिहास सुकेत रियासत से जुड़ा है। सूरज कुंड मंदिर सुधार समिति के सचिव आचार्य रोशन ने कहा कि महारानी पंछमु देई सेन वंश की सबसे धार्मिक और विद्वान स्त्री थी। उन्होंने सूरज कुंड मंदिर में अक्षय तृतीया के दिन अष्टधातु की सूर्य मूर्ति स्थापित की वहां पर एक जलकुंड का निर्माण किया।

मंदिर के संरक्षण व संवर्धन के लिए सूरज कुंड मंदिर सुधार स्मृति का गठन किया गया। सूरज कुंड मंदिर सुधार समिति के सौजन्य से दो दिवसीय यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया गया।

इस दौरान राजू तिवारी व सीता भारद्वाज ने समिति की आजीवन सदस्यता ग्रहण की। पूजन में विशेष तौर पर उपमंडलाधिकारी सुंदरनगर गिरीश समरा, तहसीलदार अंकित शर्मा, प्रवेश शर्मा, विनोद सोनी, विनीत शर्मा, दीपू, भूपेंद्र शर्मा, जगदेव पलटा आदि उपस्थित रहे।

## आश्रय शर्मा ने कांग्रेस पर किया प्रहार

**मंडी ।** लोकसभा के लिए वर्ष 2019 के चुनावों में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे आश्रय शर्मा ने अब भाजपा की ओर से कांग्रेस पर वार किया है।



आश्रय शर्मा ने कहा कि प्रदेश की सत्ता अधिकतर समय तक जिस परिवार के हाथ में रही हो वो अब मंडी लोकसभा क्षेत्र में विकास करने की बात कह रहे हैं। कांग्रेस की वर्तमान उम्मीदवार राजवाड़ा शाही की राजनीति से प्रेरित हैं और यह पूरा परिवार प्रदेश में केवल अपनी राज सत्ता स्थापित करना चाहता है।

# विजय मेमोरियल कॉलेज में विदाई समारोह संपन्न



कार्यक्रम के दौरान सामूहिक चित्र में सम्मानित छात्र और अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

विजय मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन बड़सू में अनुभूति-2024 थीम पर बीएड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं ने द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं के लिए विदाई समारोह आयोजित किया।

समारोह में संस्थान के अध्यक्ष प्रबंधन निदेशक गौरव मारवाह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान अंकिता शर्मा को मिस व रोहित ठाकुर को मिस्टर फेयरवेल, विपाशा को मिस व मनोहर को मिस्टर एलिगेंट, पंकज ठाकुर को मिस्टर व शगुन को स्टूडेंट ऑफ ईयर चुना गया।

## 15 वर्षीय नाबालिग लापता, केस दर्ज

**बालीचौकी ।** उपमंडल थुनाग के लंबाथाच क्षेत्र से एक 15 वर्षीय नाबालिग के अपहरण का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर दिया है। लापता नाबालिग के पिता ने अपनी नाबालिग बेटी के गायब होने पर पुलिस थाना जंजैहली में केस दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता पिता ने पुलिस थाना जंजैहली में शिकायत दर्ज कराई है कि लड़की स्कूल के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस घर नहीं लौटी। पुलिस थाना जंजैहली ने अपहरण का मामला अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ दर्ज कर लिया है।

# कांग्रेस ने विकास कार्यों पर लगाया ग्रहण : पूर्ण चंद

**अनंत ज्ञान, पधर**



कंगना के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए विधायक पूर्ण चंद ठाकुर।

भाजपा विधायक पूर्ण चंद ठाकुर ने द्रंग विधानसभा क्षेत्र के राहला, रोपा, चेहटीगढ़ में चुनावी जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के पक्ष में चुनावी प्रचार किया। नुक्कड़ जन सभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब से कांग्रेस की सरकार सत्ता में आई है। द्रंग क्षेत्र में विकास के कार्यों में पूर्ण विराम लग चुका है। पूर्व जयराम सरकार के वक्त जितने भी नए सरकारी संस्थान द्रंग में खोले थे उन्हें सरकार ने बदले की भावना से डिनोटिफाइड किया है। सरकारी विभागों के माध्यम से जो विकास के कार्य रनिंग में थे उनके बजट में रोक लगाकर विकास कार्यों में ठहराव की स्थिति पैदा की है।

ठाकुर ने कहा कि आज अस्पतालों में चिकित्सकों के पद रिक्त चल रहे हैं। द्रंग में सरकारी कार्यालयों में बनी रिक्तियों को दूर करने का मामला उन्होंने कई बार सरकार से उठाया, लेकिन सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। बरसात के मौसम में क्षेत्र के लोगों के त्रासदी के जख्मों को भरने में सरकार के प्रयास कारगर साबित नहीं हुए हैं।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मेहर चंद भारती, उपाध्यक्ष कपूर चंद, प्रधान सुनीता देवी, उप प्रधान हेत राम, भाजपा ग्राम केंद्र अध्यक्ष धर्म सिंह, बूथ अध्यक्ष युव राज सहित सभी पार्टी के सभी पदाधिकारी साथ रहे।

**मांग** कूड़ा उठाने वाली पुरानी गाड़ियां हटाने से घर बैठने को मजबूर हुए चालक

# नगर निगम से काम उपलब्ध करवाने की लगाई गुहार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी नगर निगम ने अपने सभी 15 वार्डों के लिए नई गाड़ियां जो ऊपर से कवर वाली हैं तथा जिसमें सूखा व गीला कूड़ा अलग-अलग से डालने का प्रावधान है, खरीदकर उनके माध्यम से कूड़ा उठाना शुरू कर दिया है। इससे पहले से कूड़ा उठाने में लगी गाड़ियों वाले चालकों व मालिकों को एकदम से निकाल देने के चलते वह घर बैठने को मजबूर हो गए हैं।

इन गाड़ियों के चालकों मेघ चंद, किशोरी लाल, पवन, मिंटू व हैप्पी आदि ने बताया कि उनकी गाड़ियां सीधे नगर निगम के माध्यम से कूड़ा उठा रही थी और इसके लिए महीने का किराया भी बहुत कम था जबकि अब जो नई गाड़ियां चलाई जा रही हैं उन्हें ठेकेदार के माध्यम



नगर निगम द्वारा चलाई जा रही कूड़ा उठाने वाली नई गाड़ियां, जिसका विरोध हो रहा है।

से चलाया जा रहा है जो कई गुणा ज्यादा पैसा वसूल रहा है। इससे नगर निगम को ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ रहा है और ऊपर से पहले से काम कर रहे सभी गाड़ी चालक व मालिक जो अनुसूचित जाति से संबंध रखते हैं बेरोजगार हो गए हैं। उनका जातिगत आधार पर शोषण किया जा रहा है। इन चालकों ने यह भी हैरानी जताई कि नगर निगम के पार्षद हरदीप सिंह राजा का ब्यान है कि ये नई गाड़ियां सही नहीं हैं। इनमें कूड़ा भी कम आता है और पैसा भी ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है।

ब्यान के अनुसार पहले काम कर रही गाड़ियों के मालिकों को 32,500 रुपए महीने का दिया जा रहा था मगर मौके पर तो यह 28,650 रुपए ही मिल रहा था। यदि ऐसा हो तो चार हजार रुपए प्रति गाड़ी प्रति महीना पैसा कहां जा रहा था। इसकी जांच होनी चाहिए। नई गाड़ियों का मासिक किराया 57 हजार रुपए बताया जा रहा है जो अत्याधिक है।

### चालकों ने मामले की जांच की उठाई मांग

**चालकों** का कहना है कि चुनावी आचार संहिता में यह सब कुछ किया जा रहा है। इस सबकी जांच होनी चाहिए तथा निकाले गए गाड़ी चालकों को निगम में काम दिया जाना चाहिए। यदि ऐसा न किया गया तो वह आंदोलन के रास्ते पर आ जाएंगे और इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह से नगर निगम प्रबंधन की होगी। नगर निगम को जल्द ही इस समस्या का समाधान करना चाहिए।

## पुलिस ने 3 मामलों में अवैध शराब की बरामद

**मंडी ।** शराब माफिया पर शिकंजा कसते हुए विभिन्न पुलिस थाना के तहत 3 आरोपियों को अवैध शराब के साथ पकड़ा है। पहले मामले में पुलिस थाना औट ने नीरज कुमार पुत्र खेम सिंह गांव सोझा डाकघर पनारसा तहसील औट जिला मंडी के ढाबा व करियाना दुकान से देसी शराब संतरा की 2 अवैध बोतलें बरामद की है। दूसरे मामले में पुलिस थाना पधर के तहत पुलिस ने आरोपी पूर्ण चंद पुत्र भीमा राम गांव नेरी डाकघर कमांद मंडी की दुकान में अवैध रूप से रखी तीन पेटी बीयर बरामद की है।

वहीं अंतिम मामले में पुलिस थाना हटली के अंतर्गत आरोपी सोहनलाल पुत्र हेमराज गांव तमलेड डाकखाना बाहनू तहसील बलद्वाड़ा जिला मंडी अवैध 7 बोतले देसी शराब संतरा की अवैध रूप में रखी बरामद हुई है।

# सुंदरनगर में 13 परिवारों ने छोड़ी भाजपा, कांग्रेस में शामिल



सुंदरनगर में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए 13 परिवार।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

ग्राम पंचायत गलयोग सीणी और प्रेसी से 13 परिवारों ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। इन परिवारों ने सुंदरनगर में पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर की उपस्थिति में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

सोहनलाल ठाकुर ने कहा कि ग्राम पंचायत गलयोग सिनी से उपप्रधान गीता राम, वार्ड पंच मुनि लाल, वार्ड पंच हरीश कुमार, निक्का राम, मुनिलाल, ओम प्रकाश, तेज सिंह, होशियार सिंह, मीना देवी, रोशन लाल व ग्राम पंचायत प्रेसी से कामेश्वर शर्मा, चेतन कुमार व राम प्रकाश ने परिवार सहित कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# रावी में गिरा ट्रक, चालक की मौत

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

चंबा–भरमौर नेशनल हाईवे सड़क मार्ग पर वीरवार रात को एक ट्रक नंबर 73–3250 दुर्घटनाग्रस्त होकर रावी नदी में जा गिरा, जिसमें ट्रक का चालक योग राज पुत्र धनी राम निवासी गांव तराला डा. जांघी तह व जिला चंबा बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार उक्त ट्रक कंपनी का सीमेंट लोड कर खड़ामुख की तरफ जा रहा था, कि अचानक ढकोग बाजार से पीछे अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे रावी नदी में जा गिरा।



रावी नदी में गिरा हुआ ट्रक।

गाड़ी में अभी तक चालक के ही शव को बरामद किया गया है। ट्रक पानी में उल्टा गिरा होने के कारण पता नही चल रहा। पुलिस व अग्निशमन विभाग लगातार तलाशी अभियान चलाए हुए हैं लेकिन अभी तक एक ही शव बरामद हुआ है। रात के समय हुई इस घटना में अन्य कोई व्यक्ति न हो इसकी छानवीन भरमौर पुलिस कर रही है।

उक्त ट्रक चालक ग्राम पंचायत जांघी में बतौर उप प्रधान पंचायती राज संस्था में भी रह चुका है। योगराज अपने पीछे एक बेटी वह एक बेटा छोड़ गया है। रावी नदी से शव निकालने के लिए डैम के पानी को भी रोका गया है जिसके बाद शव को निकाला गया।

# बनीखेत के स्कूल में 10वीं के खराब परिणाम से लोगों में रोष

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

जहां एक ओर पूरे हिमाचल में सरकारी में शिक्षा ग्रहण कर रिधिमा शर्मा ने 700 में से 699 अंक प्राप्त कर पूरे प्रदेश में अपना एवं अपने माता–पिता का नाम रोशन किया तो वहीं इसके विपरीत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बनीखेत जहां हर प्रकार की सुविधाओं से परिपूर्ण स्कूल में 29 बच्चों ने परीक्षा दी थी जिनमें मात्र 6 बच्चे पास हुए तो वहीं पांच बच्चों की कंपार्टमेंट आई है और 18 बच्चे पूर्ण रूप से असफल रहे, जिससे पूरे बनीखेत में चर्चा का माहौल है। हैरानी की बात तो यह है कि फेल होने वाले छात्रों में ज्यादातर बच्चे मैथ, विज्ञान साइंस, समाज एवं अंग्रेजी में फेल हुए हैं और कंपार्टमेंट भी इन्हीं विषयों में आई है।

स्थानीय बुद्धिजीवियों का मानना यह है कि जब स्कूल में हर सुविधा उपलब्ध है हर अध्यापक उपलब्ध है तो फिर आखिर क्या ऐसी वजह है जो स्कूल में पढ़ा रहे अध्यापक स्कूलों का अच्छा रिजल्ट देने में असमर्थतता दिखा रहे हैं।

इस बारे में जब प्रधानाचार्य बनीखेत प्रीतम ठाकुर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी कुछ समय पहले ही उन्होंने बनीखेत स्कूल में अपनी सेवाएं देनी शुरू की है उन्होंने बताया कि स्कूल के ऐसे परिणाम के लिए वह भी बड़े स्तब्ध एवं हैरान है। उन्होंने बताया कि सभी विषयों के अध्यापकों ने अपनी तरफ से पूरी मेहनत की है एक्स्ट्रा क्लासेस भी लगाई गई बावजूद इसके भी ऐसा परिणाम आना अपने आप में निराशा है।



बनीखेत स्कूल जहां बच्चों का खराब परिणाम आया है

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बनीखेत व इसके आसपास के गांव में चर्चा है तो वही कई समाजसेवी एवं स्थानीय गांव वासी एवं अभिभावक ऐसे खराब परिणाम के लिए हैरान हैं। और वह सभी स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग भी कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. मनीष ने वर्चुअली लॉच किया चंबा का स्वीप गीत



**चंबा।** जिला मुख्यालय चंबा में निर्वाचन विभाग की ओर से मतदाता जागरूकता के विषय में एक बहुत ही प्रेरक मनोरंजक तथा ज्ञानवर्धक गीत लांच किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी हिमाचल प्रदेश डॉ. मनीष गर्ग द्वारा वर्चुअल उपस्थिति में लॉन्च किए गए इस गीत को जिला चंबा के सुप्रसिद्ध गायक राजीव थापा ने आवाज दी है। जबकि गीत की रचना उपायुक्त चंबा के सहायक आयुक्त पृथ्वी पाल सिंह ने की है। गीत के लॉचिंग अवसर पर उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने सर्वप्रथम मुख्य निर्वाचन अधिकारी का स्वागत किया। इस अवसर पर उपायुक्त मुकेश रेपसवाल, एसी टू डीसी पृथ्वी पाल सिंह, तहसीलदार निर्वाचन अनूप डोगरा के अलावा विभिन्न मीडिया समूहों के संवाददाता तथा जिला के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

### चंबा-जुम्महार मार्ग पर खल रहा पैरापिट का अभाव

**चंबा।** चंबा-जुम्महार मार्ग पर तकरीबन पांच किलोमीटर तक पैरापिट का नामोनिशान नहीं है। ऐसे में वाहन चालकों को हर समय हादसा होने का भय बना रहता है। हालात यह हैं कि इस सड़क मार्ग पर लुड्डू से जुम्महार तक लोक निर्माण विभाग पैरापिट लगाना ही भूल गया है। हैरत की बात यह है कि स्थानीय लोगों की ओर से इस मार्ग पर पैरापिट लगाने के बावत कई मर्तबा गुहार लगाने के बाद भी विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठा पाया है। ऐसे में लोगों की मांगों को अनसुना करने के कारण लोगों में लोक निर्माण विभाग के प्रति रोष व्याप्त हो गया है।

स्थानीय निवासी संजय कुमार, रवि कुमार, पंकज, नरेश कुमार, वेद व्यास, प्रवीण कुमार, सुरेश कुमार, पवन कुमार, अजय कुमार, सुनील कुमार, विपन कुमार का कहना है कि चंबा-जुम्महार मार्ग तंग है व इस पर पैरापिट भी नहीं लगवाए गए हैं। इस कारण वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर सफर करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। लोगों ने लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द उक्त मार्ग पर पैरापिट लगाए जाएं, ताकि वाहन चालकों को पेश आ रही परेशानियों से निजात मिल सके।

# चंबा में बढ़ रहा नशे का जाल

## जिले के कई युवाओं की नसों में दौड़ रहा चिट्टा

**एमएम डैनियल, चंबा**



जिला चंबा भी उड़ता पंजाब बनता नजर आ रहा है। जिसके तार सीधे तौर पर पंजाब व जेएंडके राज्यों से जुड़े है। जिसका खुलासा चिट्टे के कारोबार में पुलिस द्वारा की गई गिरफ्तारियां हैं, जिसमें पंजाब व जम्मू–कश्मीर राज्यों सहित स्थानीय युवा तक गिरफ्तार अब तक हो चुके है। जिला पुलिस के विभिन्न थानों, चौकियों सहित विशेष पुलिस दल द्वारा समय–समय पर छापामारी कर कई मामलों को उजागर करने सहित सैकड़ों गिरफ्तारियां की जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद यह जानलेवा नशीला कारोबार चंबा मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक में फलफूल रहा है, जो कि जिला चंबा के युवाओं के भविष्य के अहम चिंता का विषय बनता जा रहा है।

गौर हो कि कुछ वर्ष पूर्व जिला चंबा में लोकल शराब का बोलबाला रहा है। उसके बाद चरस तस्करी का कारोबार बढ़ गया। जिस पर पुलिस के एसआईयू, नैरोकोटिक्स विशेष दलों की तैनाती व छापेमारी से काफी हद तक इसका नेटवर्क कम हुआ। वहीं विभिन्न तकनीकी शिक्षा ग्रहण करने गए युवा जब चंबा लौटे तो अपने साथ मेडिसिन का प्रचलन संग लें आए। इस नशे के कारोबार को भी ड्रग्स कंट्रोल सोसायटी के सहयोग से पुलिस काफी हद तक नियंत्रण पाने में कामयाब रही, लेकिन चिट्टे के चंबा में करीब 4–5 वर्षों से पांव पसारने के बाद अब यह नशा शहर से निकल कर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवेश कर गया है।

अब जिला चंबा के किसी न किसी कोने से हर दूसरे दिन किसी स्थानीय या बाहरी युवक/व्यक्ति की चिट्टा नशीला पदार्थ बेचने अथवा रखने की खबर सामने आ जा रही है, जिसमें पंजाब व जम्मू–कश्मीर राज्य से पहुंचने वाली चिट्टे की खेप गांवों के करियाने की दुकान पर बिकना आरंभ तक हो गया है। हालांकि करियाना दुकानदार को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है।

बताया जाता है कि यह दुकानदार थोक व प्रचून दोनों तरह से चिट्टा बेचता था। जिसका सीधा–सीधा तात्पर्य है कि चंबा जिला भी उड़ता पंजाब बनता जा रहा है। जिसका उदाहरण गत महीनों में पकड़ी गई चिट्टे नशे की खेप सहित 40 से अधिक युवाओं को गिरफ्तार किया जा चुका है।

हालांकि पुलिस द्वारा चिट्टे के नशे पर अंकुश लगाने के लिए लोगों से सामुदायिक योजनाओं के तहत बैठकें करने सहित गुप्त सूचना देने तक का भी आह्वान किया जा रहा है। लेकिन इसके बावजूद भी जिला चंबा में कई युवाओं की नसों में यह जहरीला नशा दौड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)

### नशा तस्करी की सूचना दें पुलिस को : अभिषेक



पुलिस अधीक्षक जिला चंबा अभिषेक यादव का कहना है कि पुलिस के थाना से लेकर पुलिसचौकी व विशेष पुलिस दलों द्वारा समय–समय पर नाका लगाने सहित छापेमारी कर चिट्टा नशा रोकथाम के लिए नियंत्रण अभियान छेड़ रखा है। वहीं स्थानीय लोगों से भी इस दिशा में आह्वान रहेगा कि वह तस्करी से जुड़े लोगों की पुलिस को समय-समय पर सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

### संवेदनशील स्थलों पर विभाग लगवाए बैरिकेड्स

**चंबा।** बाड़ीदेहरा–बाट मार्ग पर पैरापिट अभाव हर पल दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा है। जिसके चलते राहगीरों व वाहन धारकों को रोजना परेशानी एवं डर–डर के उक्त मार्ग पर आवागमन करना पड़ रहा है।

बाड़ीदेहरा–बाट पंचायतों सहित राह में पड़ने वाले स्थलों पर इस मार्ग से रोजाना सफर करने वाले वाहन चालकों व राहगीरों में रोशन सिंह, प्रभुदयाल, मनोज, परसो, मुकेश, राज सिंह आदि का कहना है कि बाड़ीदेहरा–बाट मार्ग के जीर्णोद्वार करने के लिए लोक निर्माण विभाग चंबा द्वारा कदम उठाए जाए।

### मतदान जागरूकता पर होगा कबड्डी टूर्नामेंट

**पंडोह।** ग्राम पंचायत जागर के बीबीएमबी खेल मैदान में 12 मई को एक दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का आयोजन की जा रहा है। यह जानकारी कबड्डी कोच एवं आयोजक धूम राज ने दी। उन्होंने बताया कि वे समाजसेवी लोगों के सहयोग से पिछले 7 वर्षों से इस प्रतियोगिता का आयोजन करते आ रहे हैं। इस बार अंडर 14 बालक कबड्डी में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाएंगे।

कार्यक्रम को प्रेरणादायक और मनोरंजन करने के लिए महिला मंडलों की म्यूजिक चेयर व रस्साकशी जैसी खेलों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ बीबीएमबी के टेक्निकल विशेषज्ञ विजय कुमार करेंगे।

# जिला मुख्यालय में मनाया भगवान परशुराम जयंती का पर्व



कार्यक्रम के दौरान मौजूद सभा के सदस्य।

**आरके रांगड़ा,**

भगवान श्री परशुराम जयंती एवं अक्षय तृतीया के अवसर पर ब्राह्मण प्रतिनिधि सभा चंबा द्वारा श्री सीताराम मंदिर भवन मोहल्ला जनसाली में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सुबह करीब साढ़े 4 बजे से ही भजन कीर्तन के साथ प्रभातफेरी निकाली गई तथा ध्वजारोहण रस्म भी पूरी की गई।

इस दौरान विधिवत हवन की पूर्णाहुति के उपरांत संगत ने भजन कीर्तन एवं प्रवचनों का आयोजन किया गया। साथ ही संगत एवं श्रद्धालुओं में प्रसाद भी वितरित किया गया।

इस आयोजन में ब्राह्मण समाज के प्रमुख ज्ञानी एवं विद्वानों ने भाग लेकर विधिवत पूजा अर्चना को अंजाम दिया तथा भगवान परशुराम का गुणगान किया गया इस आयोजन में पंडित देवी प्रसाद उपाध्यक्ष, मनोहर लाल, कश्मीरी मदन शर्मा, श्री चंद नायर, दिलीप चोना, दविंद्र ईश्वर सुरेश रमेश टेकचंद के अलावा के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पुलिस कर्मियों ने की सहायता



**डलहौजी।** विकास खंड भटियात के ग्राम पंचायत बगढार में सड़क किनारे चल रही खच्चर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह से घायल अवस्था में सड़क के किनारे पड़ा रहा। उसकी ऐसी हालत को देखकर स्थानीय ग्रामवासी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं पुलिस प्रशासन आगे आए और बेजुबान जानवर को पशु चिकित्सक एवं कर्मियों ने उसकी हालत देखते हुए मरहम पट्टी एवं उचित दवाइयां देकर उसके मालिक को आगाह कर दिया। वहीं पूर्व उप प्रधान वीर सिंह गुलेरिया पशु चिकित्सा किशन ठाकुर थाना प्रभारी जगबीर सिंह इस दया रूपी का हिस्सा बने।

# विद्या प्रवेश उत्सव पर बच्चों ने किया नृत्य

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

केंद्रीय विद्यालय बकलोह छावनी में कक्षा–1 के लिए विद्या प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया, इस उत्सव में कक्षा -1 में दाखिला लेने वाले बच्चों का स्वागत किया जाता है। सर्वप्रथम सभी बच्चों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के मंच संचालक राजू जोकि कक्षा–1 के कक्षा अध्यापक भी हैं ने विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार, मुख्य अतिथि महोदया पुनीत बैंस तथा अभिभावकों का स्वागत किया।

तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर साथ में सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। स्वागत गीत तथा स्वागत नृत्य के साथ बच्चों का स्वागत भव्य तरीके से किया गया। प्राथमिक विभाग के बच्चों ने कविता की प्रस्तुति की तथा कक्षा -1 के बच्चों ने भी नृत्य और कविता गायन किया।





बच्चों को सम्मानित करते अध्यापक व अन्य।

कार्यक्रम में आगे कक्षा अध्यापक राजू ने सभी बच्चों और अभिभावकों को विद्या प्रवेश उत्सव का मतलब बताते हुए विद्यालय के नियमों से अवगत करवाया।

इसी क्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्री अनिल कुमार ने सभी बच्चों को अपने सुंदर वाक्य के साथ आशीर्वाद प्रदान किया तथा केंद्रीय विद्यालय संगठन बच्चों के लिए क्या–क्या कर रहा है, यह सब बताया। मुख्य अतिथि महोदया श्रीमती पुनीत बैंस ने भी बच्चों को बहुत सी अनमोल बातें बताते हुए हुए आशीर्वाद प्रदान किया।

# विधायक नीरज नैय्यर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मांगेंगे वोट

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो**

कांगड़ा–चंबा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी विधानसभा क्षेत्र चंबा के विधायक नीरज नैय्यर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जाकर कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के हित में मतदान हेतु अपील करेंगे।



आनंद शर्मा व नीरज नैय्यर।

सदर विधायक ग्राम पंचायत करियाना में जनसभा में भाग लेंगे तो ठीक साढ़े 12 बजे ग्राम पंचायत प्रौथा में जनसभा को संबोधित करेंगे साथ ही ठीक 2:30 बजे ग्राम पंचायत रजिन्डू (कुडथा) में आम जनता, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों से रू–ब–रू होंगे और पार्टी के लिए नई ऊर्जा का संचार करने का काम करेंगे।

बता दें कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी आनंद शर्मा राजनीति में अपना अलग मुकाम रखते हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में शुमार आनंद शर्मा क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों को लेकर अपना रुख साफ कर चुके हैं तथा बीते दिनों जिला मुख्यालय का दौरा कर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं, समर्थकों में नई ऊर्जा का संचार करके गए हैं।

# मेडिटेशन से बदलें जीवन : राम प्रकाश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

अगर अच्छे कपड़े पहनने से हमारे दिमाग की दशा बदल सकती है तो अच्छा ज्ञान हासिल करने से या अपने लक्ष्य के प्रति ट्रेंड माइंड करके जीवन भी बदला जा सकता है। माइंड ऑप्रेशन अकादमी बच्चों को पढ़ने के साथ–साथ जीवन में अपने लक्ष्य को निर्धारित करने व अच्छा ज्ञान हासिल करने की कला भी सीखा रही है।

अकादमी के निर्देशक राम प्रकाश ठाकुर ने कहा इस बार के नए सत्र से बच्चों को हफ्ते में एक बार मेडिटेशन क्लास और महीने में एक बार काउंसलिंग और क्विज प्रतियोगिता करवाने जा रही है ताकि छात्र–छात्राएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अपने माइंड को निपुण बना सके निदेशक ने कहा माइंड ऑप्रेशन अकादमी में सिर्फ पढ़ाया ही नहीं जाता बल्कि बहुत कुछ सिखाया भी जाता है।



बच्चों को मानसिक तनाव से दूर रहने के लिए मेडिटेशन करते।

अकादमी में व्यक्तित्व विकास स्पोकन इंग्लिश काउंसलिंग माइंड पावर मेमोरी पावर एलएलपी व मेडिटेशन के स्पेशल कोर्स भी करवाए जा रहे हैं ये सभी कोर्स छात्र छात्राओं व अन्य व्यावसायिक लोगों के भविष्य को सशक्त बनाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। निदेशक ने कहा अकादमी भविष्य में भी लगातार बच्चों की तथा अन्य लोगों के मानसिक विकास के लिए अलग–अलग जगह पर भिन्न भिन्न तरह के ऑनलाइन और ऑफलाइन सेमिनार और वेबीनार आयोजित करने जा रही है।

## सूडोकु 0059 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | | 1 | | 8 | | 2 |
| | 5 | | 8 | | 7 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | 6 | | 7 | 9 | | 5 | | 3 |
| 5 | | | | 4 | | | | 1 |
| 3 | | 1 | | 8 | 2 | | 7 | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 4 | | 3 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | 2 | | 1 | 5 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0058 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 |

# सुंदरनगर में महिला शतरंज प्रतियोगिता आज से

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

हिमाचल प्रदेश राज्य शतरंज संघ के तत्वावधान में जिला मंडी शतरंज संघ द्वारा दो दिवसीय राज्य स्तरीय महिला शतरंज प्रतियोगिता 11–12 मई को सनातन धर्म सभा परिसर सुंदरनगर में शुरू हो रही है। जिला मंडी शतरंज संघ के अध्यक्ष केशव नायक व महासचिव देशराज शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता 30 जून से 10 जुलाई तक तमिलनाडु में होगी।

उन्होंने बताया कि जिला मंडी शतरंज संघ प्रदेश शतरंज के उत्थान में हमेशा से अग्रणी रहा है। इस के साथ राज्य शतरंज संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि इस अवसर पर जिला मंडी शतरंज संघ अंडर–17 (छात्र वर्ग) व अंडर–11 (छात्र–छात्रा वर्ग) की जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता भी प्रायोजित करेगा। सभी प्रतिभागी खिलाड़ी अपनी रजिस्ट्रेशन करवाने के साथ राज्य सदस्यता शुल्क व जिला सदस्यता शुल्क अवश्य जमा करवाएं व गूगल फार्म भरकर ऑनलाइन जमा करें।

प्रतियोगिता के चीफ ऑर्बिटर व डिप्टी चीफ आर्बिटर हंसराज ठाकुर ने बताया कि अंडर–17 वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता 15 से 23 जुलाई 2024 तक चंडीगढ़ में आयोजित होंगी। जिला मंडी शतरंज के प्रवक्ता व स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के सदस्य हंसराज ठाकुर ने बताया कि अंडर–11 (छात्र–छात्रा) वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता एक से नौ अक्टूबर तक तेलंगाना में आयोजित होगी। खिलाड़ी जिला मंडी शतरंज संघ या राज्य शतरंज संघ के फेसबुक पेज पर जाकर प्राप्त कर सकते हैं।

# निर्वाचन अधिकारी ने काउंटिंग हॉल व स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**जोगिंद्रनगर।** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मुख्य निर्वाचन अधिकारी हिमाचल प्रदेश मनीष गर्ग ने जोगिंद्रनगर तथा 30 द्रंग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना को राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में स्थापित काउंटिंग हॉल का निरीक्षण किया। साथ ही स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया तथा इस संबंध में की गई सभी व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा तथा संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश भी जारी किए।



स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण करते हुए।

इस मौके पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम पधर सुरजीत सिंह, तहसीलदार जोगिंद्रनगर डॉ. मुकुल शर्मा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

11 मई, 2024, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** वैशाख, **तिथि** चतुर्थी: (2:06) : **नक्षत्र :** मृगशिरा (10:16), **पक्ष :** शुक्ल, **योग:** सुकर्मा (10:02) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:50-12:44), **राहुकाल** (8:55 -10:36)।

### विशेष दिन

- 11 मई 2024 : विनायक चतुर्थी आज।
- 11 मई 2024 : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस आज।

**मेष:** विवाद को बढ़ावा न दें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। शत्रु सक्रिय रहेंगे। दु:खद समाचार मिल सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**वृषभ:** समाजसेवा की प्रेरणा प्राप्त होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पहले की गई मेहनत का फल प्राप्त होगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**मिथुन:** साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। प्रभावशाली व्यक्तियों से संपर्क बन सकता है।

**कर्क :** यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। समय की अनुकूलता का लाभ लें।

**सिंह :** क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कुसंगति से बचें। फालतू खर्च होगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। लेन-देन में धोखा खा सकते हैं। नकारात्मकता रहेगी।

**कन्या :** रुका हुआ पैसा मिल सकता है। समाजसेवा कर पाएंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**तुला:** मित्रों तथा रिश्तेदारों का सहयोग कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

**वृश्चिक:** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। धार्मिक कार्य पर व्यय हो सकता है। कानूनी अड़चन दूर होगी। आशंका-कुशंका के चलते कार्यप्रणाली प्रभावित हो सकती है।

**धनु :** लेन-देन में जल्दबाजी न करें। कोई पुराना रोग उभर सकता है। चोट व दुर्घटना से शारीरिक हानि हो सकती है। किसी की बातों में न आकर स्वयं विवेक से कार्य करें।

**मकर:** कानूनी अड़चन दूर होगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। नए मित्र बनेंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होगी। व्यापार-व्यवसाय में अनुकूलता रहेगी।

**कुंभ :** संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

**मीन:** बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। नौकरी में कोई नया कार्य कर पाएंगे। संगीत आदि में रुचि रहेगी। अध्ययन-लेखन आदि में प्रसन्नता व उत्साह से कार्य कर पाएंगे।

**स्वास्थ्य** | डलहौजी के स्कूल में बच्चों की हालत खराब होने से बना अफरा–तफरी का माहौल

# आयरन की गोली खाने से तबीयत हुई खराब, अस्पताल में भर्ती

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डलहौजी में बच्चों की तबीयत खराब हो जाने से अफरा–तफरी का माहौल बन गया, जिसमें अधिकतर पाठशाला की छात्राएं शामिल रही। पीड़ित बच्चों ने स्कूल प्रबंधन से सर दर्द, चक्कर आना और उल्टी आदि की शिकायत की। उनकी खराब तबियत होते देख स्कूल प्रबंधन ने बच्चों के अभिभावकों को मोबाइल फोन के माध्यम से सूचना दी तथा बच्चों को जैसे तैसे नागरिक अस्पताल डलहौजी पहुंचा जहां बच्चों की बिगड़ी तबीयत को लेकर तुरंत इलाज शुरू कर दिया।

इसी बीच उपमंडलाधिकारी डलहौजी नागरिक अनिल भारद्वाज ने अस्पताल पहुंचकर छात्रों का हाल जाना। साथ ही बच्चों के उचित इलाज हेतु हिदायतें भी दी। जहां शाम के समय कुछ बच्चों की तबीयत में सुधार होने के साथ ही उन्हें घर भेज दिया गया।

इस मामले को लेकर जब प्रधानाचार्य डलहौजी से बात की गई तो उन्होंन बताया कि सुबह बच्चों को आयरन की गोलियां स्वास्थ्य विभाग की तरफ से दी गई थी जिन्हें खाने के बाद हो सकता है इन बच्चों को गोलियों में विपरीत प्रभाव हो , जिसके चलते उनकी तबीयत खराब हो गई, लेकिन बाद दोपहर अचानक बच्चों ने ज्यादा तबीयत खराब होने की शिकायत अध्यापकों को की तथा अध्यापकों ने तुरंत हरकत में आते हुए सभी बच्चों को अस्पताल पहुंचाया तथा तुरंत इलाज शुरू कर दिया गया और सभी बच्चे ठीक हैं तथा लगभग सभी बच्चों को उनके घर भेज भी दिया गया।





स्कूल का बाहरी दृश्य।

### उपमंडलाधिकारी डलहौजी नागरिक अनिल भारद्वाज ने छात्रों का जाना हाल

### बच्चों की तबीयत में हुआ सुधार डॉ. मनीष

**वहीं** नागरिक अस्पताल डलहौजी के एमडी मेडिसिन डॉक्टर मनीष चौधरी से बात की गई तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि हो सकता है कि आयरन की दवाई ने बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर किया हो, जिसके चलते उल्टी आना जी मचलाना जैसे लक्षण दिखाई देते हैं लेकिन इन सभी बच्चों को उचित दवाइयां, इंजेक्शन तथा ग्लूकोस दे दिए गए थे। जिससे ज्यादातर बच्चों की तबीयत में सुधार देखने को मिल रहा है।

# भाजपा की कथनी और करनी में अंतर : अनुराधा

## कहा- रवि ठाकुर ने लाहौल की जनता के साथ किया धोखा, जनता चुनावों में सिखाएगी सबक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

कांग्रेस प्रत्याशी अनुराधा राणा शुक्रवार को चौपर के माध्यम से स्पीति पहुंची।

स्पीति की जनता ने अनुराधा का स्वागत किया। शुक्रवार सुबह चौपर से ताबो हेलिपैड में अनुराधा का स्वागत करने के लिए विशेष तौर पर काजा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राम सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष रपटन बोध, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रवि, महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पूनम सहित समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नामांकन के बाद कांग्रेस व भाजपा प्रत्याशी चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। घाटी के दौरे के पहले दिन अनुराधा ने ताबो में जनसभा को संबोधित किया और अपने पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। अनुराधा राणा ने जनसंपर्क अभियान के तहत


कांग्रेस प्रत्याशी अनुराधा राणा का स्पीति पहुंचने पर स्वागत करते कार्यकर्ता।

### लोगों से कांग्रेस के पक्ष में की मतदान करने की अपील

ताबो लरी, हुरलिंग, ग्यू सहित आसपास के क्षेत्रों का दौरा कर लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। सनद रहे कि इस समय जहां ग्रांफू-काजा सड़क मार्ग यातायात के लिए बाधित होने के कारण स्पीति घाटी पहुंचना एक बहुत बड़ी चुनौती थी, लेकिन अनुराधा यहां पर चौपर के माध्यम से पहुंची और लोगों को संबोधित किया।

### आज विक्रमादित्य सिंह पहुंचेंगे स्पीति

शनिवार को मंडी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह भी स्पीति घाटी पहुंचेंगे और कांग्रेस के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील जनसभा के माध्यम से करेंगे। इस दौरान उनके साथ लाहौल-स्पीति के चुनाव प्रभारी एवं मंत्री जगत नेगी भी विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे।

### घाटी की आवाज को विधानसभा में जोर से उठाएंगी

अनुराधा राणा ने भाजपा को घेरते हुए कहा कि जनता जानती है कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है। उन्होंने पूर्व विधायक रवि ठाकुर पर भी निशाना साधते हुए कहा कि रवि ठाकुर ने लाहौल की जनता के साथ धोखा किया है यदि रवि ठाकुर कांग्रेस पार्टी के साथ धोखा नहीं करते, तो आज उपचुनाव की नौबत लाहौल-स्पीति के लोगों पर नहीं आती। चुनाव पर खर्च होने वाले रुपए क्षेत्र के विकास पर खर्च होते। अनुराधा ने दो टूक शब्दों में कहा कि पूर्व विधायक रवि ठाकुर को लाहौल-स्पीति की जनता इस उपचुनाव में जरूर सबक सिखाएंगी। उन्होंने कहा कि वह लाहौल-स्पीति की बेटी हैं और वह लोगों को विश्वास दिलाती हैं कि जीतने के बाद वे घाटी की आवाज को विधानसभा में जोर से उठाएंगी।

# जनसभा मंच से धाम का न्योता देकर आचार संहिता का उल्लंघन

## चुनाव आयोग ने की कार्रवाई, उम्मीदवार के खाते में जुड़ेगा खर्चा

**कमलेश वर्मा, केलांग**

जनजातीय विधानसभा क्षेत्र लाहौल-स्पीति में कांग्रेस प्रत्याशी अनुराधा राणा के पक्ष में आयोजित जनसभा में आचार संहिता का उल्लंघन होने का मामला सामने आया है। दरअसल, कांग्रेस प्रत्याशी अनुराधा राणा ने बुधवार आठ मई को जिला मुख्यालय केलांग में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान नामांकन के बाद जनसभा का भी आयोजन किया गया था।

इस जनसभा में मंत्री जगत सिंह नेगी और सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर भी विशेष रूप से मौजूद थे। जनसभा में कार्यकर्ताओं को मंच से धाम का निमंत्रण दिया गया। चुनाव आयोग ने इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन के बाद आयोजित जनसभा में सैकड़ों के हिसाब से कार्यकर्ता समर्थक के पहुंचे थे।

इसी कड़ी में कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों के लिए धाम का आयोजन किया गया और लोगों को मंच से धाम खाने के लिए लाउड स्पीकर के माध्यम से निमंत्रण दिया गया, जिसके चलते चुनाव आयोग ने कार्रवाई करते हुए इसका चालान बुक कर दिया है। लिहाजा, अब इस धाम का खर्चा उम्मीदवार के खाते में पड़ेगा। लिहाजा, लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के नामांकन कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को धाम का निमंत्रण देना उम्मीदवार को महंगा पड़ा। (अनंत ज्ञान)

### बैठक होगी, खर्चे का किया जाएगा मूल्यांकन

कांग्रेस की ओर से आचार सहिंता के उल्लंघन को लेकर चुनाव आयोग की ओर से इसका चालान बुक कर दिया है। इसको लेकर बैठक होगी और उसके बाद इसके खर्च का मूल्यांकन किया जाएगा। यह खर्चा उम्मीदवार के निर्धारित खर्च में जुड़ेगा।

**नवांग छेरिंग, एईओ चुनाव आयोग।**

### जानकारी नहीं

कांग्रेस की ओर से कार्यकर्ताओं के लिए खाना बनाया था। अभी तक हमें यह जानकारी नहीं है कि चुनाव आयोग ने इसको लेकर कोई कार्रवाई नहीं की है।

**ज्ञालसन ठाकुर, जिला अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी।**

# भगत सिंह बने एसएमसी अध्यक्ष


कुल्लू साइंस स्कूल बाशिंग में आयोजित एसएमसी की बैठक के दौरान बच्चों के अभिभावक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू साइंस स्कूल बाशिंग परिसर में अभिभावकों की सालाना बैठक आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य शमशेर चंद ने सभी अभिभावकों का अभिनंदन करते हुए किया।

इस बैठक में अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने सुझाव भी साझा किए। बैठक में स्कूल प्रबंधन कमेटी का गठन भी किया गया। भगत सिंह को सर्वसम्मति से स्कूल प्रबंधन कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। स्कूल के प्रधानाचार्य एवं विद्यालय प्रबंधक ने अभिभावकों से अपने-अपने सुझाव साझा किए और आगामी सत्र 2024-25 के लिए विद्यालय की रूपरेखा से भी अवगत करवाया। साथ ही अभिभावकों के सुझाव भी सुनें। कुल्लू के अग्रणी स्कूलों में शूमार कुल्लू साइंस स्कूल बाशिंग का बारहवीं और दसवीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा। स्कूल प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष भगत सिंह ने कमेटी का अध्यक्ष बनाए जाने पर सभी का आभार प्रकट किया और अपने सुझाव साझा किए।

# हिमालय में पारंपरिक चिकित्सा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय में चित्रकूट स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स और स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी में शुक्रवार से हिमालय में पारंपरिक चिकित्सा के इतिहास की खोज विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। सेमिनार को भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर) की ओर से प्रायोजित किया गया। यह सहयोग पारंपरिक चिकित्सा के मार्ग को रोशन करने के लिए इतिहास और विरासत की गहराई में जाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। हिमालय में पारंपरिक दवाओं के इतिहास की खोज सेमिनार दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित पर्वत श्रृंखलाओं में से एक में औषधीय प्रथाओं की उत्पत्ति और विकास में एक मनोरम यात्रा प्रदान करता है।

# 10,075 फुट ऊंचे नॉर्थ पोर्टल में लोगों को मतदान का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को अटल-टनल रोहतांग (10,075) ऊंचे नॉर्थ पोर्टल पर जिला निर्वाचन विभाग लाहौल-स्पीति की ओर से लोगों को मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। इस मौके पर स्वीप टीम ने जिले में मतदान प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए नुक्कड़ नाटक से जागरूक किया।

इस दौरान प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना भी विशेष रूप से मौजूद रहे और उन्होंने मतदाताओं से एक जून को होने वाले मतदान प्रक्रिया में स्वतंत्र, निष्पक्ष व निर्भीक होकर बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान


अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल में नुक्कड़ नाटक के तहत जागरूक करते कलाकार।

किया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी लाहौल-स्पीति राहुल ने मुख्य सचिव को जिले में निर्वाचन को लेकर की गई व्यवस्थाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। निर्वाचन से संबंधित सभी आवश्यक प्रबंध व सभी तमाम व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। मुख्य सचिव दो दिवसीय लाहौल व चंबा जिले के उपमंडल किलाड़ के दौरे पर आए हैं। शनिवार को किलाड़ में भी चुनाव से जुड़ी आवश्यक व्यवस्थाओं का वह निर्वाचन कार्यालय में सहायक रिटर्निंग अधिकारी से जायजा लेंगे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने निर्वाचन से जुड़ी विभागीय आवश्यक प्रबंधों की मुख्य सचिव को जानकारी देते हुए कहा कि जिला में पुलिस तंत्र द्वारा पर्यटकों की भी बढ़ती आमद को देखते हुए यातायात की भी सुचारु व्यवस्था बनाई गई है और विभिन्न स्थलों पर नाकों से भी चौकसी बढ़ाई गई है।

# 36 बोतलें अवैध शराब की बरामद

**आनी।** पुलिस थाना ब्रौ की टीम ने जगातखाना में गश्त के दौरान एक व्यक्ति के कब्जे से 12 बोतलें देसी शराब बरामद की हैं।

पुलिस ने रविंद्र कुमार निवासी गांव जगातखाना डाकघर रामपुर तहसील निरमंड के खिलाफ आबकारी कराधान अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर छानबीन जारी कर दी है। इसके अलावा पुलिस थाना ब्रौ की टीम ने रंदल चौक में गश्त के दौरान मोहन लाल निवासी गांव पनाशा डाकघर पोशना तहसील निरमंड के कब्जे से 24 बोतलें देसी शराब बरामद की हैं। इस मामले में पुलिस ने मोहन लाल के खिलाफ थाना ब्रौ में आबकारी अधिनियम के तहत एक मामला पंजीकृत किया है। उधर, डीएसपी आनी चंद्रशेखर ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हेमंत शर्मा और पुलिस बैंड के गानों पर नाचा आनी

**अनंत ज्ञान, आनी**

जिला स्तरीय आनी मेले की तीसरी और अंतिम सांस्कृतिक संध्या फोक सिंगर हेमंत शर्मा, पुलिस बैंड हार्मनी ऑफ पाइंस के नाम रही।

इसके अलावा सिरमौर से संबंध रखने वाले प्रसिद्ध लोकगायक अजय चौहान और ओल्ड इस गोल्ड नाटी एल्बम से प्रसिद्ध हुए एसएमस चवासी के लोकगायक संजय और श्याम ने भी एक से बढ़कर एक गीत गाकर अपनी आवाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। मेला कमेटी के आग्रह पर अंतिम सांस्कृतिक संध्या का समय 10 से बढ़ाकर 12 बजे तक आयोजित करने की प्रदेश सरकार के पर्यावरण विज्ञान एवं तकनीकी विभाग की ओर से अनुमति प्रदान कर दी गई थी। गायक हेमंत शर्मा ने



अपनी सुरीली आवाज में अपने सुप्रसिद्ध गाने 'हो बे लालिये हो... से कार्यक्रम की शुरुआत की और इसके बाद कुल्लू मनाली लागा मेला... तथा तेरे कानों रा झुमका इंदिरा डालिये.. सहित एक से बढ़कर एक गाने गाकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद साथ लगते मंडी क्षेत्र के चवासी क्षेत्र के एसएमएस चवासी फेम कलाकार संजय और श्याम ने देओ डेऊयो बीनणी न रोपे लो, घरा भी आंगने तेरे ओ खशिया, देवा बेहनिया सहित एक से बढ़कर एक नाटियां गाकर खूब समां बांधा।

युवाओं की पसंद झुमका झुमका... ठुमका ठुमका और चस्का बुरा.. आदि गानों से ख्याति पा चुके सिरमौर के गायक अजय चौहान ने अपनी आवाज में नाटी यारो री चाली.. मुखे आदता बुरी पौड़ी सहित कई पहाड़ी गाने गाकर दर्शकों को नाचने पर मजबूर किया। वहीं, संध्या की अंतिम प्रस्तुति में हिमाचल की शान बन चुके हिमाचल पुलिस के बैंड हार्मनी ऑफ पाइंस की टीम ने


आनी मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते पुलिस बैंड हार्मनी ऑफ पाइंस के कलाकार।

टीम का नेतृत्व कर रहे इंस्पेक्टर विजय कुमार की अगुवाई में गणेश वंदना, वंदे मातरम, दिल से रे, अगर तुम साथ हो, तेरा घाघरा के बाद, हो बे लालिये हो, साहिबा री गे बीबिये, नैई आइंदा आदि गाने गाकर करीब डेढ़ घंटा तक दर्शकों को खूब झूमाया। इस संध्या में ही चवासी क्षेत्र से संबंध रखने वाले प्रसिद्ध उद्यमी, समाजसेवी और पर्यावरण संरक्षक मान सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

# हिमाचल की बेटी बनीता ने यूपी की भावना को कुश्ती में दी पटकनी

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

जिला कुल्लू के जरड़ में छिंज कमेटी की ओर से करवाए दंगल में देश-विदेश के महिला व पुरुष पहलवानों ने अपना जौहर दिखाया, जिसमें महिला पहलवानों ने अच्छा प्रदर्शन कर खूब पसीना बहाया। हिमाचल की बेटी बनीता ने यूपी की पहलवान भावना को पटकनी दी।

ढोल बजाने वालों ने पहलवानों में दंगल करवाने के साथ दर्शकों का अपनी ढोल कला के जादू से मनोरंजन किया। इस दंगल में वरिष्ठ नागरिक सेवानिवृत्त एसएसबी के जवान मेला राम ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कमेटी को 5100 की राशि


जरड़ में आयोजित दंगल में प्रतिभा दिखातीं महिला पहलवान।

सहयोग कुश्ती के सहयोग को दी। मुख्यतिथि मेला राम और कमेटी के प्रधान बिशन दास ने बताया कि जरड़ छिंज का इतिहास 150 साल पुराना है। मेला राम काफी बुर्जुग हैं और उन्होंने सेना में सेवा दी है। अध्यक्ष बिशन दास व राम शरण ने बताया कि छिंज का आयोजन सभी के सहयोग से किया जाता है। कुश्ती के आयोजन से सभी को अच्छी सेहत रखने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वह नशे को त्याग कर खेलों की ओर ध्यान दें। छिंज प्रतियोगिता में लक्की थापा की कुश्ती ने इस दंगल को चार चांद लगा दिए। सभी पहलवानों ने खूब दमखम दिखाया, लेकिन माली कोई भी पहलवान नहीं जीत पाया। जरड़ कुश्ती दंगल की छोटी व बड़ी माली बराबरी में रही। कमेटी की ओर से पहलवानों को नकद राशि उपहार देकर सम्मानित किया गया।



अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष



## वक्त के साथ महिलाओं की बढ़ रही भागीदारी और जिम्मेदारी

*वक्त जैसे-जैसे बदल रहा है, वैसे ही महिलाओं की भागीदारी और जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है, आज महिलाएं पहले से भी ज्यादा जागरूक और पहले से भी ज्यादा समर्थ हैं। आज की नारी जो भी जिम्मेदारी उठाती है, उसे पूरा करने का दम रखती है और अपनी काबिलियत को इस्तेमाल कर उस क्षेत्र में कामयाब होकर दिखा रही हैं, जिसमें अकसर पुरुषों का दबदबा रहता था। आज की नारी समंद्र से लेकर अंतरिक्ष तक हर जगह पर अपनी पहचान बना चुकी है। आज की महिलाएं खिलाड़ी भी हैं, अभिनेत्री भी हैं, आईएएस भी हैं, चिकित्सक भी हैं, वैज्ञानिक भी हैं और साहित्यकार भी और न जाने कितने क्षेत्र ऐसे है, जहां पर आजकल की महिलाएं हर रोज सफलता के झंडे गाड़ रही हैं। किंतु वक्त के साथ आज एक शब्द समाज में बहुत प्रचलित हो चुका है और वो शब्द है फेमिनिज्म। आज हर जगह इस शब्द का इस्तेमाल हो रहा है मगर क्या इस शब्द के इस्तेमाल का कोई असर हो रहा है, कुछ महिलाएं फेमिनिज्म को कुछ हद तक सही मान रही हैं, जबकि कुछ महिलाएं ऐसी भी हैं, जो फेमिनिज्म को सही नही मानती। इस बारे में महिलाओं से इस विषय पर उनके विचार जानते हैं और साथ ही महिलाओं की सबसे बड़ी शक्ति ओर बेटियों के लिए सुरक्षित माहौल ओर शिक्षा दोनों में से किस विषय को ज्यादा जरूरी मानती हैं।*

*- सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।*

### महिलाओं के अंदर आत्मविश्वास का होना बहुत जरूरी


**छिमे आंगमो, शमशी जिला कुल्लू।**

**मैं** मानती हूं कि आज की महिलाओं के अंदर आत्मविश्वास का होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है क्योंकि जो खुद पर विश्वास करती है और जो अपने लिए गए निर्णयों को पूरी विश्वास के साथ निभाती हैं वह कभी नाकामयाब नहीं हो सकती, मगर जब एक महिला दूसरी महिला का सहयोग करने की बजाए ईर्ष्या या द्वेष भावना रखने लगे तो कहीं न कहीं जाने-अनजाने महिलाएं खुद ही अपने रास्ते में कांटा बन जाती हैं। मुझे नहीं लगता कि फेमिनिज्म से महिलाओं को वो जगह मिल पाएगी, जिसकी वो हकदार हैं। मुझे लगता है कि समाज में पुरुष और नारी दोनों ही बराबर हैं और दोनों मिलकर ही सुंदर और स्वस्थ समाज की रचना कर सकते हैं। पुरुष और महिलाएं दोनों ही एक-दूसरे के पूरक हैं और समाज में दोनों की एहमियत बराबर है किसी को श्रेष्ठ ओर कमतर समझना नादानी होगी। आज का वक्त बेटियों को पढ़ाने का और आगे बढ़ाने का है और साथ ही बेटियों को सुरक्षित माहौल और सुरक्षित वातावरण देने का है, ताकि सभी बेटियों को समान रूप से आग बढ़ने का मौका मिले।

### महिलाओं की सबसे बड़ी शक्ति योग्यता और आत्मविश्वास

**मुझे** लगता है कि महिलाओं की सबसे बड़ी शक्ति या यूं कहें उनकी सबसे बड़ी ताकत उसकी अपनी योग्यता और आत्मविश्वास है इसके साथ ही अगर परिवार की तरफ से भी सहयोग मिले, तो महिलाओं की आत्मविश्वास में और इजाफा होता है। बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि महिलाएं एक-दूसरे का सहयोग बहुत ही कम करती हैं और सहयोग करते हैं वो या तो मां होती है या फिर बहन या दोस्त इसके अलावा कहीं पर भी कोई महिला दूसरी महिला का सहयोग करने से बचती है। हमारे समाज का ढांचा ऐसा बना है, जहां पर सभी की अपनी जगह और सभी की अपनी एहमियत है। महिला और पुरुष अगर दोनों ही एक-दूसरे का सम्मान करें और एक दूसरे को सहयोग करें, तो फेमिनिज्म जैसे शब्दों की हमारे समाज में कोई जरूरत नहीं रहेगी। कुछ हद तक फेमिनिज्म ठीक है, मगर हर जगह फेमेनिज्म को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल हो ये सही नहीं है। इसके साथ ही बेटियों को सुरक्षित माहौल देना सबकी जिम्मेदारी है साथ ही बेटियों को पढ़ाना भी उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी है।


**सुनीता ठाकुर, हनुमानी बाग जिला कुल्लू।**

### शिक्षा और सुरक्षित माहौल होना जरूरी

**मुझे** लगता है कि महिलाओं की सबसे बड़ी शक्ति या ताकत उसका महिला होना ही है। महिलाएं हर परिस्थिति में अपनी सूझबूझ और काबिलियत से स्वयं को ढाल सकती है क्योंकि नारी का दूसरा नाम ही शक्ति है। महिलाएं जब तक स्वयं जागरूक व अपने पैरों पर खड़े नहीं होंगी, तब तक वह किसी दूसरे का सहयोग नहीं कर सकती हैं ओर वैसे भी एक महिला का दूसरी महिला का सहयोग करना समाज में अच्छा उदाहरण पेश कर सकता है, जबकि सहयोग करने वाली महिलाएं आज बहुत ही कम दिखती हैं। नारीवाद लिंग आधारित भेदभाव को अस्वीकार कर समानता की मांग करते हैं। नारीवाद काफी हद तक महिलाओं को अपने हक दिला सकती है। बदलते वक्त बदलते समाज को देखते हुए ये कहा जा सकता है कि बेटियों के लिए शिक्षा और सुरक्षित माहौल दोनों ही बहुत जरूरी है। बेटियां तभी आगे बढ़ पाएंगी, जब माहौल सुरक्षित होगा और जब माहौल सुरक्षित होगा तो बेटियां ज्यादा से ज्यादा संख्या में शिक्षित होंगी। शिक्षित और काबिल बेटियां ही आगे चलकर एक सुंदर समाज की रचना करने में एक अहम भूमिका निभा सकती हैं। इनके साथ ही बेटियों को भी अपनी अपनी रक्षा के लिए स्वयं को तैयार रखना होगा, ताकि हर परिस्थिति से महिला आराम से जूझ सके और खुद को साबित कर सकें।


**सोनम छोकिद, गांव स्टिंगरी जिला लाहौल स्पीति।**

### एक महिला ही दूसरी महिला को समझ सकती है

**एक** महिला की सबसे बड़ी शक्ति उसका आत्मविश्वास है। आत्मविश्वास एक पहिया जैसा है, जो उसे जीवन में आगे ले जाती है। आज के दौर में जहां सब जगह भागदौड़ है, ऐसे में एक आत्मविश्वासी ही कदम से कदम मिला कर चल सकेगी। चाहे जितनी भी योग्यता हो अगर आत्मविश्वास न हो तो आप उसका सही इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। आजकल जैसे हर जगह पर प्रतिस्पर्धा चल रही हैं ऐसे में एक महिला भी दूसरी महिला को सिर्फ अपने एक प्रतिद्वंदी के रूप में ही देख रही हैं। एक महिला ही दूसरी महिला को भली भांति समझ सकती हैं ऐसे में हर समय सहयोग के लिए तैयार रहना चाहिए। मेरे खयाल से महिलाओं को हर जगह हर समय पीछे रखा जाता है और आज के वक्त में भी जहां महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं, समाज में भी पुरुषों के कदम से कदम मिला कर चल रहे हैं। महिलाओं ने अपने लिए खुद जगह बनाई है, उन्हें किसी भी तरह का नारीवाद या फेमिनिज्म की आवश्यकता नहीं है। शिक्षा हमारे जिंदगी का एक अभिन्न अंग है। आज के वक्त में शिक्षा के बिना जिंदगी का कोई मोल नहीं है। शिक्षा हमें हर विपरीत परिस्थितियों में ढलना सिखाती है। शिक्षा का मूल्य उसे घर से ही पता चल जाएगा, तो मेरे हिसाब से शिक्षा ही बेटियों के लिए एकमात्र सहारा है, जो उसे हर तकलीफ से दूर रख सकती है।


**कलजंग नोरकित, पांगमो गांव लाहौल स्पीति।**

## न्यूज ब्रीफ

### फर्जी फर्म बनाकर 5.90 लाख की धोखाधड़ी

**बीबीएन।** पुलिस थाना नालागढ़ के तहत धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में शिव कुमार पुत्र सालीग राम ने बताया कि फर्म में कार्यरत कर्मचारी रोहित राणा निवासी भमनौर तहसील मुकेरियां जिला होशियारपुर ने अनिकेत निवासी अजौली तहसील नंगल के साथ मिलकर फर्जी नामों के साथ दवाईं जा रही फर्मों को लुब्रिकेंट सप्लाई किया, जिससे करीब 5.90 लाख रुपए का नुकसान हुआ। थाना नालागढ़ के तहत मामले की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### अबू इलेवन ने जीती स्वारघाट प्रीमियर लीग



**बीबीएन।** पहाड़ी क्षेत्र की ग्राम पंचायत जखाड़ी व घड़याच में स्वारघाट प्रीमियर लीग में अबू इलेवन ने जीत दर्ज की। फाइनल में अबू इलेवन ने चंबा इलेवन की टीम को पराजित किया। प्रतियोगिता में अनुज सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए। प्रतियोगिता में 20 टीमों ने भाग लिया। जखाड़ी के खेल मैदान में खेली गई प्रतियोगिता का फाइनल मैच चंबा इलेवन व अबू इलेवन के बीच हुआ। चंबा इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 55 रन बनाए। जवाब में अबू इलेवन एक विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। दीपक को चार विकेट चटकाने पर फाइनल मैच का बेस्ट प्लेयर चुना गया। समारोह के मुख्यातिथि हरदीप बावा ने विजेता टीम को 31 हजार व उपविजेता को 21 हजार रुपए व ट्रॉफी प्रदान की। हरदीप बावा ने क्लब के सदस्यों की मांग पर खेल मैदान के विस्तारीकरण की बात कही। इस मौके पर जखाड़ी के प्रधान राकेश कुमार, क्लब के प्रधान रवि ठाकुर, सोनू ठाकुर, रामलाल ठाकुर, दीप चंद, संजय और सोनू आदि ने भाग लिया।

### मतदान अधिकारियों का दूसरा पूर्वाभ्यास 23 व 24 को

**राजगढ़।** सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम पच्छाद डॉ. संजीव कुमार धीमान ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी हिमाचल प्रदेश एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार 55-पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के पीठासीन अधिकारियों, सहायक पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारियों का दूसरा पूर्वाभ्यास 23 और 24 मईको राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सराहां में होगा। यह पूर्वाभ्यास पहले 22 मई को होना निश्चित हुआ था। चुनावी ड्यूटी में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का दूसरा पूर्वाभ्यास आरंभ होने से पहले प्रातः 10 बजे अपना हाजिरी सुनिश्चित करना होगा।

### स्टूडेंट्स ने यातायात व्यवस्था में किया सहयोग



**रेणुकाजी।** राजकीय महाविद्यालय ददाहू के सड़क सुरक्षा क्लब एवं स्वच्छता क्लब के विद्यार्थियों ने परशुराम जयंती के अवसर पर शोभायात्रा ददाहू तहसील प्रांगण से बाजार मार्ग से श्री रेणुका जी मंदिर तक शोभायात्रा में भाग लिया। सड़क सुरक्षा क्लब और स्वच्छता क्लब के संयोजक प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि इसमें सड़क सुरक्षा क्लब एवं स्वच्छता क्लब के 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने ट्रैफिक पुलिस के साथ पैदल चलकर यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियंत्रित करने में सहयोग दिया और स्वच्छता क्लब के विद्यार्थियों ने ददाहू बाजार के आसपास साफ सफाई की। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर पवन कुमार ने सड़क सुरक्षा क्लब और स्वच्छता क्लब के कार्यों की सराहना की और भविष्य में कॉलेज में की जाने वाली गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### बनिया देवी मंदिर में कल लगेगा चिकित्सा शिविर

**अर्की।** उपमंडल अर्की की पंचायत बखालग के प्राचीन बनिया देवी मंदिर परिसर 12 मई को स्थानीय पंचायत व मंदिर कमेटी के सौजन्य से महर्षि मारकंडेश्वर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कुमारहट्टी के अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। स्थानीय पंचायत उपप्रधान पूर्णचंद शर्मा के अनुसार इस शिविर में सुबह 11 से तीन बजे तक विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित रहेंगे, जिसमें नेत्र रोग, नाक-कान-गला रोग, हड्डी रोग, आंतरिक रोग चिकित्सा, शिशु रोग और शल्य चिकित्सा के विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके अलावा, शिविर में शुगर व रक्त जांच की सुविधा भी उपलब्ध होगी। आयोजक कमेटी के समस्त सदस्यों ने ग्रामीणों से इस शिविर का लाभ उठाने का आह्वान किया और आशा व्यक्त की कि इस शिविर से ग्रामीणों को उनके स्वास्थ्य संबंधी जांच और उपचार में सहायता मिलेगी।

# पर्यटन नगरी कसौली की हो रही राजनीतिक उपेक्षा

## बदहाल सड़क से पर्यटक हताश, सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं, 24 घंटे पेयजल आपूर्ति की योजनाएं भी अधर में

**आर मोहन चौहान, सोलन**

विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी कसौली को राजनीतिक उपेक्षा का दंश झेलना पड़ रहा है। यहां लगातार कटते पहाड़ और कंक्रीट में बदलते जंगल अपनी पहचान खो रहे हैं।

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कसौली में रोपवे, गड़खल में फ्लाईओवर और 24 घंटे पेयजल आपूर्ति की योजनाएं अधर में होने से कसौली अब पर्यटन की दृष्टि से अपनी पहचान खोता जा रहा है। पर्यटकों को सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है। सड़कों की हालत बदहाल होने से यहां आने वाले पर्यटक निराश हो जाते हैं। सड़कों की जर्जर हालत और शौचालयों में फैली गंदगी देख पर्यटकों के साथ स्थानीय लोग भी परेशान हैं। पर्यटक यहां सड़कों की खस्ताहाल और गंदे शौचालयों के वीडियो बना सोशल



कसौली का ऐतिहासिक सीआरआई संस्थान और टीवी टावर।

मीडिया पर डाल रहे हैं, जिससे छावनी बोर्ड प्रशासन सहित सरकार की भी खिल्ली तो उड़ रही है। पर्यटकों का कहना है कि कसौली की खूबसूरती के बारे में बहुत सुना था, लेकिन यहां आकर जब खस्ताहाल सड़कें, गंदे शौचालय ने हमारा स्वागत किया, तो निराशा हाथ लगी। उनका ये भी कहना है कि कुदरती तौर पर कसौली बेशक एक खूबसूरत पर्यटन स्थल है, लेकिन यहां बुनियादी सुविधाओं की बदइंतजामी कसौली की खूबसूरती पर एक धब्बे की तरह है। हमने सपने में भी नहीं सोचा था कि कसौली जैसे विश्व प्रसिद्ध पर्यटक स्थल में बुनियादी सुविधाओं का इतना बुरा हाल होगा। (अनंत ज्ञान)

### पर्यटकों की संख्या में आएगी कमी, कारोबार पर पड़ेगा असर

कसौली के लोगों का कहना है कि बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटक कसौली की सुंदर छवि लेकर आतें हैं, लेकिन यहां पर बुनियादी सुविधाओं को देख सब हैरान हैं। कसौली के ढाबा और होटल संचालकों का कहना है कि इन दिनों पर्यटन सीजन पीक पर है। ऐसे में कसौली क्षेत्र की सड़कों की हालत सुधारने की दिशा में लोनिवि सहित छावनी बोर्ड को सार्थक प्रयास करने चाहिए। अगर आने वाले समय में भी यही हाल रहा है, तो इसका खामियाजा स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को भी भुगतना पड़ेगा। पर्यटकों की आमद में कमी आएगी, जिससे करोबार पर असर पड़ेगा।

### सड़कों पर गड्ढे दुर्घटनाओं को दे रहे न्योता



कसौली छावनी की सीमा में आने वाली सड़कों में जगह-जगह बने गड्ढे दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। कसौली छावनी के अंदर भी सड़कें बदहाल हैं। खासकर छावनी बोर्ड कार्यालय के बाहर की। इसके अलावा अन्य सड़कें भी दुरुस्त नहीं हैं। लोगों ने माना कि यहां सड़कों के साथ शौचालयों की दशा भी बहुत खराब है, जिस कारण पर्यटकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खासतौर पर महिलाओं और बच्चों का कहना है कि छावनी बोर्ड और एमईएस को सड़कों और शौचालयों की स्थिति सुधारने के लिए जल्द से जल्द ठोस कदम उठाने चाहिए, ताकि यहां पर्यटकों को बेहतर बुनियादी सुविधा मिल सके और कसौली की छवि भी खराब न हो। पर्यटकों को बैठने के लिए पर्याप्त रेन शेल्टर और बेंच तक नहीं हैं न ही कोई बायोडिग्रेडेबल टायलट। रेन शेल्टर न होने से पर्यटकों को गर्मी व बरसात में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### नए शौचालय का करवाया निर्माण

सड़क की रिपेयर का टेंडर लग चुका है। जल्द ही काम शुरू हो जाएगा, जिस टायलेट की तस्वीरें सोशल मीडिया में है व शौचालय छावनी बोर्ड काफी पहले बंद कर चुका है। छावनी प्रशासन ने पर्यटन विभाग से मिल सनराइज प्वाइंट पर एक नए शौचालय का निर्माण करवाया है। जल्द ही उसे पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा।

**सतीश कुमार, असिस्टेंट इंजीनियर छावनी बोर्ड कसौली।**

# 12 मई तक भरें फॉर्म 12-डी : सलीम आजम

**अनंत ज्ञान, नाहन**

एसडीएम एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नाहन सलीम आजम ने बताया कि एक जून को होने वाले लोकसभा मतदान के दृष्टिगत भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा आवश्यक सेवाओं में कार्यरत आठ सरकारी विभागों के चिन्हित अधिकारियों और कर्मचारियों को फॉर्म 12-डी भरकर पोस्टल बैलट पेपर के माध्यम से वोट डालने की वैकल्पिक सुविधा प्रदान की गई है। इन आठ विभागों में स्वास्थ्य, जल शक्ति , अग्निशमन, एचआरटीसी, बिजली, मिल्कफेड के अलावा मान्यता प्राप्त मीडिया प्रतिनिधि शामिल हैं।

एसडीएम सलीम आजम ने नाहन में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आवश्यक सेवाओं में तैनात चिन्हित सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के नोडल अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। एसडीएम ने



एसडीएम नाहन नोडल अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

### 333 मतदाताओं ने भरा फॉर्म 12-डी

एसडीएम ने बताया कि नाहन विधानसभा क्षेत्र के तहत आज तक कुल 333 मतदाताओं ने अपने फॉर्म 12- डी जमा करवाए हैं। आवश्यक छानबीन के उपरांत पात्र मतदाताओं को निर्धारित अवधि के भीतर पोस्टल बैलट पेपर जारी किए जाएंगे। उन्होंने एक बार पुनः फॉर्म 12-डी के माध्यम से वोट करने वाले पात्र मतदाताओं से 12 मई तक अपने फॉर्म एसडीएम कार्यालय में जमा करवाने की अपील की है।

कहा कि भारतीय निर्वाचन आयोग की ओर से फॉर्म 12-डी में पोस्टल बैलट पेपर के माध्यम से मतदान करने की वैकल्पिक सुविधा आवश्यक सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों को प्रदान की गई है, जिसके तहत फॉर्म 12-डी में आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 मई निर्धारित की गई है। एसडीएम ने बताया कि भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाता तथा दिव्यांग मतदाताओं को भी फॉर्म 12-डी के माध्यम से घर से वोट करने की वैकल्पिक सुविधा प्रदान की गई है।

### दिव्यांग कर्मचारी करेंगे मतदान केंद्र संचालित

**नाहन।** विधानसभा क्षेत्र नाहन में कई मतदान केंद्र महिलाओं व दिव्यांग कर्मचारियों की ओर से संचालित किए जाएंगे। लोकसभा चुनाव में मतदान सफलतापूर्वक संपन्न हो इसको लेकर महिला कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिन्हें यहां ईवीएम सहित मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाने को लेकर विभिन्न विषयों पर जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम सलीम आजम ने की और महिला व दिव्यांग कर्मियों द्वारा संचालित किए जाने वाले मतदान केंद्र पर कार्य को लेकर जानकारी दी। मीडिया से परिचित हुए एसडीएम ने बताया कि महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित बनाने को लेकर महिलाओं को डेडिकेट मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां मतदान प्रक्रिया का सभी कार्य महिला कर्मियों की ओर से किया जाना है। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के मकसद से चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार नाहन में महिला कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। महिला व दिव्यांग कर्मियों द्वारा संचालित मतदान केदो पर तैनात होने वाले पीआरओ, एपीआरओ व बीओ मतदान करवाने, चुनाव आयोग की गाइडलाइन बारे, ईवीएम के प्रयोग व ऑपरेट करने बारे ट्रेनिंग दी जा रही है।

# जीनियस स्कूल में लजीज व्यंजनों की महक 18 माताओं ने कुकिंग में दिखाई प्रतिभा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

शहर के आनंद विहार स्थित जीनियस ग्लोबल स्कूल में मदर-डे सेलिब्रेशन की तैयारियां जोरों पर हैं। ग्रैंड फिनाले 18 मई को स्कूल कैंपस में आयोजित किया जाएगा।

फिनाले की ग्रेंड सक्सेस के चलते स्कूल में इसके आयोजन से पूर्व विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को स्कूल में पढ़ रहे बच्चों की माताओं के लिए कुकिंग और बेस्ट ऑउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का फाइनल आयोजित किया गया। इन दोनों प्रतियोगिताओं में 25 माताओं ने भाग लिया। कुकिंग में 18 माताओं ने तरह-तरह के व्यंजन जैसे पूड़े, खीर, चटनी, इडली डोसा, मलाई कोफ्ता, केक, मूंग दाल हलवा, मोमोज, गोल गप्पे, चना भटूरा सहित कई प्रकार के शेक व जूस परोसे। इन व्यंजनों की खुशबू से स्कूल कैंपस महक उठा। प्रतियोगिताओं में पायल



तोमर, बबली वर्मा व पूजा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। स्कूल मैनेजिंग डायरेक्टर नीति शर्मा ने बताया कि माताओं को मदर-डे सेलिब्रेशन का बेसब्री से इंतजार रहता है। इसके अलावा बच्चों की प्रस्तुतियां मदर-डे को और भी खास बनाएंगी। नीति ने बताया कि बेस्ट मोमेंट के नाम से फेसबुक पर कार्यक्रम तैयार किया है। इस कार्यक्रम की खासी चर्चा रहती है। पिछले 15 साल से इस कार्यक्रम को जारी रखे हैं। सबसे अधिक लाइक और कमेंट हासिल करने वाली माता को सुपर मॉम के अवॉर्ड से नवाजा जाता है।

# गुरु अंगद देव के प्रकाशोत्सव पर नाहन गुरुद्वारा में उमड़ी संगत

**अनंत ज्ञान, नाहन**

नाहन के ऐतिहासिक गुरुद्वारा दशमेश अस्थान साहिब में सिखों के दूसरे गुरु अंगद देव महाराज के प्रकाश उत्सव को लेकर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।

इस दौरान गुरुद्वारा परिसर में कीर्तन समागम समेत विशाल लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में सभी धर्मों के लोगों ने भाग लेते हुए प्रसाद ग्रहण किया। बीते दो दिनों से नाहन के गुरुद्वारा परिसर में गुरु अंगद देव के प्रकाश उत्सव को लेकर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। नाहन गुरुद्वारा के



मुख्य ग्रंथी ज्ञानी लक्ष्मण सिंह ने बताया की ऐतिहासिक गुरुद्वारा दशमेश अस्थान साहिब परिसर में गुरु अंगद देव महाराज का प्रकाश उत्सव बड़ी धूमधाम एवं हर्षोउल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस दौरान जहां अखंड पाठ साहिब के आयोजन हुए, तो वहीं कीर्तन समागमों समेत विशाल लंगर आयोजित किए गए।

# राजगढ़ में धूमधाम से मनाई भगवान परशुराम जयंती

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

श्री ब्राह्मण समाज कल्याण की राजगढ़ ईकाई ने भगवान परशुराम जयंती एवं अक्षय तृतीया का पावन पर्व धूमधाम से मनाया।

ब्राह्मण समाज कल्याण ईकाई के अध्यक्ष हरदेव भारद्वाज ने बताया कि ईकाई द्वारा यहां पिछले वर्ष से इस कार्यक्रम को आरंभ किया गया था। इसी कड़ी में आज यहा सर्व प्रथम क्षेत्र के प्रसिद्ध आराध्य देव शिरगुल महाराज के मंदिर परिसर में विश्व की प्राकृतिक आपदा से रक्षा व क्षेत्र की सुख शांति व आम जनमानस के



भगवान परशुराम जयंती एवं अक्षय तृतीया पर हवन करते लोग।

कल्याण के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें सैकडों लोगो ने पूर्णाहुति अर्पित करके पुण्य कमाया उसके बाद भगवान परशुराम की प्रतिमा की पूजा-अर्चना की गई।

उसके बाद शिरगुल मंदिर से शिरगुल चौक राजगढ़ तक पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ भगवान परशुराम की प्रतिमा के साथ शोभायात्रा निकाली गई। उसके बाद शिरगुल चौक पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आचार्य सुभाष शर्मा, विधायक रीना कश्यप, चित्रा सिह, राजेंद्र ठाकुर, निहाल रापटा, विजय भारद्वाज व विकल्प ठाकुर सहित अनेक वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डाला।

### मंदिर परिसर रेणुका में किया हवन



**रेणुका जी।** भगवान विष्णु के छठे अजर अमर अवतार भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर 10 मई को मंदिर परिसर में हवन यज्ञ किया गया। हवन के मुख्य याज्ञिक रेणुका विकास बोर्ड के अध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष विनय कुमार थे। उन्होंने भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर लोगों को बधाई दी व यज्ञ में पूर्णाहुति डाली। इसी दिन सायं चार बजे वन्य प्राणी विभाग परिसर वॉलीबाल प्रतियोगिता आयोजित की गई। भगवान परशुराम मंदिर जम्मू कोटी व कटाहा से भगवान परशुराम की पालकी लाई गई थी। भगवान परशुराम मंदिर में डीसी सिरमौर सुमित खिमटा व विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने लाइन में लगकर भगवान परशुराम के मंदिर में शीश नवाया। तीर्थ में दिन भर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। श्रद्धालुओं ने रेणुका झील में पवित्र स्नान भी किया। इस दौरान विभिन्न स्थलों पर भंडारे का आयोजन किया गया। रात्रि आठ बजे मंदिर परिसर में भजन संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आज देव पालकियों को विदा किया जाएगा।

# नाहन में आवारा कुत्ते बने समस्या

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला मुख्यालय नाहन शहर में आवारा कुत्तों की समस्या आए दिनों स्थानीय लोगों के लिए मुसीबत बन रही है।

स्थानीय लोग नगर परिषद को कई बार शिकायतें कर चुके हैं, लेकिन समाधान न होने से आक्रोशित शहरवासियों ने आज नगर परिषद कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया और नगर क्षेत्र की कार्यप्रणाली के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वार्ड नंबर-2 के पार्षद विक्रम ने बताया कि शहर में आवारा कुत्तों सहित डॉग लवर के नाम पर एक घर में लोगों ने 40 से 50 कुत्ते पाल रखे हैं, जिसके चलते लगातार शहरवासी परेशानी झेल रहे हैं और कई बार मामला नगर परिषद के हाउस की



बैठक में भी उठाया और स्थानीय लोगों ने नगर परिषद को शिकायतें की, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ, जिससे आक्रोशित लोग नगर परिषद कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे हैं।

उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा समस्या डॉग लवर के नाम पर एक घर में दर्जनों कुत्ते एक साथ रखने के चलते आस पड़ोस के लोगों को उठानी पड़ रही हैं। गलियों में छोटे बच्चे महिलाएं नहीं गुजर पांती। गंदगी का माहौल है कुत्ते काटने को पड़ते हैं। नगर परिषद कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। उन्होंने बताया कि अगर समाधान ना हुआ तो यह आंदोलन भूख हड़ताल तक भी किया जाएगा।

### आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए की जाएगी कार्रवाई

नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संजय तोमर ने बताया कि शहर में कुत्तों की समस्या उनके संज्ञान में है। कुत्तों की समस्याओं को लेकर कुछ लोग आज उनसे मिले भी हैं। आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा डॉग लवर के नाम पर अपने घरों में 40 से 50 कुत्ते पालने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर एसपी सिरमौर को पत्र लिखा जा रहा है। पुलिस जवानों को साथ लेकर डॉग लवर के घरों में रखे दर्जनों कुत्तों को बाहर निकाला जाएगा।

# सोशल मीडिया पर फेक न्यूज, दुष्प्रचार फैलाने पर होगी कार्रवाई : मनमोहन शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाने के लिए जिले में सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। विभिन्न मीडिया माध्यमों से दुष्प्रचार व मीडिया प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग रोकने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया पर फेक न्यूज और तथ्यहीन व गलत सूचनाएं फैलाने पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। सोशल मीडिया भी

**हेट स्पीच के मामलों पर भी रखी जा रही कड़ी नजर**

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की श्रेणी में आता है और इस पर प्रसारित सामग्री पर जिला स्तर पर गठित मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति द्वारा चौबीसों घंटे कड़ी नजर रखी जा रही है। यदि सोशल मीडिया पर आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना से संबंधित कोई सामग्री पाई जाती है, तो इससे प्रसारित करने वाले व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। डीसी ने कहा कि विशेषतौर पर सोशल मीडिया के माध्यम से हेट स्पीच के मामलों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है।

# तेज गर्मी में ठंडे पेयजल बने सहारा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

बीते कल पच्छाद के सराहां क्षेत्र में हुई बारिश ने जहां सिरमौर के ऊपरी क्षेत्रों को गर्मी से राहत दी है। तो वहीं नाहन, पांवटा साहिब, कालाअंब सहित निचले क्षेत्रों में हरियाणा की ओर से आने वाली लू की थपेड़ों से आम लोगों का हाल बेहाल कर दिया है।

लगातार बढ़ते तापमान के चलते जहां खाने-पीने से रेडीमेड गारमेंट दुकानों का धंधा ठंडा पड़ गया है। तो वहीं एसी, पंखा, कूलर बेचने वाले दुकानदारों की जमकर कमाई हो रही है। मौसम विभाग की मानें तो शुक्रवार करीब 12 बजे पांवटा साहिब का तापमान 33 डिग्री, कालाअंब का तापमान 35 डिग्री, नाहन का तापमान 31 डिग्री रहा।



**कहां कितना तापमान**

| | |
|---|---|
| पांवटा साहिब | 33° |
| कालाअंब | 35° |
| नाहन | 31° |

फाइल फोटो।

भारी गर्मी के चलते सब्जियों के सीजन में सब्जियों के दाम भी आसमान छू रहे हैं। लोग गर्मी से राहत पाने के लिए ठंडे पेयजल को लेना ज्यादा पसंद कर रहे हैं, बता दें इन दिनों सिरमौर में लहसुन की खुदाई का काम चला है। मगर तपते सूरज के नीचे खेत से लहसुन निकालना मुश्किल बन गया है। वहीं, सीएमओ डॉ. अजय पाठक ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि धूप में घर से बाहर कम निकले। उन्होंने कहा कि गर्मियों में अधिक से अधिक पानी का सेवन करें। साथ ही बासी खाना खाने से परहेज करें।

**समस्या** शहर की सड़कों पर कचरे के ढेर कर रहे लोगों का स्वागत, दुकानदारों को उठानी पड़ रही परेशानी

# राजगढ़ में सफाई व्यवस्था चरमराने से फैली बदबू

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

नगर पंचायत राजगढ़ में एक बार फिर सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, जिस कारण शहर के आम जनमानस को भारी परेशान का सामना करना पड़ रहा है।

यहां पिछले लगभग पांच, छह दिनों से शहर से निकलने वाले कचरे को उठाया नहीं जा सका है, जिस कारण शहर की मुख्य सड़क हाब्बन, राजगढ़, सोलन पर जगह-जगह गंदगी के ढेर लग गए हैं और सड़क किनारे रखे कूड़ेदान भर गए है। हवा वाला मौसम



राजगढ़ में लगे कूड़े के ढेर।

होने के कारण यह कचरा ईधर-उधर फेल रहा है।

गर्मियों का मौसम होने के कारण कूड़े से बदबू फेल रही है और राहगीरों व दुकानदारों को परेशानी उठानी पड़ रही है। यहां शहर में घर-घर से कूड़ा उठाया जाता है। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि यहां नियमित रूप से घरों से कूड़ा एकत्र नहीं किया जा रहा, जहां से किया भी जा रहा वहां भी पिछले दिनों इन्ही कूड़ेदानों में कूड़ा एकत्र हो रहा है, जिससे समस्या और बढ़ गई है। कुछ स्थानों पर कचरे को जलाने की भी सूचना मिली है।

### राजगढ़ पंचायत के पास अपनी डंपिंग साइट नहीं

इस विषय में जब नगर पंचायत सचिव अजय गर्ग से संपर्क किया गया, तो उनका कहना था कि नगर पंचायत राजगढ़ के पास अपनी डंपिंग साइट नहीं है। नगर पंचायत की ओर से अपना कचरा किराये की डंपिंग साइट पर डाला जाता है। मगर भूमि मालिक ने उस स्थान पर कूड़ा फेंकने से मना कर दिया है, जिस कारण यहां समस्या आई है। जल्द ही शहर में लगे कूड़े-कचरे के सभी ढेरों को साफ कर दिया जाएगा। नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे कचरे में आग न लगाएं हो सकता है कि कुछ लोग कचरे में आग लगा देते होंगे। अब आज से सड़क पर लगे कूड़े के ढेरों को नगर पंचायत द्वारा बोरियों में भरा जा रहा है और जल्द ही इस समस्या का समाधान कर दिया जाएगा, ताकि ईधर-उधर कचरा न फैले, मगर हैरानी का विषय है कि शहर से निकलने वाले कचरे को कब तक बोरियों में भरा जा सकता है।

# मतदान के लिए किया जागरूक

**अर्की।** जिला निर्वाचन विभाग सोलन और सहायक निर्वाचन अधिकारी अर्की के निर्देशों पर सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) टीम ने लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अर्की में विभिन्न गतिविधियां का आयोजन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. हेमराज सूर्य ने की। स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. यशपाल शर्मा ने बताया कि राजकीय आईटीआई अर्की में स्वीप टीम ने ईएलसी क्लब के साथ मिलकर मतदाता जागरूकता के लिए निमंत्रण पत्र, पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताएं करवाई गई।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार

फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

# बरोहा सड़क मार्ग पर प्राकृतिक जल स्रोत पर पाइप लगाकर किया कब्जा

**गोपाल कपिल, झंडूता**

झंडूता क्षेत्र के तहत आने वाले समोह जंगल के समीप बरोहा सड़क पर स्थित प्राकृतिक जल स्रोत पर किसी अज्ञात लोगों ने कब्जा कर रखा है।

प्राकृतिक जल स्रोत सड़क के किनारे आम जनता के लिए काफी फायदेमंद है, लेकिन यहां पर कब्जा करने की वजह से यहां पर पानी की कमी भी हो रही है और साथ ही लोगों को अब गर्मियों के मौसम में पानी कम भी मिल सकता है।

इससे ग्रामीणों को चिंता सता रही है कि कहीं पानी की कमी खली तो इस मौसम में पानी की भरपाई कैसे की जाएगी। जानकारी के अनुसार यहां पर किसी अज्ञात लोगों ने मोटी पाइप डालकर अपना कब्जा कर लिया है। इससे गर्मी में इन दिनों लोगों को पानी की भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस जल स्रोत को खोला जाए, ताकि गर्मियों के मौसम में यहां पर लोगों को पर्याप्त पानी मिल सके। (अनंत ज्ञान)



### जमीन की हिफाजत के लिए लगाया था डंगा

**उधर,** इस संदर्भ में जब लोनिवि एसडीओ झंडूता नितेश शर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस जमीन की हिफाजत के लिए डंगा लगाया गया है, ताकि भूमि कटाव न हो तथा प्राकृतिक जल स्रोत सुरक्षित रह सके।

# मटर बीज बेचने पर संशय में किसान

## किन्नौर में पेश आया वाकया; उपायुक्त ने कृषि विभाग के अधिकारी से मांगा स्पष्टीकरण, जांच के दिए आदेश

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

जिला किन्नौर मे इन दिनों कृषि विभाग द्वारा किसानों को मटर बीज उपलब्ध करवाया जा रहा है। वहीं, विभाग द्वारा एक्सपायरी डेट के गोल्डी मटर के बीज बेचा जा रहा है।

**किसानों ने बीज की जांच को लेकर प्रशासन से उठाई मांग**

बता दे कि गोल्डी मटर का बीज किन्नौर जिला के कल्पा ब्लॉक में 170 क्विंटल, पूह ब्लॉक में 250 क्विंटल और निचार ब्लॉक में 80 क्विंटल बिज किसानों को 85 रुपए प्रति किलो के हिसाब से बेचा गया है। वहीं डेट एक्सपायरी मटर पर विवाद होता देख, कृषि विभाग किन्नौर द्वारा मटर का बीज गोल्डी लोट नंबर 15306681 को सरकारी प्रयोगशाला चंबाघाट जिला सोलन को इस बीज की गुणवत्ता व प्रमाणिता जांच करने के लिए भेजा गया था। जबकि अभी जो किन्नौर के किसानों को गोल्डी मटर का बीज जो दिया जा रहा है वह टेस्टिंग बीज के लोट नंबर का न देकर दूसरे लोट नंबर का बीज दिया जा रहा है। इससे जिला के किसान स्वयं को ठगा सा महसूस कर रहे है। वहीं, किन्नौर के पत्रकारों ने एक्सपायरी डेट के गोल्डी मटर बीज के पैकेट व लोट नंबर जिला उपायुक्त किन्नौर को दिखाया।

इस पर उपायुक्त ने कृषि विभाग के अधिकारी ओम प्रकाश बंसल को पिछले वर्ष का स्टॉक गोल्डी मटर बीज बेचने व एक्सपायरी डेट तथा लोट नंबर पर स्पष्टीकरण मांगा व जांच पड़ताल करने को कहा। जिला के किसान राम कुमार, जवाहर, शंकर लाल, गुलशन, पंकज, मन मोहन, जय करण, प्रवीन, रेखा, अनिता, शारदा, संजीव, अमित आदि किसानों ने एक्सपायरी डेट व मटर बीज की जांच करने को लेकर मांग की।


फाइल फोटो।

### मामले पर चुप्पी साधते नजर आए अधिकारी

**जिला** कृषि अधिकारी ओम प्रकाश बंसल ने कहा कि गोल्डी मटर बीज का पांच महीने पहले 23 दिसंबर 2023 को एक्सपायरी डेट होने का संज्ञान था। उसके बाद बीज के उपयोगिता व गुणवत्ता जांचने के लिए चंबाघाट सोलन प्रयोगशाला भेजा गया था वहां से गोल्डी मटर बीज का रिपोर्ट सही पाया गया था। उसके उपरांत जिला के किसानों को बेचा गया। कृषि अधिकारी गोल्डी मटर बीज के लोट नंबर पर चुप्पी साधते नजर आए।

# जल स्रोतों को साफ रखना भी हमारी जिम्मेदारी : डॉ. मोनिका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद के निर्देशन में महाविद्यालय के यूको क्लब द्वारा एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. कटवाल ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

इसमें कार्यकारी प्राचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल, मुख्यातिथि प्रोफेसर जगवीर चंदेल और मुख्य वक्ता सहित सभी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश में युवाओं के लिए मोटे अनाज के पोषक तत्व, औषधीय पौधों की महत्ता, ऊर्जा और जल संरक्षण एवं ई कचरा के बारे में विशेष जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. मोनिका चंदेल और प्रोफेसर सोनिया राठौर रही। डॉक्टर मोनिका ने ऊर्जा और जल संरक्षण एवं ई-कचरा के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए कहा कि आज के युग में स्वच्छ जल उत्पादन के लिए जल उत्पादन और ऊर्जा के संरक्षण की बहुत ज्यादा जरूरत है क्योंकि यह एक सोचनीय विषय है कि आज पानी का जलस्तर घटना जा रहा है और पानी कम हो रहा है। इसलिए पानी का संरक्षण बहुत जरूरी है। अगर हम जल को सुरक्षित रखेंगे तभी हमारा कल सुरक्षित होगा। इसके लिए हमें जल का प्रयोग उचित प्रकार से करना होगा। हमारे जल स्रोत को साफ रखना भी हमारी जिम्मेदारी है व हमें वर्षा के जल को इकट्ठा करके जल स्रोत बना देने चाहिए।

### कार्यक्रम में छात्रों ने लिया प्रतियोगिताओं में भाग

**अंत** में विद्यार्थियों से विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी करवाया गया। इसमें कि रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, रंगोली प्रतियोगिता और स्लोगन राइटिंग आदि विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंत तक समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम के समन्वयक डॉक्टर कुलदीप बरवाल थे।

# बंडली में चोलटू नृत्य की धूम

## डोम देवता जी महाराज की जातर का किया आयोजन, भक्तों ने लिया आशीर्वाद


डोम देवता जी महाराज।


जातर के दौरान नृत्य प्रस्तुत करते हुए श्रद्धालु।

**अनंत ज्ञान, कोटखाई**

हिमाचल को देवी-देवताओं की भूमि के नाम से भी जाना जाता है हिमाचल की संस्कृति देवी-देवताओं की गाथा के बिना लगभग अधूरी है।

समय-समय पर हिमाचल प्रदेश में इस बात के साक्ष्य अलग-अलग धार्मिक आयोजनों में देखने को मिलते हैं ऐसा ही एक धार्मिक आयोजन तहसील कोटखाई के बंडली गांव में भी देखने को मिला। बंडली गांव में 25 साल के बाद डोम देवता जी महाराज की जातर का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। मुख्य रूप से आयोजन के लिए राणा साहब बलसन त्रिविक्रम सिंह को भी आमंत्रित किया गया था, चोलटू नृत्य इस नृत्य का मुख्य आकर्षण रहा, देवता डोम जी मातली के गूर रामा नंद भिमटा ने बताया कि यह प्रथा सदियों से चली आ रही है। हर 25 साल बाद इसी प्रकार से देवता जी जातर के लिए निकलते है तथा बंडली गांव में भी अन्य स्थानों की तरह जातर का आयोजन किया जाता है।

### भक्तों ने खुशहाली के लिए मांगा आशीर्वाद

**जातर** में देवता जी महाराज के साथ पुजारी नरेश शर्मा, प्रधान प्रकाश चौहान, सचिव मोहन ठाकुर, उपसचिव प्रकाश शर्मा, भंडारी, सुनील वर्मा तथा कारदार सोहन ठाकुर और ब्लयाना, नमाना, कहनेऊ और डुहलू गांव की जनता भी मौजूद रही। जातर में देवता डोम जी महाराज की पूजा आराधना की गई तथा क्षेत्र की खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा।

# मां भगवती जागरण आज

**बिलासपुर।** कोलडैम क्षेत्र के अंतर्गत हरनोड़ा पंचायत की सेडपा स्थित पुनर्वास कॉलोनी में आगामी 11 मई को 6वां विशाल मां भगवती जागरण आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रसिद्ध गायक शर्मा ब्रदर्स, विक्की सोनी व जॉनी ठाकुर महामाई का गुणगान करेंगे। इसके अलावा मंगा महादेव होशियारपुर आर्ट्स ग्रुप के कलाकार मनमोहक झांकियां प्रस्तुत करेंगे। यह जानकारी देते हुए जालपा युवक मंडल के प्रधान डिंपल शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महामाई का जागरण बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। इसमें जमथल स्थित शक्तिपीठ मां जालपा माता जी की अखंड ज्योति लाई जाएगी । मां का सुंदर व भव्य दरबार आकर्षण का केंद्र रहेगा। उन्होंने बताया कि महामाई के अखंड ज्योति की शोभायात्रा 11 मई को परिक्रमा करते हुए जागरण स्थल के पास लाई जाएंगी। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि इस जागरण में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। युवक मंडल की ओर से विशाल मां भगवती जागरण में हरनोड़ा पंचायत के सभी महिला मंडलों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है । इस दौरान उन्हें मां के दरवार में सम्मानित भी किया जाएगा।

# डंगार स्कूल में छात्रों को बताया मतदान का महत्व



स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकालते हुए छात्र।

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक**

उपमंडल घुमारवीं के अंतर्गत ग्राम पंचायत डंगार स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार के विद्यार्थियों द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। एनएसएस स्वयं सेवियों व अन्य विद्यार्थियों ने मतदान को प्रेरित करने वाले स्लोगन हाथों में लिए एक जागरूकता रैली निकाली। स्कूली बच्चों ने लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए नारे लगाए तथा आसपास के लोगों से इस बारे अपील भी की।

बच्चों ने आग्रह किया कि सभी लोग आगामी पहली जून को अपने अन्य सभी काम छोड़कर वोट डालने मतदान केंद्र पर अवश्य जाएं। इस जागरूकता रैली में डंगार स्कूल का स्टाफ भी शामिल रहा। स्कूल के प्रधानाचार्य यशपाल रणौत ने भी लोगों से अपील की कि वे पहली जून को किसी भी प्रकार का आलस न करें और बहुमूल्य मतदान के अधिकार का अवश्य प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हमारा सबका मतदान करना अति आवश्यक है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है तथा इसमें 18 वर्ष से ऊपर के प्रत्येक नागरिक को अपना स्वैच्छिक मतदान करने का अधिकार प्राप्त हुआ है।

इस जन जागरूकता रैली में विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ-साथ पाठशाला के शिक्षकों में रवि शर्मा, रविंद्र कुमार, रेणू लखनपाल, सुमन चंदेल, तिलक राज, कुल भूषण, सोहन लाल व सुनैना आदि ने भी भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### बिलासपुर में विशेष लोक अदालत 29 जुलाई से

**बिलासपुर।** मनीषा गोयल, सचिव (सीनियर सिविल जज), जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बिलासपुर ने यहां बताया कि 29 जुलाई से 3 अगस्त तक माननीय सर्वोच्च न्यायालय में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कोई भी व्यक्ति जिनका माननीय सर्वोच्च न्यायालय में मामला लंबित वह इस विशेष लोक अदालत में आपने मामले को लगवा सकता है। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर के दुरभाष नंबर 01978-221452 पर संपर्क कर सकते हैं।

### एनएसएस स्वयंसेवियों ने की साफ-सफाई

**श्रीनयनादेवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रघुनाथपुरा में एकदिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 11वीं और 12वीं कक्षा के 50 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। इस दौरान स्वयंसेवियों ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, फूलों की क्यारियों, पानी की टंकियों, पौधरोपण, कक्षा के कमरों की सफाई आदि कार्य किए। इसके बाद स्वयंसेवियों ने गांव में रैली निकाल कर लोगों को लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। बौद्धिक सत्र में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुभाष चंद ने स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व और कार्यों के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्य अशोक कैंथ ने स्वयंसेवियों के इन कार्यों की सराहना की। उन्होंने स्वयंसेवियों को भविष्य में पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा जीवन में सहयोगात्मक व्यवहार, देश प्रेम, कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी अपनाने की अपील की। इस अवसर पर स्नेहलता, राजेश कुमारी, गोमती देवी, पुष्पा देवी, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

### खाटू श्याम मंदिर निर्माण के लिए कमेटी का गठन

**बिलासपुर।** हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा खाटू श्याम मंदिर कमेटी भदरोग द्वारा एक बैठक का आयोजन खाटू श्याम मंदिर निर्माण जगह पर कमेटी प्रधान विवेक संख्यान की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर मंदिर निर्माण में किस प्रकार सहयोग होगा और कमेटी में किस-किस व्यक्ति को क्या जिम्मेदारी देनी है उस बारे विस्तृत चर्चा की व कमेटियों का गठन भी किया गया। उन्होंने बताया कि आगामी नौ नवंबर को कीर्तन संध्या के आयोजन व लंगर आयोजन बारे भी चर्चा की। बैठक में सचिव रवि शर्मा द्वारा बाबा खाटू श्याम की महिमा का गुणगान करने के लिए भजन गायिका खुशबू राधा, राघव दास महाराज वृदांवन वाले एवं विभोर गर्ग विशेष रूप से आएंगे। उन्होंने बताया कि बाबा खाटू श्याम मंदिर के लिए अधिक से अधिक भगतजनों को जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर कमेटी प्रधान विवेक संख्यान, सचिव रवि शर्मा, कोषाध्यक्ष सोहन लाल, दिवाकर चंदेल, शुभम, सुरेश, सुधीर, रविंद्र, कीर्ति चंदेल, विश्वजीत चंदेल, सुरजीत, ओमप्रकाश, रजनीश कुमार, हेम सिंह चंदेल, चमन लाल, प्रदीप सिंह, कल्याण चंदेल, जगननाथ, विपिन, अरविंद, रोहित धीमान सहित काफी संख्या में खाटू श्याम भगत उपस्थित रहे।

### आज लगाई जाएगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**रिकांगपिओ।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण किन्नौर एवं वरिष्ठ न्यायाधीश जितेंद्र कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत 11 मई को आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय लोक अदालत के समक्ष धारा 138 के तहत एनआई अधिनियम से संबंधित मामले, मनी-रिकवरी, श्रम विवाद, बिजली व पानी, भरण-पोषण व अन्य (अपराधिक कंपाउंडेंबल व दीवानी विवाद) से संबंधित मामले शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त न्यायालयों में लंबित मामले, जिनमें क्रिमिनल कंपाउंडेंबल ऑफेंस, धारा 138 के तहत एनआई अधिनियम से संबंधित मामले, मनी-रिकवरी, वाहन दुर्घटना, श्रम विवाद, विद्युत व पानी के बिल, वैवाहिक विवाद (तलाक को छोड़कर), भू-अधिग्रहण, सेवाओं से संबंधित तनख्वा व भत्ते, सेवानिवृति से संबंधित मामले, राजस्व मामले (केवल जिला व उच्च न्यायलय में लंबित) व अन्य दीवानी मामले शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अपने-अपने न्यायिक क्षेत्र के तहत जो कोई व्यक्ति भी उक्त मामलों का राष्ट्रीय लोक अदालत में समाधान करना चाहते हैं तो वे न्यायिक न्यायलय परिसर रामपुर बुशैहर, न्यायिक न्यायलय परिसर रिकांगपिओ जिला किन्नौर, न्यायिक न्यायलय परिसर आनी जिला कुल्लू, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण रिकांगपिओ जिला किन्नौर के कार्यालय में अपने मामले की सुनवाई के लिए संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए 01786-223605 या secy-dlsa-kin-hp@gov.in पर संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

# जाखू स्कूल के छात्रों ने खेल और शिक्षा के क्षेत्र में हासिल किए कई मुकाम

**अनंत ज्ञान-नेरवा, चौपाल**

जाखू पब्लिक स्कूल के छात्र आए दिन एक के बाद एक सफलता प्राप्त कर अपने सपनों के उड़ान दे रहे हैं। शिक्षा हो या खेल हरेक क्षेत्र में इस स्कूल के छात्रों ने स्कूल को एक नई पहचान दिलवाई है। खेलों के क्षेत्र में तो इस स्कूल की एक छात्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर नेरवा का नाम रोशन किया है।

इस स्कूल की छात्रा मैवी जिंटा का चयन बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा लिए गए ट्रायल के बाद रोहतक में 18 से 25 अप्रैल तक आयोजित राष्ट्रीय युवा महिला बॉक्सिंग प्रशिक्षण शिविर के लिए हुआ था। इसके बाद मैवी ने अपने वर्ग में एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद को बलवती कर दिया है। खेल के ही क्षेत्र में स्कूल की एक अन्य छात्रा आंचल का चयन जल क्रीड़ा (वाटर स्पोर्ट्स) के लिए बारह दौर के टेस्ट पास करने के बाद साई हॉस्टल बिलासपुर के लिए हुआ है। टेस्ट प्रक्रिया के बाद आंचल की पूरे प्रदेश में पांचवीं रैंकिंग रही है। शिक्षा के क्षेत्र में जाखू पब्लिक स्कूल ने नेरवा ही नहीं पूरे उपमंडल चौपाल में अपनी एक विशेष पहचान बनाई है। इस स्कूल की छात्रा स्तुति सूद ने दसवीं की बोर्ड परीक्षा में 700 में से 661 (94.4) प्रतिशत अंक पूरे चौपाल उपमंडल के निजी स्कूलों में पहला स्थान हासिल किया है ।

वहीं, निखिल गजटा ने 90.2 प्रतिशत अभिनव व हीना ने 85 प्रतिशत एवं ऋषि गजटा ने 83.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। छात्रों की इस उपलब्धि पर स्कूल में खुशी का माहौल है। स्कूल के प्रधानाचार्य विनय खिमटा ने कहा कि स्कूल के छात्रों द्वारा अर्जित उपलब्धियों में जहां छात्रों की मेहनत और अध्यापकों के प्रयास की भूमिका रही है।

### एमडी डीआर खिमटा ने दी छात्रों को बधाई

**स्कूल** के एमडी डीआर खिमटा ने कहा कि छात्रों, अध्यापकों और स्कूल स्टाफ के लिए अनुशासन पहली प्राथमिकता है। छात्रों ने जो भी उपलब्धियां हासिल की है वह अनुशासन में रहकर उनके द्वारा की गई मेहनत और अध्यापकों के प्रयास का ही प्रतिफल है। सभी छात्रों को बहुत-बहुत बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामाएं दीं।

# घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान 15 मई से

**घुमारवीं।** संस्कार सोसायटी घुमारवीं 15 मई से घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान के अंतर्गत विद्यार्थी जागरूकता कैंपेन का आयोजन करने जा रही है। यह जानकारी संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने देते हुए कहा कि संस्था घुमारवीं उपमंडल के स्कूलों में छात्र-छात्राओं के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजित करवा रही है। इसमें घुमारवीं उपमंडल के निजी व सरकारी स्कूलों के बच्चों को पेटिंग के माध्यम से नशे के बारे में जागरूक किया जाएगा। महेंद्र धर्माणी ने कहा कि चिट्टा आज समाज की बहुत बड़ी समस्या बनती जा रही है इसलिए संस्था बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाने के लिए घुमारवीं के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान चला रही है। इस अभियान में शिक्षण संस्थानों में पेंटिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिताएं करवाई जाएगी। इसमें प्रथम, द्वितीय हुआ तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संस्था पुरस्कृत करेगी। साथ ही स्कूल में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की उपमंडल स्तर पर पेंटिंग और स्लोगन प्रतियोगिता भी करवाई जाएगी।

# रेडक्रॉस सोसायटी बिलासपुर ने 'लाडली फाउंडेशन' और 'रेनबो स्टार क्लब' को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला रेडक्रॉस सोसायटी बिलासपुर द्वारा आयोजित विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में बचत भवन में रेनबो स्टार क्लब एवं लाडली फाउंडेशन को सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सम्मानित किया गया।

बचत भवन बिलासपुर में आयोजित विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में अतिरिक्त उपायुक्त डॉक्टर निधि पटेल (आईएएस) द्वारा सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु लाडली फाउंडेशन की जिला महासचिव सुमन चड्ढा एवं पदाधिकारी दीक्षा देवी ठाकुर एवं जिला के प्रमुख सामाजिक संस्था रेनबो स्टार क्लब के सलाहकार ई. श्याम लाल पंवार एवं पदाधिकारी आरती ठाकुर को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि लाडली फाउंडेशन एवं रेनबो स्टार क्लब बिलासपुर पिछले कई वर्षों से सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय कार्य कर रहे हैं। लाडली फाउंडेशन द्वारा दर्जन गरीब लड़कियों की शादी करवाई जा चुकी है।



सम्मानित करने का दौर।

### भ्रूण हत्या पर महिलाओं को कर रहे जागरूक

**लाडली** फाउंडेशन एवं रेनबो स्टार क्लब द्वारा पिछले कई वर्षों से गांव स्तर पर महिला सशक्तिकरण एवं कन्या भ्रूण हत्या अभियान के तहत महिलाओं को एवं लोगों को जागरूक कर रही है। कोरोना काल में लाडली फाउंडेशन एवं रेनबो स्टार क्लब द्वारा जिला बिलासपुर में निशुल्क मास्क निर्माण केंद्र खोले गए जिसके तहत हजारों मास्क निशुल्क जरूरतमंद लोगों को बांटे गए।



**रोहड़ू।** जुब्बल के शराचली क्षेत्र की ग्राम पंचायत रांवी के पूर्व उपप्रधान देशराज ठाकुर अपने परिवार सहित शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली से प्रभावित होकर भाजपा छोड़ कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए हैं। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने देशराज ठाकुर व उनके परिवार जनों का कांग्रेस पार्टी में विश्वास प्रकट करने के लिए आभार व्यक्त किया है।

**दंगल** | महाराष्ट्र के पहलवान पृथ्वीराज को हराकर नयनादेवी दंगल किया अपने नाम

# मिर्जा पहलवान ने जीती 2.25 लाख की माली

**अनंत ज्ञान, श्रीनयनादेवी**

हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्रीनयनादेवी जी में दो दिवसीय विशाल दंगल बड़ी धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। नयनादेवी का विशाल दंगल में ईरानी पहलवान मिर्जा ने पृथ्वीराज महाराष्ट्र को रोमांचित मुकाबले में हराया।

इस कुश्ती का इनाम 2 लाख 25 हजार रखा गया था। जबकि दूसरी रोमांचित कुश्ती में जस्सा पट्टी ने पुष्पेंद्र आलमगीर को हराया। भूपेंद्र कोहली ने कड़े मुकाबले में भूपेंद्र अजनाला को हराया। यह कुश्ती प्वाइंट पर हुई, इसमें 2 लाख ईनाम दिया गया था। इस कुश्ती प्रतियोगिता में देश और विदेश के पहलवानों ने भाग लिया। बाकी अन्य कुश्तियां 51 हजार, 41 हजार, 31 हजार की अलग से आयोजित करवाई गई। जानकारी देते हुए दंगल कमेटी के प्रधान चंद्रप्रकाश ने बताया कि दो दिवसीय इस दंगल में भंडारा भी लगातार चलता रहा। रात के समय लाइट और साउंड की व्यवस्था भी की गई थी और साथ में ठंडा जल जीरा भी लोगों को पिलाया। उन्होंने कहा कि यह दंगल समस्त नयनादेवी के बाशिंदों, दुकानदारों और स्थानीय लोगों, पुजारी वर्ग के सहयोग से आयोजित किया जाता है।


श्रीनयनादेवी दंगल में विजेता पहलवान को सम्मानित करते हुए मेला कमेटी के सदस्य।

### दंगल में देश-विदेश के पहलवानों ने लिया भाग

**आपको** बता दें कि नयनादेवी का यह विशाल दंगल जिला बिलासपुर का सबसे बड़ा दंगल होता है। इसमें देश और विदेश के पहलवान भाग लेने के लिए पहुंचते हैं और दूर-दूर से लोग इस कुश्ती प्रतियोगिता को देखने के लिए आते हैं।

# इस बार मोदी सरकार की विदाई तय : हरेंद्र शरवाण

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता हरेंद्र शरवाण ने जारी प्रेस बयान के माध्यम से बताया कि पिछले दस साल से केंद्र में शासित मोदी सरकार की विदाई लगभग तय है। उन्होंने बताया कि यह सरकार अपने विकास के काम नहीं गिनवा रही है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करने के बाद तीसरी बार सत्ता हासिल करना चाहती है।

शरवाण ने बताया कि केंद्र सरकार का पिछले दस साल का कार्यकाल महंगाई, बेरोजगारी बढ़ाने वाला और संवैधानिक संस्थाओं को खत्म करने वाला रहा है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार को सत्ता हासिल किए हुए दस साल का समय हो गया है। लेकिन फिर भी सरकार के पास अपने काम गिनवाने को कुछ भी नहीं बचा है। प्रधानमंत्री अनाप-शनाप बयानबाजी कर लोगों को भ्रमित करने का कार्य कर रहे हैं। केंद्र सरकार के पास झूठ और फरेब फैलाने के सिवाय और कोई काम नहीं बचा हुआ है। क्योंकि दस साल से सरकार ने कोई भी ऐसा काम नहीं किया गया है जो उन्हें लोग वोट दे। आज देश में महंगाई बेरोजगारी अपनी चरम सीमा पार कर गई है। इन लोकसभा चुनाव में जनता केंद्र सरकार को जरूर सबक सिखाएगी। हिमाचल में भी कांग्रेस पार्टी चारों लोकसभा सीटें व छह विधानसभा उपचुनाव सीटें जीतेगी। भाजपा के नेता तर्कों पर नहीं अनाप-शनाप बयानबाजी करके लोगों को गुमराह करने का काम करते रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### उपजेल में इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी के जीवन के अधिकार का उल्लंघन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के एक उच्च न्यायालय ने कहा है कि राज्य ने पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी के निजी आवास को उपजेल के रूप में नामित करते हुए उन्हें वहां कैद कर अन्य कैदियों के साथ बातचीत से वंचित कर उनके जीवन के अधिकार का उल्लंघन किया है। शुक्रवार को मीडिया में आई एक खबर में यह बात कही गई है। उनके 71 वर्षीय पति खान को भी यहीं जेल में रखा गया है।

### रूस ने खार्किव में तबाह किया यूक्रेन के हथियारों का डिपो



**मॉस्को।** रूस ने खार्किव और खार्किव क्षेत्र में यूक्रेनी सेना के गोला-बारूद गोदामों पर हमला किया है। मायकोलाइव भूमिगत नेटवर्क समन्वयक सर्गेई लेबेडेव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। लेबेडेव ने कहा कि खार्किव से एक रिपोट के अनुसार शुक्रवार सुबह 03:20 पर खार्किव में विस्फोट हुए।

### मोरक्को की नौसेना ने अटलांटिक तट से 38 प्रवासियों को बचाया

**रबात।** अफ्रीकी देश मोरक्को की नौसेना ने टैन-टैन बंदरगाह के पास अटलांटिक तट से एक नाव से 38 प्रवासियों को बचाया। तटीय निगरानी के प्रभारी मोरक्को की नौसेना इकाई ने टैन-टैन से 38 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में एक अभियान चलाया। इसी दौरान उन्होंने उत्तर-पश्चिमी अफ्रीका के तट से दूर एक स्पेनिश द्वीपसमूह, कैनरी द्वीप की ओर जा रही अस्थायी नाव को रोक लिया। रिपोर्ट के अनुसार, नाव पर सवार उपसहारा देशों के 36 और एशियाई देशों के दो प्रवासियों को प्राथमिक चिकित्सा देखभाल में रखा गया और बाद में सामान्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं के लिए रॉयल जेंडरमेरी को सौंप दिया गया।

### ब्राजील में बारिश से भारी तबाही 107 की मौत, 136 लोग लापता



**ब्राजील।** दक्षिणी ब्राजील में भारी बारिश की वजह से 107 लोगों की मौत हो गई है। 136 लोग अभी लापता हैं, जबकि एक लाख 64 हजार से अधिक लोग विस्थापित हो गए हैं। ब्राजील के दक्षिणी राज्य रियो ग्रांडे डो सुल में आए तूफान ने भारी तबाही मचा रखी है। लोगों को हेलिकॉप्टर की मदद से बचाया जा रहा है। वहीं, आने वाले दिनों में और अधिक बारिश होने की संभावना है।

### कॉलिन मुनरो ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा



**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड के शीर्षक्रम के बल्लेबाज कॉलिन मुनरो ने आगामी टी-20 विश्व कप के लिए टीम में जगह नहीं मिलने के बाद शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। मुनरो ने न्यूजीलैंड के लिए एक टेस्ट, 57 वनडे और 65 टी-20 मैच खेलकर 3010 रन बनाए हैं । टी-20 क्रिकेट में उनका औसत 156.44 रहा। वह उन चुनिंदा खिलाड़ियों में से हैं जिन्होंने सभी टी-20 स्पर्धाओं में मिलकर 10000 से अधिक रन बनाए हैं। उन्होंने 428 टी-20 मैचों में 10961 रन बनाए हैं, जिनमें उनका स्ट्राइक रेट 141.25 रहा।

### मुंबई के कोच बने रहेंगे ओंकार साल्वी संजय पाटिल मुख्य चयनकर्ता

**मुंबई।** ओंकार साल्वी रणजी ट्रॉफी विजेता मुंबई टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे, जबकि संजय पाटिल को राजू कुलकर्णी की जगह चयन समिति का नया प्रमुख चुना गया है। कुलकर्णी अब मुंबई क्रिकेट संघ की क्रिकेट सुधार समिति के प्रमुख होंगे। एमसीए ने 2024-25 के लिए एक घोषणा में कहा कि पाटिल सीनियर पुरुष अंडर-23 चयन समिति के प्रमुख होंगे, जिसमें रवि ठाकरे, जीतेंद्र ठाकरे, किरण पवार और विक्रांत येलिगाति भी शामिल होंगे।

### पहले की तरह नहीं लेकिन कोहली अभी भी जबरदस्त : टॉम मूडी



**धर्मशाला।** आस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला टॉम मूडी का मानना है कि विराट कोहली की भी अपनी सीमाएं हैं, लेकिन भारत के इस स्टार बल्लेबाज ने ट्रेनिंग को लेकर अपनी प्रतिबद्धता के दम पर उसकी भरपाई कर दी है। अपनी दमदार स्लॉग स्वीप के जरिए कोहली बीच के ओवरों में स्पिनरों को बखूबी खेल रहे हैं। वह अब पहले की तरह वाला विराट कोहली नहीं है, लेकिन अब वह 21 साल का भी नहीं है। वह 30 पार है लेकिन अभी भी ऐसा प्रदर्शन लाजवाब है।''

### टीम इंडिया के लिए नए कोच की तलाश शुरू : जय शाह

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के लिए नए कोच की तलाश शुरू हो गई है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड जल्दी ही इसके लिए जरूरी प्रक्रिया शुरू कर सकता है। ऐसा नहीं है कि भारतीय बोर्ड टीम के मौजूदा कोच राहुल द्रविड़ से खफा है या उन्हें हटाना चाहता है, इसीलिए राहुल द्रविड़ के पास भी यह विकल्प रहेगा कि वे अगले कार्यकाल के लिए आवेदन कर सकते हैं। भारतीय टीम के मौजूदा हेड कोच राहुल का कार्यकाल जून में खत्म हो रहा है। द्रविड़ 2021 में पहली बार भारतीय क्रिकेट टीम के कोच बने थे। उन्हें रवि शास्त्री की जगह यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि राहुल द्रविड़ को अगर टी-20 वर्ल्ड कप के बाद भी कोच बने रहना चाहें तो फिर से आवेदन कर सकते हैं।

# परस्पर हितों से तय होंगे भारत और मालदीव के रिश्ते : जयशंकर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर को कूटनीतिक भाषा में बखूबी समझा दिया है कि क्यों दोनों देशों को एक-दूसरे के हितों का ध्यान रखना होगा। मूसा दो दिवसीय दौरे पर नई दिल्ली आए हैं, गुरुवार को उनकी जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता हुई।

दोनों तरफ से बताया गया है कि विदेश मंत्रियों की बैठक में द्विपक्षीय संबंधों के साथ ही क्षेत्रीय मुद्दों पर विस्तार से बात हुई है। बता दें कि मालदीव में सत्ता परिवर्तन के बाद मोहम्मद मुइज्जू की अध्यक्षता में नई सरकार का गठन हुआ है। राष्ट्रपति मुइज्जू चीन समर्थक हैं और सत्ता में आने से पहले से ही वह भारत विरोधी गतिविधियों को हवा देते रहे हैं। उनके सत्ता में आने के बाद चीन की सक्रियता भारत के लिए बेहद अहम इस छोटे से द्वीप देश में बढ़ गई है। विदेश मंत्री जमीर के साथ हुई बैठक को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि बेहद करीबी पड़ोसी होने की वजह से हमारे रिश्तों का विकास आपसी हितों व एक-दूसरे की संवेदनाओं का ख्याल रखने से होगा। जहां तक भारत का सवाल है तो हमारे लिए पड़ोसी प्रथम और सागर (क्षेत्र में सभी की सुरक्षा व संपन्नता) नीति ही आधार है। मुझे उम्मीद है कि आज की बैठक से कई क्षेत्रों में हमें एक-दूसरे के विचारों को समझने का मौका मिलेगा।

### भारत के सभी सैनिक मालदीव छोड़कर गए : मालदीव सरकार



**मालदीव** का कहना है कि भारत के सभी सैनिकों ने इस द्वीप देश को छोड़ दिया है। मालदीव के नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारतीय सैनिकों के देश छोड़ने के लिए समयसीमा तय की थी। मालदीव के मुताबिक भारतीय सैनिकों ने इस समयसीमा के भीतर ही देश छोड़ दिया है। मालदीव के एक अधिकारी के मुताबिक, 27 भारतीय सैनिकों की अंतिम टुकड़ी शुक्रवार को मालदीव से रवाना हो गई है। ये सैनिक भारत की तरफ से मालदीव को तोहफे के रूप में दिए गए तीन टोही विमानों के संचालन के लिए मालदीव में तैनात थे।

### विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट थमी

**नई दिल्ली।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार ने लगातार तीन सप्ताह की गिरावट के बाद फिर से बढ़त दर्ज की है। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक 3 मई को समाप्त सप्ताह में भारत का फॉरेक्स रिजर्व 3.668 अरब डॉलर बढ़कर 641.59 अरब डॉलर हो गया। इससे पहले यानी 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में यह लगातार तीसरे सप्ताह 2.412 बिलियन (अरब) डॉलर घटकर 637.922 बिलियन डॉलर पर आ गया था। अगर तीनों हफ्ते की कुल गिरावट की बात करें तो यह 10.6 अरब डॉलर थी। गौरतलब है कि 5 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में कई हफ्तों की वृद्धि के बाद देश का विदेशी मुद्रा भंडार 648.562 बिलियन डॉलर के ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंच गया था।



# विपक्ष मुझे जिंदा गाड़ना चाहता है जनता मेरा सुरक्षा कवच : मोदी

**एजेंसी, महाराष्ट्र**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि विपक्ष में कुछ लोग उन्हें जिंदा गाड़ना चाहते हैं, लेकिन देश के लोग उनका सुरक्षा कवच हैं। जनता उन पर कोई आंच नहीं आने देगी। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अगुआई वाली शिवसेना (यूबीटी) पर निशाना साधते हुए मोटी ने कहा कि नकली शिवसेना अपने पसंदीदा वोट बैंक को खुश करने के लिए उन्हें इस तरह से गाली देती है।



उत्तर महाराष्ट्र के नंदूरबार में भाजपा की उम्मीदवार हिना गावित के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, यह नकली शिवसेना वाले मुझे जिंदा गाड़ने की बात कर रहे हैं। एक तरफ कांग्रेस है, जो कहती है- मोदी तेरी कब्र खुदेगी... दूसरी तरफ यह नकली शिवसेना है, जो मुझे जिंदा गाड़ने की बात करती है। और मुझे गाली देते हुए भी ये लोग तुष्टिकरण का पूरा ध्यान रखते हैं। उन्होंने कहा, दुख होता है कि बाला साहेब ठाकरे को कितना दुख होता होगा। उनको मैंने करीब से देखा है। अब तो नकली शिवसेना वाले बम धमाके के दोषी को भी अपने प्रचार में ले जाने लगे हैं। मोदी को मुगल बादशाह औरंगजेब की तरह महाराष्ट्र में दफनाने की शिवसेना नेता संजय राउत की कथित टिप्पणी की ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नकली शिवसेना वाले उन्हें जिंदा दफनाने की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां जनता का विश्वास गंवा चुकी हैं और उनकी सियासी जमीन भी खिसक चुकी है।

### पूर्वी यूक्रेन में आगे बढ़ रहा है रूस यूक्रेन का दावा, हमला किया नाकाम



**कीव।** यूक्रेन के सैन्य सूत्रों का कहना है कि रूसी सैनिक बल खार्किव में यूक्रेन के भीतर एक किलोमीटर तक दाखिल हो गए हैं। रूस की तरफ से लगातार हो रही बमबारी की वजह से इस इलाके में खार्किव शहर के पास एक कस्बे से लोगों को बाहर निकाला जा रहा है। टेलीग्राम पर लिखते हुए क्षेत्र के गवर्नर ओलेह साइनेहुवोफ ने यह दावा भी किया है कि रूसी सैन्य बलों ने मोर्चे को तोड़ते हुए आगे बढ़ने की कोशिश भी की है, लेकिन उन्हें पीछे धकेल दिया गया है।

### प्रधानमंत्री नहीं, 21वीं सदी के राजा हैं नरेंद्र मोदी : राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को लखनऊ में राष्ट्रीय संविधान सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने आरक्षण, संविधान, ईडी, सीबीआई पर बोलते हुए पीएम मोदी और बीजेपी को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी 21वीं सदी के राजा हैं, उनको संविधान, कैबिनेट, संसद से कोई मतलब नहीं है। उनके पीछे जो दो-तीन फाइनेंसर हैं, उनके पास पूरी पावर है।

### अक्षय तृतीया पर सोना चांदी की कीमतों में उछाल



**भारतीय** सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना और चांदी महंगा हुआ है। महंगा होने के बाद सोने की कीमत 72 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के पार है। वहीं, चांदी का भाव 82 हजार रुपए प्रति किलो से अधिक है। राष्ट्रीय स्तर पर 999 शुद्धता वाले 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 72633 है, जबकि 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 84152 रुपए है।

### दाभोलकर हत्याकांड के दो दोषियों को उम्रकैद

**नई दिल्ली।** सामाजिक कार्यकर्ता डॉक्टर नरेंद्र दाभोलकर की हत्या का मामला एक बार फिर चर्चा में है। नरेंद्र दाभोलकर महाराष्ट्र में अंधविश्वास के खिलाफ आंदोलन चलाते थे, जिनकी 2013 में हत्या कर दी गई थी। पुणे की एक विशेष अदालत ने आज इस मामले में फैसला सुनाया। पांच आरोपी में से दो को दोषी करार दिया। वहीं, तीन को बरी कर दिया गया है। बता दें, हत्या के मामले को 2014 में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिया गया था। सीबीआई ने आरोपियों के खिलाफ 2016 में आरोप पत्र दायर किया था। डॉ. नरेंद्र दाभोलकर की हत्या के 11 साल बाद पुणे की एक विशेष यूएपीए अदालत ने दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई, जबकि तीन अन्य को बरी कर दिया।

### प्रज्ज्वल के खिलाफ दुष्कर्म का एक और मामला दर्ज

**बेंगलुरु।** जद-एस सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े सेक्स वीडियो घोटाले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने शुक्रवार को आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का एक और मामला दर्ज किया। सूत्रों ने बताया कि छुड़ाई गई महिला, जिसका कथित तौर पर प्रज्ज्वल रेवन्ना के पिता एचडी रेवन्ना ने अपहरण कर लिया था, सीआरपीसी की धारा 164 के तहत न्यायाधीश के समक्ष अदालत में बयान दर्ज कराया है। एसआईटी ने चन्नरायपटना शहर के पास फार्महाउस की स्पॉट जांच भी की है। पीड़िता ने कबूल किया था कि फार्महाउस में काम करने के दौरान प्रज्ज्वल रेवन्ना ने उसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया था। सूत्रों ने बताया कि 62 साल की इस पीड़िता का वीडियो यौन उत्पीड़न की पुष्टि करता है।

### वोटिंग के 48 घंटे के भीतर मतदान डेटा जारी किया जाए

**नई दिल्ली।** एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स एडीआर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके चुनाव आयोग को लोकसभा चुनाव के प्रत्येक चरण की वोटिंग के बाद 48 घंटे के भीतर अपनी वेबसाइट पर मतदान केंद्र-वार पूरा डेटा अपलोड करने का निर्देश देने की मांग की है। एडीआर ने अपनी साल 2019 की जनहित याचिका में एक अंतरिम आवेदन दायर किया है, जिसमें चुनाव आयोग के पैनल को निर्देश देने की मांग की गई है कि सभी मतदान केंद्रों के फॉर्म 17ए भाग- एक के रिकॉर्ड किए गए वोटों की प्रतियां फौरन अपलोड की जाएं।

### तीनों सेनाओं में थिएटर कमांड बनाने का रास्ता साफ

**नई दिल्ली ।** तीनों सेनाओं के सशस्त्र बल कर्मियों के बीच अधिक एकीकरण और एकजुटता की दिशा में एक कदम आगे बढ़ते हुए शुक्रवार को केंद्र सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है, जो आज से ही लागू हो गई है। सैन्य संयुक्तता को सुव्यवस्थित करने के लिए अंतर-सेवा संगठन अधिनियम अधिसूचित होने के बाद अब थिएटर कमांड बनाने का रास्ता साफ हो गया है। यह विधेयक मानसून सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों में पारित किया गया था।

## मिखाइल मिशुस्तिन फिर बने रूस के पीएम



**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पूर्व राष्ट्रपति मिखाइल मिशुस्तिन को पुन: देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया है और उनके नाम को मंजूरी के लिए संसद के निचले सदन के पास भेजा है। रूसी कानून के अनुरूप 58 वर्षीय मिशुस्तिन ने मंगलवार को उस वक्त अपने मंत्रिमंडल का इस्तीफा सौंपा, जब पुतिन ने राष्ट्रपति के तौर पर अपना पांचवां कार्यकाल शुरू किया था। मिशुस्तिन पिछले चार वर्ष से प्रधानमंत्री पद पर थे। हालांकि राजनीतिक जानकारों को मिशुस्तिन के पुन: नियुक्त किए जाने की उम्मीद थी। उनका मानना है कि पुतिन को उनका कौशल और सुर्खियों से दूरी पसंद है। रूस की कर सेवा के पूर्व प्रमुख मिशुस्तिन अपने पिछले कार्यकाल के दौरान राजनीतिक बयानबाजियों से दूर थे और मीडिया में साक्षात्कार भी नहीं देते थे।

### अहमदाबाद स्कूल बम धमकी मामले में पाकिस्तान का कनेक्शन

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच ने छह मई को 38 स्कूलों को मिली बम धमकियों में पाकिस्तानी लिंक का खुलासा किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि इस घटना के तार पाकिस्तान से जुड़े हैं। शहर में दहशत और भय की भावना पैदा करने के लिए एक रूसी सर्वर का इस्तेमाल किया गया था। धमकी भरा मेल रूसी डोमेन से भेजा गया था। सात मई को होने वाले लोकसभा चुनाव से एक दिन पहले (छह मई को) मिले धमकी भरे ईमेल से लोगों में दहशत फैल गई थी।

# शतरंज की ट्रेनिंग भले ही सस्ती दिखे पर खेल काफी महंगा : प्रज्ञानानंदा

**एजेंसी, वारसॉ**

युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने शुक्रवार को शतरंज के लिए मजबूत वित्तीय समर्थन की मांग करते हुए इस अवधारणा को खारिज किया कि इस खेल में ट्रेनिंग के लिए कम वित्तीय राशि की जरूरत होती है।



प्रज्ञानानंदा ने हाल में पहली बार टोरंटो में फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था और वह इस समय ग्रां शतरंज टूर के अंतर्गत रैपिड एवं ब्लिट्ज पोलैंड में खेल रहे हैं। इस 18 साल के खिलाड़ी ने कहा, ''शतरंज की ट्रेनिंग भले ही आसान और सस्ती दिखे, लेकिन इसके लिए यात्रा करना और सामान इकट्ठा करना बहुत ही महंगा होता है। इसलिए मैं अडानी ग्रुप से सहयोग मिलने के लिए उनका आभारी हूं।''

प्रज्ञानानंदा ने पिछले कुछ वर्षों में तेजी से ऊपर की ओर कदम बढ़ाए हैं और इस दौरान मैग्नस कार्लसन सहित कुछ शीर्ष खिलाड़ियों को पराजित किया है। उन्होंने शतरंज के समर्थन के लिए कोरपोरेट जगत को आगे आने की जरूरत पर ध्यान दिलाते हुए कहा,''शीर्ष स्तर के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेना काफी मुश्किल हो सकता है क्योंकि ये काफी मंहगे होते हैं।'' उन्होंने कहा, ''मेरे माता-पिता को वित्तीय परेशानियों का सामना करना पड़ा था, लेकिन मेरा पहला प्रायोजक मिलने के बाद थोड़ी मदद मिली।'' अडानी ग्रुप की एक विज्ञप्ति में प्रज्ञानानंदा ने कहा, ''यह मुश्किल था क्योंकि मेरी बहन भी खेल रही थी और उसे भी टूर्नामेंट के लिए यात्रा करनी पड़ती थी। इसलिए खेलों के लिए कोरपोरेट प्रायोजक काफी जरूरी हैं।''

### ईशान-अय्यर को केंद्रीय अनुबंध से बाहर रखने का फैसला अगरकर का : शाह

**मुंबई।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर रखने का फैसला मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर का था। बीसीसीआई से निर्देश मिलने के बावजूद घरेलू टूर्नामेंट नहीं खेलने पर ईशान और अय्यर को अनुबंध से बाहर रखा गया। ईशान पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद लंबे ब्रेक पर चले गए और आईपीएल में ही लौटे। वहीं अय्यर ने रणजी ट्रॉफी में सेमीफाइनल और फाइनल समेत मुंबई के लिए कुछ मैच खेले। मुंबई टीम जब रणजी खेल रही थी तब अय्यर कोलकाता नाइट राइडर्स के मुंबई शिविर में भाग ले रहे थे।



शाह ने बीसीसीआई कार्यालय पर मीडिया से बातचीत में कहा,''आप संविधान देख सकते हैं। मैं चयन समिति की बैठक बस बुलाता हूं।'' उन्होंने कहा,''वह फैसला अजित अगरकर का था। जब इन दोनों खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट नहीं खेला तो उन्हें बाहर रखने का फैसला अगरकर का ही था। मेरा काम बस उस पर अमल करने का है। हमें संजू सैमसन जैसा अच्छा खिलाड़ी मिल गया। कोई भी अपरिहार्य नहीं है।''

# सत्र के अंत में संन्यास लेंगे पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन डोमिनिक थिएम

**एजेंसी, लंदन**



पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन डोमिनिक थिएम कलाई की चोट के बाद शीर्ष फॉर्म में वापसी करने में जूझ रहे हैं, जिससे उनकी योजना इस साल के अंत में टेनिस को अलविदा कहने की है। थिएम ने 'इंस्टाग्राम' पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, ''मैं सत्र के अंत में अपना करियर समाप्त करने वाला हूं।'' उन्होंने इस संदेश को बहुत दुखद के साथ बहुत खूबसूरत भी करार दिया। आस्ट्रिया के 30 साल के खिलाड़ी ने 2020 में फ्लशिंग मिडोज में अपना एकमात्र ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। वह 2018 और 2019 फ्रेंच ओपन तथा 2020 आस्ट्रेलियाई ओपन में उपविजेता रहे थे। वह 2020 में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग पर पहुंचे थे और जून 2021 में कलाई की चोट से पहले शीर्ष पांच में शामिल रहे थे। इस चोट के कारण वह नौ महीनों तक खेल से बाहर रहे। थिएम ने कुल 17 खिताब जीते हैं।

### एशियाई टीम स्क्वाश चैंपियनशिप
## सेंथिलकुमार, रथिका करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई

**नई दिल्ली।** मौजूदा पुरुष राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार और महिला खिलाड़ी रथिका सीलन 12 से 16 जून से चीन के डालियान में होने वाली 22वीं एशियाई टीम स्क्वाश चैंपियनशिप में भारतीय दल की अगुवाई करेंगी। चेन्नई में चयन ट्रायल कराने के बाद भारतीय स्क्वाश रैकेट्स महासंघ (एसआरएफआई) ने शुक्रवार को टीमों की घोषणा की। पुरुष टीम के अन्य खिलाड़ी 2023 राष्ट्रीय खेलों के चैंपियन अभय सिंह, राहुल भाटिया और सूरज चंद हैं। महिला टीम में पूजा आरती आर, सुनिता पटेल और जैनेट विधि शामिल हैं। हांग्झोउ में पिछले एशियाई खेलों में भारत ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद पांच पदक जीते थे।

## आईपीएल-2024 केकेआर की नजरें ईडन से प्लेऑफ का टिकट कटाने पर जमीं

# प्रतिष्ठा के लिए खेलेगी मुंबई इंडियंस

**एजेंसी, कोलकाता**

शानदार फॉर्म में चल रही दो बार की पूर्व चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स शनिवार को अपने मैदान पर इस सत्र के आखिरी मैच में मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य ईडन गार्डंस पर ही तीन साल में पहली बार आईपीएल प्लेआफ का टिकट कटाने का होगा।

दो बार के खिताब विजेता कप्तान गौतम गंभीर की टीम मेंटोर के रूप में वापसी के बाद केकेआर ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। अब तक 11 मैचों में से आठ जीतकर दस टीमों शीर्ष पर काबिज केकेआर को प्लेआफ का टिकट कटाने के लिए एक और जीत की जरूरत है । शाहरुख खान की टीम अपने गढ़ ईडन गार्डंस पर ही यह श्रेय हासिल करना चाहेगी। सुनील नारायण को दुनिया के दूसरे नंबर के टी-20 बल्लेबाज फिल साल्ट के साथ पारी की शुरूआत करने भेजने का गंभीर का दाव मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ है।

इन दोनों के शानदार फॉर्म के कारण आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह जैसे फिनिशरों को ज्यादा मौके नहीं मिले। इन दोनों की बल्लेबाजी ने गेंदबाजों खासकर मिचेल स्टार्क के खराब फॉर्म की भी भरपाई कर दी है। तीसरे नंबर



पर युवा अंगकृष रघुवंशी ने अपनी उपयोगिता साबित की है।

वहीं पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस हार्दिक पांड्या की कप्तानी में इस सत्र से बाहर होने वाली पहली टीम रही। पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को हराने वाली मुंबई अब प्रतिष्ठा के लिए खेल रही है। सूर्यकुमार ने पिछले दो मैचों में 56 और नाबाद 102 रन बनाये हैं जो टी-20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम के लिए अच्छा संकेत है। प्रशंसकों को रोहित शर्मा और पंड्या से भी अच्छी पारियों की उम्मीद होगी।

### संभावित टीमें

**मुंबई इंडियंस**

हार्दिक पांड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएट्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, इशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, हार्विक देसाई (विकेटकीपर), नेहल वढेरा और ल्यूक वुड।

**कोलकाता नाइट राइडर्स**

श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नीतिश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंथा चमीरा, साकिब हुसैन, मुजीब उर रहमान, गट एटिकिंसन, अल्लाह गजनफर, फिल साल्ट।

### चीन के खिलाड़ियों को फिटनेस और रणनीति बेहतर करनी होगी : मनिका

**नई दिल्ली।** डब्ल्यूडब्ल्यूटी (विश्व टेबल टेनिस) टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बनने वाली मनिका बत्रा ने कहा कि विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज खिलाड़ियों को लगातार हराने के लिए उन्हें रणनीति और फिटनेस के मोर्चे पर बेहतर होना होगा। सउदी अरब में खेले गए ग्रैंड स्मैश के क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय करने वाली मनिका ने दूसरे दौर में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग मान्यु को शिकस्त दी थी। उन्होंने ने इसके बाद जर्मनी की नीना मिट्टेलहम को मात दी थी। वान्यु 2021 में महिला एकल की विश्व चैंपियन रहने के साथ टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता है। टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में जापान की हिना हयाता से 1-4 से हारकर उनका सफर समाप्त हो गया।

इस 28 साल की खिलाड़ी ने सऊदी अरब में सफल प्रदर्शन के बाद 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि एक सप्ताह तक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने से उन्हें इस बात का अच्छा अंदाजा हो गया है कि पेरिस ओलंपिक से पहले उन्हें कहां सुधार करने की जरूरत है। पिछले महीने मकाऊ विश्व कप में वांग से मिली करारी शिकस्त का बदला पूरा करने वाली मनिका ने मुस्कुराते हुए कहा, '' मैं वास्तव में खुश हूं। मुझे उसे हराने में बहुत मजा आया।'' उस हार के बाद कोच अमन बालगु के साथ विशेष योजना बनाने से मनिका को ऐतिहासिक जीत दर्ज करने में मदद मिली।